दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शुक्रवार 15 मार्च 2024, वर्ष-9 अंक- 344 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

इसे ही कहते है घर में भूंजी भांग नहीं और चले है भंडारा करने। शिवसेना उद्धव गुट को नेता उद्धव ठाकरे ने केन्द्रीय मंत्री नीतिन गडकरी हो अपनी पार्टी में शामिल होने का आमंत्रण दिया था। उन्होंने दावा किया कि महाअघाड़ी गठबंधन गडकरी को लोकसभा चुनाव में विजयी बनाकर संसद भेजेगा। उद्धव ठाकरे की पार्टी का ही ठिकाना नहीं है। महाअघाड़ी की गाड़ी भी घिसट रही है। उनके इस बचकाने प्रस्ताव पर गडकरी ने सही कहा है कि उद्धव ठाकरे का प्रस्ताव हास्यास्पद है। लगता है अन्य विपक्षी नेताओं की तरह उद्धव ठाकरे का भी मानसिक संतुलन गड़बड़ा रहा है।

'खेल' में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 133 'रत्न'

411 खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि भी, शहीद परिवार को सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के खेल रत्नों को विलंब से ही सहीं लेकिन सम्मान आखिरकार मिल ही गया। चार साल बाद आज विलंब से ही सहीं आखिरकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 133 खेल रत्नों और शहीद परिवारों को सम्मानित किया गया। खिलाड़यों को ईनामी राशि भी दी गई।

रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 4 साल बाद स्टेट लेवल अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया है। अलग-अलग स्पोर्ट्स इवेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 133 खिलाड़ियों को सम्मानित किया जा रहा है। 411 खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि भी मिलेगी। सम्मानित हुई छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाएं गरिमामय कार्यक्रम के दौरान सराही गई। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

31 खेलो इंडिया सेंटर शुरु

राज्य के नारायणपुर जिले में मलखम्भ, बीजापुर, दंतेवाड़ा, महासमुंद और बिलासपुर के शिवतराई में तीरंदाजी, गरियाबंद में वॉलीबॉल, सरगुजा, बलौदाबाजार, सुकमा, बलरामपुर, कोरबा, सूरजपुर, मुंगेली, सारंगढ़-बिलाईगढ़ और सक्ती में फुटबॉल, जशपुर, राजनांदगांव, जांजगीर-चांपा और बस्तर में हॉकी, बालोद और रायपुर में वेटलिफ्टिंग, कबीरधाम, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, बेमेतरा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शहीदों के परिजनों का अभिनंदन

कार्यक्रम के दौरान शहीदों के परिजन भी मौजूद रहे। इस दौरान सीएम साय और डॉ रमन सिंह ने शहीद विनोद चौबे की पत्नी रंजना चौबे और शहीद कौशल यादव की मां को सम्मानित किया।

14वें, 15वें वित्त आयोग से 8 निकायों के लिए 4.84 करोड़ की मंजूरी

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के आठ नगरीय निकायों के लिए 14वें एवं 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत कुल 4 करोड़ 83 लाख 81 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। इनमें 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत सात नगरीय निकायों के लिए कुल चार करोड़ 79 लाख 68 हजार रुपए और 14वें वित्त आयोग के तहत सारंगढ़ नगर पालिका के लिए चार लाख 13 हजार रुपए की राशि शामिल हैं। नगरीय निकायों में विकास कार्यों में तेजी लाने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कार से मिली लाखों की नगदी

रायपुर/नवप्रदेश। क्राईम एण्ड साईबर यूनिट और मंदिर हसौद थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 18 लाख रुपये नगदी रकम जप्त की है। आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए वाहनों की आकस्मिक चेकिंग की गई। जांच के दौरान थाना मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत स्थित टोल नाका के पास 18,62,200/- रूपये जप्त किया गया। थाना मंदिर हसौद में धारा 102 के तहत जप्ती कार्रवाई की गई है। जानकारी के मुताबिक आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

महालक्ष्मी योजना महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और समृद्धि की गारंटी : राहुल

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के गरीब परिवारों की महिलाओं को हर साल एक लाख रुपए देने के ऐलान को क्रांतिकारी पहल करार देते हुए कहा है कि इसमें महालक्ष्मी योजना की घोषणा कर देश की महिलाओं की सुरक्षा सम्मान और समृद्धि की गारंटी सुनिश्चित की गई है। गांधी ने आज ट्वीट कर कहा, महालक्ष्मी सिर्फ एक योजना नहीं है बल्कि आधी आबादी के बेहतर स्वास्थ्य, सुरक्षा, सम्मान और समृद्धि की गारंटी है।

पुलिस कॉलोनी हत्याकांड का खुलासा, प्रेमी निकला कातिल

रायपुर/नवप्रदेश। थाना विधानसभा क्षेत्र के आमासिवनी में पुलिस कॉलोनी में घुसकर जॉली सिंह की हत्या की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी उत्तर-प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस कॉलोनी हत्याकांड का खुलासा हो गया है मृतिका का प्रेमी ही उसका निकला कातिल निकला। थाना विधानसभा क्षेत्रांतर्गत पुलिस हाउसिंग बोर्ड आमासिवनी स्थित मकान में दिया था हत्या की घटना को अंजाम। आरोपी मूलतः भदोही (यूपी) का है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए नाम तय

नई दिल्ली, (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में चुनाव आयोग में खाली आयुक्तों के दो पदों के लिए आज यहां प्रधानमंत्री निवास में एक महत्वपूर्ण बैठक में दो नामों पर सहमति कायम हो गयी है और जल्द ही उनकी नियुक्ति के औपचारिक आदेश जारी हो जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री के अलावा गृह मंत्री अमित शाह एवं लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी इस बैठक में उपस्थित थे।

बैठक के बाद चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत में जानकारी दी कि समिति में सरकार के पास बहुमत है और पंजाब से श्री सुखबीर सिंह संधू और केरल से श्री ज्ञानेश कुमार गुप्ता को चुनाव आयुक्त के रूप में चुना गया है। इनके नियुक्ति के आदेश शीघ्र ही जारी किये जाने की संभावना है।

एक देश एक चुनाव, रिपोर्ट राष्ट्रपति को

- लोकसभा और विधानसभा चुनाव दो चरणों में होने की संभावना

नई दिल्ली, (वार्ता)। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने एक देश एक चुनाव रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी है। यह रिपोर्ट लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले आने के कारण महत्वपूर्ण हो गई है। चुनाव आयोग ने कुछ महीने पहले ही साफ कर दिया था कि इस बार एक साथ चुनाव नहीं हो सकते।

इस रिपोर्ट में राज्य और राष्ट्रीय चुनाव एक साथ कराने का प्रस्ताव है। केंद्र सरकार ने नतीजे, उसकी तैयारी, किए जाने वाले बदलाव आदि पर सुझाव देने के लिए रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया था। समिति ने इसका अध्ययन किया और आज अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप दी। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे।

समिति में अमित शाह, राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आज़ाद, 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एनके सिंह और पूर्व लोकसभा महासचिव सुभाष सी शामिल हैं। कश्यप समेत अन्य शामिल थे। इस रिपोर्ट के लिए समिति ने विभिन्न दलों, विशेषज्ञों, पूर्व चुनाव आयुक्तों आदि से व्यापक विचार-विमर्श किया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

18,626 पेज की लंबी रिपोर्ट

एक देश एक चुनाव रिपोर्ट 18,626 पेज लंबी है। इस कमेटी का गठन सितंबर की शुरुआत में किया गया था। यह रिपोर्ट 191 दिनों के विचार-विमर्श के बाद प्रस्तुत की गई है। समिति ने 2029 में एक साथ चुनाव कराने का सुझाव दिया है। इसके लिए प्रक्रिया और लॉजिस्टिक्स पर भी चर्चा करने को कहा। समिति ने देश में संयुक्त चुनाव कराने के लिए दो चरणों का सुझाव दिया है। पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने की सिफारिश की गई है। दूसरे चरण में यह भी सुझाव दिया गया है कि 100 दिनों के भीतर स्थानीय स्वशासन के चुनाव कराये जायें।

दिल्ली में आवासीय इमारत में आग लगी, दम घुटने से चार की मौत

नई दिल्ली, (वार्ता)। राष्ट्रीय राजधानी में शाहदरा के शास्त्री नगर इलाके में गुरुवार तड़के एक आवासीय इमारत में भीषण आग लगने से दो बच्चों समेत चार लोगों की मौत हो गयी।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक शास्त्री नगर स्थित आवासीय इमारत में आग लगने की सूचना सुबह लगभग 5.30 बजे गीता कॉलोनी पुलिस थाने को मिली। दिल्ली अग्निशमनकर्मी चार दमकलों के साथ मौके पर पहुंचे। एंबूलेंस और पुलिस की पीसीआर वैन को घटनास्थल पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि आग चार मंजिला आवासीय इमारत में लगी, जिसके भूतल पर कार पार्किंग की सुविधा है। आग पार्किंग स्थल से शुरू हुई और धुआं पूरी इमारत में फैल गया।

हड़ताल से पहले कर्मचारी रख सकेंगे कमेटी के सामने बात

- कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए 4 सदस्यी समिति गठित

रायपुर/नवप्रदेश। संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं पर गंभीरता से समय पर समाधान चाहते हैं। नतीजतन सरकारी कर्मचारियों की मांगों पर विचार और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार ने कमेटी बनाने का ऐलान किया है। यह कमेटी 4 सदस्यीय होगी जो प्रमुख सचिव निहारिका बारिश की अध्यक्षता में बनाई गई है।

तत्संबंध में शासकीय आदेश भी जारी कर दिया गया है जिसमें चार सदस्यीय कमेटी में कौन होगा इसे भी दर्शाया गया है। अब वह दिन दूर नहीं जब अपनी मांगों, समस्याओं और व्यावहारिक दिक्कतों की पूर्ति के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अजित गुट प्रचार सामग्री में शरद की तस्वीर का नहीं कर सकेंगे इस्तेमाल

नई दिल्ली, (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अजीत पवार गुट से यह हलफनामा देने को कहा कि वह लोकसभा या विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान किसी भी प्रचार सामग्री पर शरद पवार की तस्वीर का इस्तेमाल नहीं करेगा।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और के वी विश्वनाथन की पीठ ने अजित पवार समूह की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह से कई सवाल पूछे और तस्वीर इस्तेमाल के मामले में शनिवार को हलफनामा देने का निर्देश दिया।

भारत में घटी लैंगिक असमानता

- 2022 में भारत 14 पायदान पर था, अब 108 वें स्थान पर पहुंचा

नई दिल्ली, (वार्ता)। देश में लैंगिक असमानता में गिरावट आ रही है और वैश्विक लैंगिक असमानता सूचकांक 2022 में भारत 14 पायदान की छलांग लगा कर 108 वें स्थान पर आ गया है।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यहां बताया कि संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम- यूएनडीपी की एक रिपोर्ट मानव विकास रिपोर्ट 2023- 2024 के सूचकांक में भारत में लैंगिक असमानता में गिरावट दर्शायी गयी है। यूएनडीपी ने लैंगिक असमानता सूचकांक 2022 जारी की है।

रिपोर्ट के अनुसार लैंगिक असमानता सूचकांक (जीआईआई) 2022 में भारत 0.437 स्कोर के साथ 193 देशों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ये है रिपोर्ट

मंत्रालय ने कहा है कि यह जीआईआई 2021 की तुलना में जीआईआई 2022 में 14 पायदान की महत्वपूर्ण छलांग दर्शाता है। पिछले 10 वर्षों में, जीआईआई में भारत की वरीयता लगातार बेहतर हुई है, जो देश में लैंगिक समानता हासिल करने में प्रगतिशील सुधार का संकेत देती है। वर्ष 2014 में यह रैंक 127 थी, जो अब 108 हो गई है।

सीएए लाकर घुसपैठियों को अवसर दे रही केंद्र सरकार : केजरीवाल

नई दिल्ली, (वार्ता)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को कहा कि जो अवैध घुसपैठिए देश में आने से डरते थे लेकिन केंद्र सरकार नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) कानून बनाकर उनको भारत में आने को वैध बना रही है।

केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन कर यह समझाया कि कैसे सीएए देश के लिए बेहद खतरनाक है, इसे वापस लिया जाना चाहिए। इस पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अपना बयान जारी किया है। केजरीवाल ने केंद्रीय गृहमंत्री के बयान का जवाब देते हुए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देश का अधिकार मारकर दूसरों को दे रहे हैं अवसर

उन्होंने कहा, हमारे देश में 2014 के पहले भी इन देशों से लोग आए थे, अभी तक हमारे देश में उनको कोई अधिकार नहीं मिला है। अब उनको भारत की नागरिकता देकर उनको सरकारी नौकरियां दी जाएंगी। अब आपकी सरकार पाकिस्तान से आए घुसपैठियों को सरकारी नौकरियां देगी। उनके राशन कार्ड बनाएंगी। आप हमारे देश के लोगों के अधिकार मारकर पाकिस्तान-अफगानिस्तान और बांग्लादेश के लोगों को अधिकार दे रहे हैं।

देश में 18 ओटीटी प्लेटफार्म, 19 वेबसाइट, 10 एप पर प्रतिबंध

नई दिल्ली, (वार्ता)। केन्द्र सरकार ने देश में अश्लील सामग्री का प्रसारण करने वाले 18 ओटीटी प्लेटफार्मों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने गुरुवार को एक आदेश जारी कर कहा कि इन प्लेटफार्म के साथ-साथ 19 वेबसाइटों, 10 ऐप जिनमें से सात गुगल प्ले स्टोर पर और तीन एप्पल ऐप स्टोर पर हैं। इनसे जुड़े 57 सोशल मीडिया अकाउंट पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने 'रचनात्मक अभिव्यक्ति' की आड़ में अश्लीलता और दुर्व्यवहार का प्रचार न करने के लिए प्लेटफार्मों की जिम्मेदारी पर बार-बार जोर दिया है। उन्होंने मंगलवार को घोषणा की थी कि अश्लील सामग्री प्रसारित करने वाले 18 ओटीटी प्लेटफार्मों को ब्लॉक किया जा रहा है। यह निर्णय सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों, मीडिया, मनोरंजन, महिला अधिकारों और बाल अधिकारों के क्षेत्र में विशेषज्ञों के परामर्श से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के प्रावधानों के तहत लिया गया है।

गरमा-गरम

सियासत विवाद... बीजेपी के चार तल्ख़ कार्टून सोशल मीडिया में हो रहे वायरल, वरिष्ठों पर सीधा हमला बोल रहे

बीजेपी की नजर में कांग्रेस 'कार्टून', नाराज कांग्रेस सिर्फ बयानवीर

रायपुर/नवप्रदेश। कार्टून कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवारों से जुड़े हुए हैं। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है। कांग्रेस के खिलाफ बीजेपी आक्रामक होती जा रही है। सोशल मीडिया पर एक के बाद एक कार्टून वार किए जा रहे हैं। सांसद संतोष पांडे धर्मांतरण के खिलाफ खूब अभियान चलाते रहे हैं और कांग्रेस पर हमेशा से भाजपा जिहाद और धर्मांतरण का आरोप लगाती है, इस चुनाव में ये मुद्दे इस लोकसभा सीट पर हावी रहेंगे। बीजेपी द्वारा जारी कार्टून कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवारों से जुड़े हुए हैं। इन्हें लेकर भाजपा बेहद तीखी टिप्पणी कर रही है, जो कांग्रेस को रास नहीं आ रही।

अब नया कार्टून विकास उपाध्याय का जारी किया गया है। इशारों-इशारों में कांग्रेस के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय को लेकर सोशल मीडिया पर बड़े आरोप मढ़ दिए हैं। इससे पहले भाजपा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री शिव डहरिया और कोरबा से सांसद ज्योत्सना महंत को लेकर भी कार्टून जारी कर चुकी है। नए कार्टून में रायपुर लिखे बोर्ड की ओर कांग्रेस नेता को जाते दिखाया गया है। पीछे गांजा, शराब, सट्टा, वसूली लिखे हुए लोगों को रायपुर की ओर जाते दिखाया गया है। इस कार्टून के कैप्शन में लिखा गया है- रायपुर वासी सावधान! इस 'विकास' के साथ 'विनाश' आता है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बीजेपी के सभी कार्टून, हार का फ्रस्ट्रेशन है : कांग्रेस

कांग्रेस प्रवक्ता सुशील आंनद शुक्ला का कहना है कि भाजपा नरेंद्र मोदी सरकार की नाकामियों को छुपाने के लिए स्तरहीन राजनीति कर रही है। राजनांदगांव को लेकर भी कहा गया जबकि वो तो, बौध, सिख, मां बमलेश्वरी धाम की धरती है। ऐसी धरती को लेकर भाजपा की ओर से जारी किया गया कार्टून पूरे राजनांदगांव की जनता का अपमान है। हमारे नेताओं को लेकर अनाप-शनाप टिप्पणी कर रही है। महिला सांसद ज्योत्सना महंत को लेकर ऐसी बातें कही गई हैं

रामलीला मैदान में किसानों की महापंचायत, मध्य दिल्ली में पुलिस मुस्तैद

● यातायात पर पड़ सकता है असर

नयी दिल्ली। किसानों ने राष्ट्रीय राजधानी के रामलीला मैदान में बृहस्पतिवार को 'किसान मजदूर महापंचायत' का आह्वान किया है जिसके मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी है और वाहनों की जांच के लिए भारी बल तैनात किया है.

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के कारण दिल्ली के मध्य हिस्से में यातायात प्रभावित हो सकता है. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. पुलिस ने यात्रा परामर्श जारी कर लोगों को मध्य दिल्ली की ओर जाने वाली सड़कों से बचने का सुझाव दिया है. अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली की सीमाओं पर तैनात अर्द्धसैनिक बलों के जवानों की संख्या भी बढ़ा दी गई है. किसानों को अपने ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ राजधानी में प्रवेश नहीं करने को कहा गया है. दिल्ली पुलिस ने किसानों को इस शर्त पर महापंचायत की अनुमति दी है कि इसमें 5000 से अधिक लोग इकट्ठा नहीं होंगे, कोई ट्रैक्टर-ट्रॉली नहीं लाई जाएगी और रामलीला मैदान तक कोई मार्च नहीं निकाला जाएगा. तीन केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली की सीमाओं पर 2020-21 में हुए किसान आंदोलन का नेतृत्व करने वाले संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने कहा है कि वह रामलीला मैदान में 'किसान मजदूर महापंचायत' आयोजित करेगा, जिसमें सरकार की नीतियों के खिलाफ 'लड़ाई तेज करने' का प्रस्ताव पारित किया जाएगा.

एसकेएम ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि दिल्ली पुलिस ने उसे 14 मार्च को रामलीला मैदान में महापंचायत आयोजित करने तथा दिल्ली नगर निगम प्रशासन के सहयोग से पार्किंग स्थल और पानी, शौचालय व एम्बुलेंस जैसी अन्य बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया है. पुलिस उपायुक्त (मध्य) एम. हर्ष वर्धन ने बताया कि पांच हजार से अधिक लोगों के न जुटने की शर्त पर महापंचायत की अनुमति दी गई है.

न्यूज गैलरी

पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर

पुणे। पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल को बुखार और सीने में संक्रमण की शिकायत के बाद महाराष्ट्र में पुणे शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर है. अस्पताल के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी. उनकी हालत स्थिर है.

उनका उपचार किया जा रहा है और वह चिकित्सकों की निगरानी में हैं.'' पाटिल भारत की पहली महिला राष्ट्रपति थीं. उन्होंने 2007 से 2012 तक शीर्ष संवैधानिक पद पर सेवाएं दीं.

महंगाई और भाजपा बने एक दूसरे के पर्याय: अखिलेश

लखनऊ (वार्ता)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा जबसे भाजपा सरकार सत्ता पर काबिज हुई है जनता तबसे मंहगाई की मार से बुरी तरह उत्पीड़ित हुई है। एक तरह से मंहगाई और भाजपा दोनों एक दूसरे के पर्यायवाची बन गए हैं। श्री यादव ने कहा कि डीजल-पेट्रोल-बिजली से लेकर जनसामान्य के उपयोग में आने वाली सभी चीजें मंहगी हो गई हैं। इन दिनों जब रमजान का पवित्र माह चल रहा है और नवरात्र व्रत शुरू होने वाले है मंहगाई के असर से लोग विचलित होने लगे है।

कार ने पैदल यात्रियों को टक्कर मारी, महिला की मौत, 6 घायल

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली में बुधवार को कथित तौर पर लापरवाही से चलाए जा रहे एक वाहन की चपेट में आने से 22 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई, जबकि बच्चों सहित छह अन्य घायल हो गए. यह जानकारी पुलिस ने दी. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना रात करीब साढ़े नौ बजे गाजीपुर इलाके में हुई, जिसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची. अधिकारी ने बताया कि कुल सात घायलों को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें पांच महिलाएं भी शामिल हैं. इनमें गाजियाबाद के हयात नगर स्थित पाता खोड़ा कॉलोनी की रहने वाली सीता देवी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. कार चालक भी घायल हो गया, उसका इलाज चल रहा है. अधिकारी ने कहा, संदिग्ध पुलिस हिरासत में है. उन्होंने कहा कि कानूनी कार्रवाई की जा रही है.

जीप खाई में गिरी, 7 की मौत

काठमांडू (वार्ता)। नेपाल के उदयपुर जिले में गुरुवार सुबह एक जीप के राजमार्ग से फिसल कर खाई में गिर जाने से एक नवजात सहित सात लोगों की मौत हो गई और अन्य कई घायल हो गये। जिले के पुलिस प्रवक्ता रोशन थापा ने बताया, ÷हमने जीप में सवार 16 में से नौ लोगों को बचा लिया है जिनको अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पुलिस को आशंका है कि क्षमता से अधिक यात्रियों को जीप में ले जाने और ढलानदार सड़क होने के कारण यह दुर्घटना घटी होगी।

मजिस्ट्रेट अदालत की ओर से जारी समन के खिलाफ केजरीवाल ने खटखटाया सत्र अदालत का दरवाजा

● ईडी ने दर्ज कराई थी शिकायत

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को कथित शराब नीति घोटाला मामले में ईडी की शिकायत पर मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा उन्हें जारी समन को चुनौती देते हुए सत्र अदालत का रुख किया. ईडी ने शिकायत की थी कि सीएम केजरीवाल ने अब रद्द की गई नीति से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए एजेंसी के समन का पालन नहीं किया.

राउज एवेन्यू कोर्ट की अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) दिव्या मल्होत्रा ने 7 मार्च को ईडी की शिकायत पर सीएम केजरीवाल को दूसरा समन जारी किया था. एसीएमएम मल्होत्रा ने मामले को 16 मार्च को सुनवाई के लिए रखा था.

सीएम केजरीवाल का आवेदन आज दिन में राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश राकेश सयाल के समक्ष आने की संभावना है. एसीएमएम ने 17 फरवरी को इसी मुद्दे पर ईडी द्वारा दायर पहली शिकायत के संबंध में सीएम को खुद की उपस्थिति से एक दिन की छूट दी थी. एक सूत्र ने कहा, ईडी की दूसरी शिकायत केजरीवाल द्वारा समन संख्या 4 से 8 का पालन नहीं करने से संबंधित है.

इसके पहले आप संयोजक ने वित्तीय जांच एजेंसी से उत्पाद शुल्क नीति मामले पर पूछताछ के लिए 12 मार्च के बाद की तारीख देने का अनुरोध किया था. उनकी प्रतिक्रिया तब आई थी, जब ईडी ने उन्हें 27 फरवरी को आठवीं बार समन जारी किया था और 4 मार्च को उसके सामने पेश होने के लिए कहा था. एसीएमएम मल्होत्रा ने 7 फरवरी को पहली शिकायत पर संज्ञान लेते हुए कहा था,..उन्हें 17 फरवरी को पेश होने के लिए समन जारी किया जा रहा है. ईडी ने 31 जनवरी को सीएम केजरीवाल को पांचवीं बार समन जारी किया और उन्हें 2 फरवरी को उसके सामने पेश होने के लिए कहा गया. वित्तीय जांच एजेंसी की शिकायत में आरोप लगाया गया कि सीएम जानबूझकर समन का पालन नहीं करना चाहते.

एजेंसी ने कहा था, अगर उनके जैसे उच्च पदों पर बैठे लोग कानून का पालन नहीं करेंगे, तो आम आदमी के लिए एक गलत उदाहरण स्थापित होगा. ईडी ने 13 जनवरी को सीएम केजरीवाल को चौथी बार समन जारी कर 18 जनवरी को उसके समक्ष पेश होने को कहा था.

अगर विपक्षी गठबंधन इंडिया सत्ता में आया तो यह किसानों की आवाज बनेगा: राहुल

नासिक। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) अगर सत्ता में आता है तो वह किसानों की आवाज़ बनेगा और ऐसी नीतियां बनाएगा जो उनकी सुरक्षा कर सकें.

वह कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत के साथ महाराष्ट्र के नासिक जिले के चंदवाड में एक किसान रैली को संबोधित कर रहे थे. गांधी ने कहा, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की सरकार किसानों की आवाज बनेगी और उनके हितों की रक्षा के लिए काम करेगी. उन्होंने किसानों के लिए ऋण माफी, किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए फसल बीमा योजना के पुनर्गठन, निर्यात आयात नीतियों के निर्माण में फसल की कीमतों की रक्षा करने और कृषि को जीएसटी से बाहर करने की कोशिश और सिर्फ एक कर पर काम करने वादा किया. वायनाड से लोकसभा सदस्य राहुल गांधी ने स्वामीनाथन समिति की रिपोर्ट के अनुसार, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी देने के कांग्रेस के वादे को भी दोहराया.

हेमंत की शिकायत पर ईडी के एडिशनल डायरेक्टर सहित अन्य को समन

रांची। झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ओर से एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज कराई गई एफआईआर पर रांची पुलिस ने ईडी के एडिशनल डायरेक्टर कपिल राज, देवव्रत झा, अनुपम कुमार एवं अमन पटेल को समन भेजा है.

पुलिस ने इन्हें सीआरपीसी की धारा 41ए के तहत भेजे गए समन में 21 मार्च को उपस्थित होकर पक्ष रखने को कहा है. उल्लेखनीय है कि हेमंत सोरेन की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर के मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने ईडी के अफसरों को राहत दे रखी है. हाईकोर्ट ने विगत 4 मार्च को ईडी अफसरों की याचिका पर सुनवाई के बाद उनके खिलाफ किसी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है. बता दें कि हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी के कुछ घंटे पहले बीते 31 जनवरी को रांची के एसटी- एससी थाना में आवेदन देकर ईडी के अफसरों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी. इसमें उन्होंने लिखा था कि जब वह 30 जनवरी को नई दिल्ली से रांची लौटे तो मीडिया में आई खबरों से जानकारी मिली कि नई दिल्ली में झारखंड भवन और शांति निकेतन स्थित आवास पर उनकी अनुपस्थिति में प्रवर्तन निदेशालय के अफसरों ने सर्च ऑपरेशन चलाया था. उन्होंने आरोप लगाया था कि 29 जनवरी को उनके दिल्ली स्थित आवास की ईडी अफसरों द्वारा जिस तरह तलाशी ली गई और जिस तरह उनके खिलाफ दुष्प्रचार किया गया, वह अपमानजनक है. सोरेन ने कहा था कि वे अनुसूचित जनजाति से आते हैं. ईडी का ऑपरेशन उन्हें और उनके पूरे समुदाय को अपमानित करने वाला है.

सुधा मूर्ति ने ली राज्यसभा सदस्यता की शपथ, राष्ट्रपति ने की हैं मनोनीत

नई दिल्ली। मशहूर बिजनेसमैन और इंफोसिस के को-फाउंडर नारायण मूर्ति की पत्नी सुधा मूर्ति को राष्टपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्य सभा के लिए मनोनीत किया है. मूर्ति ने आज भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मौजूदगी में राज्यसभा सदस्य की शपथ ली. इस दौरान उनके पति नारायण मूर्ति ,केंद्रीय मंत्री पियूष गोयल मौजूद थे.बता दे कि, सुधा मूर्ति इंफोसिस फाउंडेशन की अध्यक्ष होने के साथ-साथ एक टीचर और राइटर भी हैं. उन्होंने कई किताबें लिखी हैं. उनका जन्म 19 अगस्त 1950 को शिगांव में हुआ. उन्होंने इनफोसिस के को-फाउंडर नारायण मूर्ति से साल 1978 में शादी की. उनकी एक बेटी अक्षरा मूर्ति हैं जो ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पत्नी हैं. सुधा मूर्ति के बेटे का नाम रोहन मूर्ति है।

कौन हैं बाबुन बनर्जी? दीदी ममता बनर्जी से है 36 का आंकड़ा

कोलकाता। आगामी लोकसभा चुनावों के लिए टीएमसी की हावड़ा सीट के उम्मीदवार प्रसून बनर्जी पर नाराजगी जताने के बाद बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने छोटे भाई बाबुन बनर्जी से सभी रिश्ते तोड़ने का सार्वजनिक ऐलान कर दिया था.

हालांकि, यह पहली बार नहीं है कि दोनों भाई-बहन सार्वजनिक रूप से खुलकर एक दूसरे से लड़े हों. ममता बनर्जी पहले भी अपने भाई को सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने के लिए COVID-19 महामारी के दौरान फटकार लगा चुकी हैं. ममता बनर्जी के भाई बाबुन ने बुधवार को हावड़ा सीट से तृणमूल कैंडिडेट के खिलाफ चुनाव लड़ने का ऐलान किया. उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा, 'टीएमसी उम्मीदवार प्रसून बनर्जी को टिकट मिलने से खुश नहीं हूं. प्रसून हावड़ा के लिए सही विकल्प नहीं हैं. कई सक्षम उम्मीदवार थे, जिन्हें नजरअंदाज कर दिया गया. पार्टी ने ठीक नहीं किया. मैं बीजेपी में तो शामिल नहीं होउंगा लेकिन हावड़ा से निर्दलीय चुनाव लड़ूंगा.'

कैप्टन अमरिंदर की पत्नी परनीत कौर बीजेपी में शामिल

● लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को झटका

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है. पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की पत्नी और कांग्रेस सांसद परनीत कौर भाजपा में शामिल हो गई हैं. दिल्ली स्थित बीजेपी हेडक्वार्टर में बीजेपी के उच्च पदाधिकारियों ने उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई. माना जा रहा है कि भाजपा उन्हें पटियाला सीट से आने वाले लोकसभा चुनावों के लिए मैदान में उतार सकती है. हालांकि, इस बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है. बता दें कि पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में कांग्रेस ने परनीत कौर को 3 फरवरी 2023 को 6 साल के लिए निलंबित कर दिया था. हालांकि, लोकसभा की सदस्यता न जाए, इस वजह से परनीत कौर ने पार्टी से इस्तीफा नहीं दिया था. परनीत कौर पर आरोप लगे थे कि वह लगातार भाजपा के कार्यक्रमों में जा रही हैं. यही नहीं परनीत कौर पंजाब में निकाली राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में भी शामिल नहीं हुई थीं.

सबसे पहले वह 1999 में पटियाला से लोकसभा चुनाव जीती थीं और इसके बाद 2004, 2009 और फिर 2019 में फिर से चुनी गईं. इस दौरान केंद्र में यूपीए सरकार के कार्यकाल में परनीत कौर 2009 से 2012 तक विदेश राज्य मंत्री भी रही हैं.

गौरतलब है कि कैप्टन अमरिंदर सिंह ने सितंबर 2022 में भाजपा का दामन थाम लिया था. कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद अपने बेटे रणइंद्र सिंह व बेटी जयइंद्र कौर के साथ बीजेपी में शामिल हो गए थे. कैप्टन अमरिंदर सिंह ने अपनी पार्टी का विलय भी भाजपा में कर दिया था।

यूपी के पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के ठिकानों पर ईडी की रेड

अमेठी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रजापति से संबंधित चल रहे रेत खनन मामले में कई स्थानों पर छापेमारी कर रहा है. छापेमारी के दौरान ईडी के कई अधिकारी मौजूद हैं. घर के बाहर सुरक्षा बल तैनात है. गायत्री प्रजापति की पत्नी महाराजी देवी और बेटा भी घर के अंदर मौजूद हैं. छापेमारी के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है. सूत्रों ने बताया कि गायत्री प्रजापति के करीबी के यहां भी ये छापेमारी हुई है.

अमेठी के आवास विकास कॉलोनी और गंगागंज मोहल्ले में ईडी की ये छापेमारी चल रही है. बताया जा रहा है कि इसके अलावा लखनऊ में एक महिला के घर पर भी रेड चल रही है. तलाशी में गायत्री प्रजापति, उनकी पत्नी और बेटों के आवास शामिल थेराजधानी लखनऊ स्थित गायत्री प्रजापति के आवास पर भी ईडी की टीम सुबह से छापेमारी की कार्रवाई कर रही है. गायत्री के कथित महिला मित्र गुड्डा देवी के घर पर भी ईडी की छापेमारी के बाद कई प्रकार के कयास लगाए जा रहे हैं. सपा सरकार में कैबनेट मंत्री रहे गायत्री प्रसाद प्रजापति की मुश्किलें कम होने का नाम नही ले रही हैं. जहां एक तरफ गायत्री प्रसाद प्रजापति जेल में हैं, वहीं अवैध खनन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय की टीम उनके घर पर छापेमारी कर रही है. ईडी की तरफ से इस मामले में अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है.

ईडी ने संदेशखाली में कई स्थानों पर दी दबिश

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में राशन वितरण घोटाला मामले में ईडी ने गुरुवार को संदेशखाली में कई जगहों पर छापेमारी की. सूत्रों ने कहा कि राशन वितरण मामले के अलावा, मछली उत्पादों के निर्यात में शामिल संदेशखाली-स्थित एक इकाई भी केंद्रीय एजेंसी के रडार पर है. इस यूनिट का मालिक शेख शाहजहां है. इस मामले में ईडी अधिकारी सीएपीएफ अधिकारी की भारी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच संदेशखाली के धमखाली के मछली बाजार में छापेमारी करने पहुंचे. ईडी के अधिकारियों की एक छोटी टीम मछली बाजार के स्वामित्व में भागीदार नशीरुद्दीन मोल्ला के आवास पर है. जिस बाजार में छापेमारी और तलाशी अभियान चल रहा है, वह झींगा के थोक व्यापार के केंद्र के रूप में लोकप्रिय है. नशीरुद्दीन मोल्ला, शेख शाहजहां के मछली निर्यात व्यवसाय में भी सक्रिय सहयोगी है, जो राशन वितरण मामले के साथ-साथ 5 जनवरी को संदेशखली में ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हमले में भी आरोपी है. ईडी की मौजूदा छापेमारी और तलाशी अभियान उनके अधिकारियों द्वारा हासिल किए गए विशेष इनपुट पर आधारित है कि राशन वितरण मामले में अवैध कमाई का एक बड़ा हिस्सा शाहजहां के स्वामित्व वाले मछली-व्यापार व्यवसायों में निवेश किया गया था.

होटल में मृत मिली उज्बेकिस्तान की महिला, हत्या की आशंका

बेंगलुरु। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के एक होटल में बुधवार को उज्बेकिस्तान की एक महिला मृत पाई गई। उनकी पहचान 37 वर्षीय जरीन के रूप में हुई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, जरीन 5 मार्च को बेंगलुरु आई थीं और शेषाद्रिपुरम इलाके के एक होटल में ठहरी थीं।पुलिस ने बताया कि शाम करीब 4:30 बजे होटल के स्टाफ ने कमरे का दरवाजा खटखटाया। कोई जवाब न मिलने पर मास्टर चाबी से दरवाजा खोला तो अंदर जरीन मृत पाई गईं।

बेंगलुरु सेंट्रल के पुलिस उपायुक्त शेखर एचटी ने बताया कि पुलिस को संदेह है कि जरीन को गला घोंटकर मारा गया। हालांकि, शव को पोस्टमार्टम के लिए बॉरिंग अस्पताल भेज दिया गया है।पुलिस ने बताया कि घटना के समय जरीन अकेली थीं। घटनास्थल की जांच के लिए फॉरेंसिक विशेषज्ञों के अलावा डॉग स्क्वॉयड को भी बुलाया गया है।पुलिस जरीन से जुड़े हर लिंक की जांच कर रही है। पुलिस उपायुक्त शेखर का कहना है कि होटल के अलावा आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। साथ ही होटल के रजिस्टर को भी कब्जे में लिया गया है।पुलिस ने बताया कि होटल के प्रबंधक की शिकायत के आधार पर रहस्यमयी मौत का मामला दर्ज किया गया है। जरीन ने 5 मार्च से अब तक क्या किया, इसकी पड़ताल भी की जा रही है।पुलिस ने जरीन के पासपोर्ट को जांच के लिए भेजा है।

न्यूज गैलरी

'छत्तीसगढ़ - विजन 2047' पर आज कॉन्फ्रेंस

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास की परिकल्पना को सार्थक करने के लिये 'छत्तीसगढ़ विजन 2047' पर कॉन्फ्रेंस का आयोजन 15 मार्च, 2024 एक निजी होटल में 11.30 बजे से किया जाएगा। इस कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन वित्त, वाणिज्यकर, आवास एवं पर्यावरण, योजना एवं सांख्यिकी विभाग के मंत्री ओपी चौधरी छत्तीसगढ़ शासन करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, अभिताभ जैन करेंगे। आजादी के अमृतकाल में विकसित भारत कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ - विजन 2047 पर आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश के इंटीग्रेटेड स्टील एवं स्पंज आयरन प्लांट, कोल वॉशरी, ताप विद्युत संयंत्र, कोल माईस, आयरन ओर माईस, बड़े हॉस्पिटल, स्पंज आयरन एसोसिएशन के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसी प्रकार रोलिंग मिल एसोसिएशन, मिनी स्टील प्लांट एसोसिएशन, माईनर मिनरल एसोसिएशन, संयुक्त अपशिष्ट अपवहन सुविधा के राज्य प्रमुख शामिल होंगे। इस कॉन्फ्रेंस में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग एवं भिलाई नगर पालिक निगम के आयुक्तगण भी उपस्थित रहेंगे।

8 नगरीय निकायों के लिए 4.84 करोड़ रुपए स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के आठ नगरीय निकायों के लिए 14वें एवं 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत कुल चार करोड़ 83 लाख 81 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। इनमें 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत सात नगरीय निकायों के लिए कुल चार करोड़ 79 लाख 68 हजार रुपए और 14वें वित्त आयोग के तहत सारंगढ़ नगर पालिका के लिए चार लाख 13 हजार रुपए की राशि शामिल हैं। नगरीय निकायों में विकास कार्यों में तेजी लाने उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने ये राशि मंजूर की है। उन्होंने गुणवत्ता एवं समय-सीमा का ध्यान रखते हुए इन राशियों से प्रस्तावित कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत नारायणपुर नगर पालिका के लिए एक करोड़ 17 लाख चार हजार रुपए, सरगांव नगर पंचायत के लिए 15 लाख रुपए, किरोड़ीमलनगर नगर पंचायत के लिए 18 लाख रुपए, खोंगापानी नगर पंचायत के लिए 93 लाख 35 हजार रुपए, छुरा नगर पंचायत के लिए 18 लाख 98 हजार रुपए, सिमगा नगर पंचायत के लिए 53 लाख 97 हजार रुपए और सक्ती नगर पालिका के लिए एक करोड़ 63 लाख 34 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। वहीं 14वें वित्त आयोग के तहत सारंगढ़ नगर पालिका के लिए चार लाख 13 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं।

दादी हृदयमोहिनी की तीसरी पुण्यतिथि मनायी गयी

रायपुर/नवप्रदेश। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी हृदयमोहिनी जी की तीसरी पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनायी गयी। विधानसभा मार्ग पर स्थित शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर रायपुर में अयोजित कार्यक्रम में दादी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी और सभा में उपस्थित लोगों ने अपनी श्रद्धाजंलि दी। इस अवसर पर बोलते हुए ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने कहा कि दादी जी की निःस्वार्थ सेवाएं सदैव याद रहेंगी।दादी जी हरेक ब्रह्मावत्सों के दिल में समाई हुई थीं। महज नौ साल की उम्र में ब्रह्माकुमारी संस्थान से जुड़ जाना और अपना समूचा जीवन समर्पित कर देना दादी जी के पुण्य कर्मों का परिणाम था। दादी जी ने अत्यन्त अल्पायु में ही शिवबाबा को पहचान लिया था। वह बहुत ही पवित्र और शुद्ध आत्मा थी।

मुंगेली नपा में अधोसंरचना विकास के लिए 11.44 करोड़ रुपए स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा मुंगेली नगर पालिका में अधोसंरचना विकास के विभिन्न कार्यों के लिए कुल 11 करोड़ 44 लाख चार हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। विभाग द्वारा आगर नदी के सौंदर्यीकरण के लिए तीन करोड़ आठ लाख 24 हजार रुपए और चौपाटी निर्माण के लिए 48 लाख 13 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं। मुंगेली में देवांगन समाज मुक्तिधाम विकास कार्य के लिए 48 लाख 32 हजार रुपए एवं स्मार्ट टॉयलेट ब्लॉक के निर्माण के लिए करीब 26 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है।

जब प्रतिभाएं निखरती हैं तो समाज भी निखरता है : सीएम साय

- राज्य खेल अलंकरण समारोह में सम्मानित हुए प्रतिभावान खिलाड़ी
- उत्कृष्ट खिलाड़ियों का किया जाता रहेगा सम्मान: खेल मंत्री वर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी स्थित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में राज्य खेल अलंकरण समारोह में विभिन्न खेल विधाओं के 544 प्रतिभावान खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रतिभा ईश्वर की देन है, यह समाज को ईश्वर का अनुपम उपहार है। जब प्रतिभाएं निखरती हैं तो समाज भी निखरता है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने शहीदों के परिजनों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने की। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा और विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, कृषि मंत्री रामविचार नेताम और सांसद सुनील सोनी शामिल हुए।

मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में 5 साल बाद प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उनका सम्मान और पुरस्कार मिलने जा रहा है, मैं सभी खिलाड़ियों को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के शहीदों के नाम पर स्थापित राज्य खेल अलंकरण समारोह का शुरूआत पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमन विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व वाली हमारी सरकार द्वारा ही किया गया था। यह बहुत अफसोस की बात है कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा पिछले 5 सालों से राज्य में खेल अलंकरण समारोह का आयोजन हुआ ही नहीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार को बने अभी केवल 3 महीने ही हुए हैं। इन थोड़े से ही दिनों में ही राज्य में हमने खेलों के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय ले लिए हैं। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की आवासीय खेल अकादमी प्रारंभ की जाएगी। राज्य में पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करने के लिए छत्तीसगढ़िया क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना शुरू की जाएगी।

ये सम्मानित किए गए

कार्यक्रम में राज्य शासन द्वारा वर्ष 2019-20 के लिए शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार के लिए 06, शहीद कौशल यादव पुरस्कार के लिए 06, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार के लिए 02, शहीद पंकज विक्रम सम्मान 27, शहीद विनोद चौबे सम्मान के लिए 05 एवं मुख्यमंत्री ट्राफी के लिए 25 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार वर्ष 2020-21 हेतु शहीद राजीव पांडेय पुरस्कार के लिए 11, शहीद कौशल यादव पुरस्कार के लिए 03, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार के लिए 01, शहीद पंकज विक्रम सम्मान 16, शहीद विनोद चौबे सम्मान के लिए 05 एवं मुख्यमंत्री ट्राफी के लिए 26 चयनित खिलाड़ियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

प्रोत्साहन राशि

राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ियों को अलंकरण से सम्मानित करते हुए 269 खिलाड़ियों को वर्ष 2019-20 के लिए पुरस्कार राशि 30.36 लाख रूपए तथा 2020-21 के लिए 142 खिलाड़ियों को 19 लाख 32 हजार रूपए की पुरस्कार राशि दी गई। कार्यक्रम में कार्यक्रम में विधायक सर्व राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, इन्द्रकुमार साहू, जनप्रतिनिधि, विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण सचिव हिमशिखर गुप्ता, संचालक खेल एवं युवा कल्याण मती तनुजा सलाम एवं सहित खेल विभाग के अधिकारीगण और बड़ी संख्या में खिलाड़ी शामिल थे।

कृषक उन्नति योजना : धान की बोनस राशि पाकर प्रदेश के किसानों में उत्साह

- कृषि क्षेत्र में बढ़ावा मिलेगा, किसानों की बढ़ेगी ऊपज और आर्थिक रूप से किसान होंगे समृद्ध

रायपुर/नवप्रदेश। धान की बोनस राशि पाकर प्रदेश के किसानों में उत्साह का माहौलछत्तीसगढ़ के किसानों के लिए कृषक उन्नति योजना बड़ी खुशखबरी लेकर आया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विगत 12 मार्च को 24.72 लाख से अधिक किसानों के खाते में 13 हजार 320 करोड़ रूपए की राशि का अंतरण किया है। पूरे राज्य के किसानों में उत्साह का माहौल हैं। अब बाजारों में भी रौनकता छा गई है। किसान राशि का उपयोग खेती-बाड़ी के सामान खरीदने के साथ ही बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, बेटा-बेटी का शादी ब्याह करने के लिए राशि का बेहतर उपयोग कर रहे हैं। बेमेतरा जिले के साजा विकासखंड के कोबिया गांव के किसान शैलेश वर्मा, मोहभट्ठा गांव के विनोद वर्मा, सगोनी के किसान लालसिह वर्मा और महेश कुमार साहू बहुत खुश है क्योंकि इनके खाते में अंतर की राशि आ गयी है। राज्य सरकार द्वारा अपने वादे के मुताबिक किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीद की गई है। ख़रीफ़ में 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है जो कि अपने आप में रिकॉर्ड है। किसानों को धान की खरीदी के लिए सरकार ने एमएसपी दिया है तथा किए गए वादे के मुताबिक़ हर किसान को धान का मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से दिया गया। कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत एकमुश्त आदान सहायता राशि मिलने से जिले के किसान काफी खुश है।

प्रधानमंत्री ने किया राष्ट्रीय पोर्टल पीएम सूरज का वर्चुअल शुभारंभ

- समाज के हर वर्ग का सहारा बनकर राष्ट्रीय विकास की रूपरेखा निर्धारण संकल्पित व साहसिक नीतियों से ही संभव: मंत्री कश्यप

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान एवं रोज़गार आधार जनकल्याण (पीएम-सूरज) राष्ट्रीय पोर्टल का वर्चुअल शुभारंभ किया। साथ ही देश के वंचित वर्गों के एक लाख उद्यमियों का ऋण सहायता स्वीकृत किया। शहीद स्मारक भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में सम्मान किया गया। साथ ही अंत्योदय स्वरोजगार योजना से लाभान्वित हितग्राहियों को ऋण राशि का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री केदार कश्यप थे। अध्यक्षता सांसद सुनील सोनी ने की। साथ ही उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहु और कलेक्टर डॉ गौरव सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल रूप से अपना संबोधन दिया। मंत्री केदार कश्यप ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय गणतंत्र विभिन्नताओं से पूर्ण है, ऐसे में समाज के हर वर्ग का सहारा बनकर राष्ट्रीय विकास की रूपरेखा निर्धारण संकल्पित व साहसिक नीतियों से ही संभव होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के हर भू-भाग में बसे वंचित परिवारों को सरकार की योजनाओं से जोड़कर राष्ट्रीय मुख्यधारा में शामिल करने जो मार्गदर्शन दिया है, उसके अधीन विगत 10 वर्षों में सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्रालय ने समावेशी मॉडल पर तेजी से काम किया है। इसके लिए अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और सफाई कर्मचारियों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है और इनके सशक्तिकरण हेतु रियायती ब्याज दर पर वित्तीय सहायता सहित संपूर्ण मार्गदर्शन की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस कार्यक्रम में सांसद सुनील सोनी ने संबोधन दिया। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने स्वागत उद्बोधन दिया और नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में अतिथियों को पुस्तक भेंट स्वरूप दिया गया।

छापे गये पांपलेट-पोस्टरों की जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी को देंगे मुद्रक

- पोस्टर-पांपलेट में प्रकाशक-मुद्रक का नाम और संख्या नहीं छापने पर होगी कार्यवाही

रायपुर/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 की तैयारियों के संबंध में आज कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर जिले के विभिन्न प्रिंटरों और प्रकाशकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की गई। रेडक्रॉस सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बन्दे और मास्टर ट्रेनरों ने प्रिंटरों और मुद्रकों को लोकसभा निर्वाचन के दौरान छापी जाने वाली राजनैतिक प्रचार-प्रसार सामग्रियों के बारे में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी। बन्दे ने बैठक में कहा कि विधानसभा निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होते ही सभी प्रिंटरों-मुद्रकों और प्रकाशकों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में निहित प्रावधानों और दिशा-निर्देशों का पालन करना बंधनकारी होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मुद्रकों की यह जिम्मेदारी होगी कि वह निर्वाचन के दौरान प्रचार के लिए छापी गई सामग्री की तीन प्रतियां और प्रकाशक की घोषणा जिला निर्वाचन कार्यालय में छपाई के 72 घंटे या तीन दिन के भीतर जमा करायें। उन्होंने कहा कि मुद्रित की गई सामग्रियों पर मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम तथा मुद्रित संख्या अंकित करना अनिवार्य होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन के लिए प्रचार-प्रसार की सामग्री में मुद्रित किये जाने वाला मैटर आदर्श आचार संहिता के दायरे में रहेगा।

बैठक में मास्टर ट्रेनर्स ने बताया कि किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री जैसे हैंडबिल, पम्पलेट, पोस्टर, बैनर, फ्लैक्स आदि को छापने के लिए संबंधित व्यक्ति द्वारा मुद्रक को घोषणा पत्र भरकर ही आर्डर दिया जायेगा। मास्टर ट्रेनर ने मुद्रकों सलाह दी है कि बिना घोषणा पत्र वाले प्रिंटिंग आर्डर वे ना लें। बैठक में आगे बताया गया कि प्राचार सामग्री छापने के 72 घंटे के अंदर मुद्रित सामग्री के तीन सेट और प्रकाशक की घोषणा को जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी मुद्रकों की होगी। इस दौरान लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 क के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर दंडात्मक कार्यवाही भी की जायेगी। इस अधिनियम का उल्लंघन करने पर छः महिने का कारावास और दो हजार रूपये जुर्माना या दोनों भी किया जा सकता है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस अधिनियम के तहत कोई भी व्यक्ति कोई निर्वाचन संबंधी पैम्पलेट, पोस्टर या अन्य प्रचार-प्रसार सामग्री तब तक मुद्रित नहीं करेगा जब तक उनके पास प्रकाशक की हस्ताक्षरित घोषणा और दो व्यक्तियों द्वारा अनुप्रमाणित न हो। मुद्रण के लिए राजनैतिक दल या अभ्यर्थी या निर्वाचक अभिकर्ता की सहमति जरूरी होगी।

अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 111.53 लाख स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के अनुमोदन पश्चात बजट वर्ष 2023-24 के अंतर्गत बलौदाबाजार जिला के शासकीय डीके महाविद्यालय बलौदाबाजार में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 111.53 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके लिए वर्ष 2023-24 के प्रथम अनुपूरक बजट में वित्त उल्लेखित अपरीक्षित नवीन मद के प्रकरण में स्वीकृत की प्रक्रिया शासकीय डी.के. महाविद्यालय बलौदाबाजार में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

चेंबर प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा ज्ञापन

- सरल समाधान योजना की अवधि 30.06.2024 तक बढ़ाया जाए: अमर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में चेम्बर का प्रतिनिधि मंडल माननीय रजत बंसल जी (आई.ए.एस.), राज्य जीएसटी आयुक्त से मिलकर माननीय ओ.पी. चैधरी जी, वित्त, वाणिज्यिक कर मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन के नाम का ज्ञापन सौंपते हुए छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान अधिनियम, 2023 (सरल समाधान योजना) की तिथि को 30.06.2024 तक बढ़ाने का अनुरोध किया। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने पत्र के माध्यम से बताया कि बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान अधिनियम, 2023 (सरल समाधान योजना) के अतंर्गत बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति की निपटान हेतु अधिसूचना दिनांक 15.09.2023 की जारी किया गया है।

जिसकी अंतिम तिथि 31.03.2024 को है। पारवानी ने पत्र के माध्यम से माननीय वित्त, वाणिज्यिक कर मंत्री महोदय से अनुरोध किया है कि उक्त योजना में लगभग 8000 से 9000 प्रकरण शामिल हो गये हैं एवं हजारों प्रकरण अभी भी शामिल होने शेष है । मार्च माह में अत्यधिक अवकाश होने के कारण उक्त योजना में व्यवसायी भाग नही ले पा रहे हैं।

पड़ोसी जिलों की सीमा सहित रेलवे स्टेशन-एयरपोर्ट पर विशेष नजर रखें एसएसटी : डॉ. गौरव सिंह

- कलेक्टर और एसपी ने निर्वाचन व्यय निगरानी से जुड़ी सभी एजेंसियों-विभागों की ली बैठक, दिए जरूरी निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने व्यय अनुवीक्षण निगरानी एवं संदेहास्पद लेन-देन के संबंध में संबंधित विभागों की रेडक्रॉस सभाकक्ष में बैठक ली। डॉ. सिंह ने कहा कि रायपुर लोकसभा का चुनाव प्रदेश में राजधानी होने के कारण अधिक महत्वपूर्ण और संवेदनशील है। रायपुर से होने वाली कार्यवाही का असर आस-पास के जिलों के साथ-साथ पूरे प्रदेश पर भी पड़ता है।

उन्होंने कहा कि अंतर जिला सीमा पर एसएसटी द्वारा विशेष निगरानी रखी जाए और संदेहास्पद लेन-देन पर जांच कर कार्यवाही करें। रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट पर विशेष रूप से नजर रखें और संदेहास्पद गतिविधियों की सूचना मिलने पर त्वरित कार्यवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि चुनाव का काम टीम वर्क है, प्रत्येक अधिकारी अपने दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करें।

पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने कहा कि निर्वाचन के दौरान आचार संहिता लागू होते साथ ही धारा 144 लागू हो जाती जिसका सबको पालन करना होता है। सभी अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि निष्पक्ष रहें और जिम्मेदारी से अपने कर्तब्यों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप आचार संहिता लगने के पहले ही सभी एजेंसियां और विभाग चुनाव की तैयारी में जुट जाना चाहिए। साथ ही शराब, प्रींशियस मेटल और निर्धारित मापदण्डों से अधिक नगद राशि की आवाजाही पर नजर रखें। वैध दस्तावेज ना होने पर कार्यवाही करते हुए जिम्मेदार विभाग को सूचित करें। यदि कोई कार्यवाही की जा रही है तो पुलिस विभाग की टीम का सहयोग अवश्य लें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बन्दे सहित अन्य सभी एजेंसियों-विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

शीलू की दो कृतियों का विमोचन,महिलाएं भी सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। लेखिका शीलू लुनिया की दो कृतियों का विमोचन व सम्मान समारोह वरिष्ठ भाषाविद् व साहित्यकार डॉ. चितरंजन कर के मुख्य आतिथ्य व डॉ. शीला गोयल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें से एक रचना ''गर्भ के संस्कार फलीभूत होते हैं'' में उन्होंने नौ माह में एक महिला कैसे अपनी अदृश्य संतान से संवाद स्थापित कर उसकों संस्कार देती है, उसका वर्णन किया है। पहले माह से नौ माह तक प्रत्येक माह मां अपनी होने वाली संतान के लिए किन-किन बातों का स्वयं ध्यान रखती है इसका शानदार वर्णन शीलू लुनिया ने अपनी पुस्तक में किया है। गर्भ में पल रही संतान के लिए एक मां की सोच है कि मेरी होने वाली संतान कैसी होगी, क्या मैं एक अच्छी मां बन पाऊंगी। क्या आधुनिकता की चकाचैंध में उसे अच्छे संस्कार दे पाऊंगी। क्यू ना गर्भ से ही संस्कारों की शिक्षा प्रारंभ कर दी जाए,इन्हीं सब सोच को लेकर लेखिका शीलू लुनिया ने अपने अनुभवों को इस पुस्तक में साझा किया है। इसके अलावा एक कविता संग्रह 'मुट्ठी में आसमां' का भी विमोचन किया गया। इस समारोह में समीक्षक थे- डॉ. मंजूला श्रीवास्तव, डॉ. सुधीर शर्मा, डॉ. अर्चना पाठक व गोपाल सोलंकी। विशिष्ट अतिथि डॉ. सोनाली चक्रवर्ती (भिलाई), अमरनाथ त्यागी थे। प्रारंभ में बिटिया रूही जैन ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं व महिला मंडलों का सम्मान किया गया।

मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, शुरू हो चुकी है विकसित छत्तीसगढ़ की यात्रा

- पांच साल बाद पुन: लौटी राजिम कुंभ की भव्यता
- प्रदेश के 25 हजार स्कूलों में होगी इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई

रायपुर/नवप्रदेश। शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने 3 माह के अल्प समय में ही कई बड़े फैसले और दूरगामी निर्णय लिए है। आने वाले समय में विकसित भारत की संकल्पना को पूर्ण करने के लिए छत्तीसगढ़ में भी तैयारियां की जा रही हैं। विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, धर्मस्व, पर्यटन एंव संस्कृति विभाग की गतिविधियां तय की गई है। संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपने विभागों के 3 महीनों की प्रोग्रेस रिपोर्ट पर जानकारी देते हुए बताया कि विकसित छत्तीसगढ़ बनाने राज्य में नई शिक्षा नीति को लागू करने जा रहे हैं। स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा के अधोसरंचना को मजबूत कर रहे है। स्कूल अधोसरंचना को मजबूत करने के लिए बजट में 265 करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है।

सनातन संस्कृति के प्रति गौरव का भाव जगाने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए त्रिवेणी संगम भव्य राजिम कुम्भ का फिर से आयोजन की शुरूआत की है। जनभावना का सम्मान करते हुए श्री रामलला दर्शन योजना की शुरूआत की है।

5 मार्च को 850 लोगों का जत्था विशेष ट्रेन से अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई है। इस पूरी यात्रा का खर्च राज्य सरकार के द्वारा वहन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भी अयोध्या धाम के भव्य रामलला मंदिर की तर्ज पर नवा रायपुर स्थित मुक्तांगन में अयोध्या धाम का प्रतिरूप बनाया जाएगा। वनांचल क्षेत्रों में भी आदिम संस्कृति के गौरव प्रदान करने के लिए बस्तर दशहरा के आयोजन के लिए राशि बढ़ाकर प्रत्येक वर्ष 50 लाख रुपए, चित्रकोट महोत्सव के लिए 25 लाख रुपए और रामाराम महोत्सव के लिए 15 लाख रुपए, गोंचा महोत्सव के लिए धनराशि 5 लाख रुपए कर दी गई है। मानसरोवर यात्रा और सिंधु दर्शन यात्रा के लिए भी आर्थिक सहायता राशि को बढ़ाकर राशि को 50 हजार रूपए प्रति यात्री किया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार चार धाम के तर्ज पर छत्तीसगढ़ में पांच शक्तिपीठों विकसित करेगी इसके अंतर्गत कुदरगढ़ जिला सूरजपुर, चंद्रहासिनी चन्द्रपुर जिला-सक्ती, महामाया रतनपुर जिला-बिलासपुर, दंतेश्वरी जिला दंतेवाड़ा और बम्लेशवरी डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव को चारधाम की तर्ज पर विकसित करने के लिए योजना तैयार की जा रही है। इस योजना की लागत 112 करोड़ की होगी। इस वर्ष बजट में 5 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव 2024 के आयोजन हेतु राशि रूपए 1 करोड़ 14 लाख रूपए की राशि एवं चिन्हारी पोर्टल में पंजीकृत रामायण मानस मंडलियों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 3 करोड़ 10 लाख 40 हजार रुपए आवंटित किए गए।

सुविचार

कमाओ... कमाते रहो और तब तक कमाओ, जब तक महंगी चीज सस्ती न लगने लगे.

संपादकीय

विरोध के नाम पर विरोध उचित नहीं

केन्द्र सरकार ने जो नया कानून नागरिकता संशोधन कानून लागू किया है उसके विरोध में तमाम विपक्षी पार्टियां उठ खड़ी हुई हैं। यह ठीक है कि लोकतंत्र में सरकार के किसी भी फैसले का विरोध करने का अधिकार विपक्ष को है, किन्तु सिर्फ विरोध के नाम पर हर फैसले का विरोध करना कतई उचित नहीं है। नागरिकता संशोधन कानून में ऐसा कुछ भी नहीं है कि इसके लागू होने से देश के किसी भी व्यक्ति की नागरिकता छिन जाएगी, किन्तु वोट बैंक की राजनीति के चलते विपक्षी पार्टियों के कुछ नेता ही सीएए को लेकर देश में भ्रम जाल बुनने का काम कर रहे हैं। ऐसे नेताओं को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि सीएए हर हालत में लागू होगा। क्योंकि देश का कानून है और संसद में पारित हो चुका है। जो विपक्षी नेता इसका विरोध कर रहे हैं वे तुष्टिकरण की राजनीति से बाज आ जाएं। गौरतलब है कि बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सीएए के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। उन्होंने तो बाकायदा इस कानून के खिलाफ मार्च भी निकाला। उन्होंने यह ऐलान कर दिया कि ये उसे बंगाल में लागू नहीं करेंगी क्योंकि यह कानून भेदभाव करता है। इसी तरह का बयान केरल मुख्यमंत्री विजयन ने भी दिया है, उन्होंने भी कहा कि वे कानून को केरल में लागू नहीं होने देंगे। इन नेताओं को इतनी भी समझ नहीं है कि सीएए भारत की संसद से पारित किया गया कानून है। जो पूरे देश में लागू होगा। किसी भी प्रदेश का मुख्यमंत्री इसे लागू होने से नहीं रोक सकता। ये वही ममता बनर्जी हैं जिन्होंने बंगाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या को बड़ी संख्या में ना सिर्फ पनाह दी है बल्कि उन्हें मूलभूत सुविधाएं सुलभ कराने में भी कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है। बंगाल और असम में बड़ी संख्या में बंगाल देश और पाकिस्तान से आए शरणार्थी रह रहे हैं। यदि उन्हें भारत की नागरिकता दी जाती है तो इसमें किसी को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। आजादी के बाद जब पाकिस्तान में हिन्दुओं पर अत्याचार हुआ था तब तात्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि धर्म के आधार पर प्रताड़ित होने वाले हिन्दुओं और सिक्खों को भारत में शरण दी जाएगी। लेकिन उनका यह वादा सात दशकों तक पूरा नहीं हो पाया। अब जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने यह कानून लागू किया है, तो बजाए इसका स्वागत करने के कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी नेता विरोध कर रहे हैं। इधर कांग्रेस नेता शशि थरूर ने यह भी घोषणा कर दी है कि यदि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के नेतृत्व वाली आईएनडीआईए की सरकार बनती है तो वे सीएए को खत्म कर देंगे। अन्य विपक्षी नेता भी इसी तरह के उल-जुलूल बयान देकर सीएए को लेकर देश में भ्रम फैला रहे हैं। नई दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने तो सीएए पर बाकायदा प्रेस कान्फ्रेंस कर बेहद विवादास्पद बयान दे दिया है। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान हमारा दुश्मन देश है इसलिए पाकिस्तान से आने वाले किसी भी व्यक्ति को भारत की नागरिकता नहीं दी जानी चाहिए। ऐसे कहते हुए अरविंद केजरीवाल भी ममता बनर्जी की तरह ही यह भूल गए कि उन्होंने भी नई दिल्ली में घुसपैठियों और रोहिंग्याओं को पनाह दे रखा है। वे उनके लिए भी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन्हें अपना वोट बैंक बना रखा है। दिल्ली में ही पाकिस्तान से आए हजारों हिन्दु शरणार्थी शिविरों में रह रहे हैं। वे छोटा-मोटा काम कर भारी अभाव के बीच जीवनयापन कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने कभी इन शरणार्थी शिविरों की सुध नहीं ली और अब तो वे इनका खुलेआम विरोध कर रहे हैं। नतीजतन नई दिल्ली के शरणार्थियों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर के सामने हल्ला बोल दिया है। सीएए को लेकर विपक्षी नेताओं को इस तरह भ्रम नहीं फैलाना चाहिए। यदि उन्हें इस कानून से कोई दिक्कत है या इसके किसी प्रावधान से उन्हें आपत्ति है तो वे इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं, किन्तु सिर्फ विरोध के नाम पर विरोध कर और भ्रम फैलाते हुए देश का माहौल खराब ना करें। वरना आने वाले लोकसभा चुनाव में उन्हें इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

कानून व्यवस्था में सुधार के लिए कड़ाई जरूरी

छत्तीसगढ़ पूर्ववर्ती भूपेश बघेल की सरकार के कार्यकाल के दौरान अपराधगढ़ के रूप में जाना जाने लगा था। प्रदेश में अपराधों का ग्राफ लगातार बढ़ रहा था। अब विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने के बाद नई सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वह छत्तीसगढ़ में कानून और व्यवस्था की स्थिति को सुधारे, ताकि आम जनता जिसके मन में भय की भावना घर कर गई है वह खुद को प्रदेश में सुरक्षित महसूस करे। इसके लिए आवश्यक यह है कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि उनमें कानून का खौफ पैदा हो। यह संतोष का विषय है कि प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय ने इस मुद्दे को लेकर कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों की एक बैठक ली और उसमें पहली बार उन्होंने कड़े तेवर दिखाए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पुलिस अधीक्षकों को दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि उनके जिलों में कोई गुंडागर्दी ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने कलेक्टरों को भी हिदायत दी है कि डीएमएफ का उपयोग क्षेत्र के विकास लिए होना चाहिए। पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में डीएमएफ का बहुत ज्यादा दुरूपयोग हुआ है, अब ऐसा नहीं होना चाहिए अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश के कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों ने पहली बार मुख्यमंत्री के सख्त तेवर देखे हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि वे अपने कर्तव्य का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। खासतौर पर प्रदेश में कानून और व्यवस्था की स्थिति को सुधारने में वे कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। पिछली भूपेश बघेल सरकार को बिगड़ती कानून और व्यवस्था की स्थिति के कारण भी सत्ता से बाहर होना पड़ा है। अब सरकार बदल गई है ऐसे में जिम्मेदार अधिकारियों को भी अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव करना होगा, ताकि प्रदेश में सुशासन स्थापित हो।

विशेषाधिकार की आकांक्षा करते हैं वह है मतदान

नीरज चोपड़ा

प्रधानमंत्री की अपील के जवाब में, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और मनोरंजन उद्योग सहित विभिन्न प्लेटफार्मों के प्रभावशाली लोग सक्रिय रूप से इस अभियान का समर्थन कर रहे हैं और पहली बार मतदाता बने युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं। देश के कोने-कोने से खेल, मनोरंजन, व्यापार और उद्योग जैसे क्षेत्रों में अपनी छाप छोड़ने वाले प्रमुख नाम इस संदेश को दूर-दूर तक फैलाने के लिए एक साथ आए हैं। इस अभियान में जसप्रीत बुमराह, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद सिराज, अवनि लेखारा, सैखोम मीराबाई चानू जैसे मेरे साथी खिलाड़ी और अनिल कपूर, प्रोसेनजीत चटर्जी, रवीना टंडन, राणा डूग्गुबाती, कैलाश खेर, श्रेया घोषाल जैसी फिल्मी हस्तियां व रितेश अग्रवाल, बी. वी. आर. मोहन रेड्डी जैसे उद्योग जगत के अगुआ और कई पद्म पुरस्कार विजेताओं ने भाग लिया है, जिससे यह अभियान मतदाता जागरूकता का एक 'राष्ट्रीय आंदोलन' बन गया है।

खिलाड़ी अपने समर्पण, दृढ़ता और टीम भावना के माध्यम से देश की सेवा करते हैं। चाहे घरेलू मैदान हो या विदेशी, देश की जर्सी पहनना एक विशेषाधिकार और जिम्मेदारी दोनों है। लेकिन दुनिया के सबसे जीवंत लोकतंत्र के एक अभिन्न अंग के रूप में हम खिलाड़ी और युवा भारतीय एक और विशेषाधिकार की आकांक्षा करते हैं- वह है मतदान। चुनाव लोकतंत्र का आधार होता हैं, जो नागरिकों को अपने प्रतिनिधियों को चुनने का महत्वपूर्ण अधिकार देता है। हालांकि, यह अधिकार निष्क्रिय नहीं है; चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल होना एक कर्तव्य है, विशेषकर युवाओं का। ऐतिहासिक रूप से, युवाओं ने सामाजिक परिवर्तन का नेतृत्व किया है और चुनावों में उनकी भागीदारी महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए, मतदाता पंजीकरण से लेकर जमीनी स्तर पर प्रचार अभियान तक के प्रत्येक चरण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता होती है।

पहली बार के मतदाता नए दृष्टिकोण के साथ पारदर्शिता और समावेश जैसे आदर्श लेकर आते हैं। एक युवा मतदाता की ऊर्जा और तकनीक-प्रेमी प्रकृति, चुनावी परिदृश्य को जीवंत बनाती है तथा नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप पहुंच और उत्तरदायित्व को बढ़ावा देती है। युवा निर्वाचित प्रतिनिधियों को जवाबदेह बनाने एवं जनता से जुड़े मुद्दों का समर्थन करने व आवाज उठाने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा इस प्रकार लोकतंत्र के महत्व और इसके प्रति निष्ठा की रक्षा करते हैं। महात्मा गांधी के शब्दों में, भविष्य इस पर निर्भर करता है कि आप आज क्या करते हैं। लोकतंत्र का पहिया एक बार फिर से घूम रहा है, भारत में आम चुनाव, 2024 की तैयारी चल रही है, ऐसे में राष्ट्र के भाग्य को स्वरूप देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया जाना जरूरी है। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम ''मन की बात'' में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी प्रक्रिया में युवाओं की सहभागिता के महत्व पर जोर दिया और पहली बार मतदाता बने युवाओं के लिए लक्षित निर्वाचन आयोग के ''मेरा पहला वोट देश के लिए÷ अभियान के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने भारत के युवाओं के जोश और उत्साह की सराहना की तथा उनसे सक्रिय रूप से मतदान में भाग लेने की अपील की क्योंकि देश के भविष्य पर इसका प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है।

पहली बार मतदाता बने युवाओं से रिकॉर्ड संख्या में भाग लेने की अपील करते हुए, उन्होंने देश की नियति को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विभिन्न सेक्टरों से जुड़े प्रभावशाली लोगों से अभियान में शामिल होने तथा सामाजिक बदलाव को प्रेरित करने में उनकी प्रभावी भूमिका को स्वीकार करते हुए युवा मतदाताओं को प्रोत्साहित करने की अपील की। चुनावी माहौल के बीच, उन्होंने युवाओं से न केवल राजनीतिक कार्यकलापों में भाग लेने का आग्रह किया बल्कि वर्तमान में जारी चर्चाओं और बहसों के बारे में भी जानकारी रखने की अपील की। भारतीय निर्वाचन आयोग चुनावों में युवाओं की सार्वजनिक प्रबुद्ध सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ''मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान चला रहा है। केंद्रीय मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने अभियान गीत लॉन्च किया जो युवा मतदाताओं को उनके लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने की देश की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह अभियान गीत मतदाता जागरूकता अभियान का एक हिस्सा है जो चुनावी प्रक्रिया में युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी की अपील की भावना का प्रतीक है। देश भर के युवा इस अभियान गीत को अपने युवा मित्रों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के आह्वान के रूप में अपना रहे हैं।

इस पहल के तहत उच्च शिक्षा संस्थान (एचईआई) देश भर में मतदाता जागरूकता कार्यकलापों का आयोजन कर रहे हैं और अधिक प्रतिनिधि लोकतंत्र के लिए मतदान करने के मूल्य पर जोर दे रहे हैं। जहां उच्च शिक्षा संस्थान वास्तविक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं, ऑनलाइन प्रतियोगिताएं भी माईगव प्लेटफॉर्म पर आयोजित की जा रही हैं जिनमें ब्लॉग लेखन, पॉडकास्ट, वाद-विवाद आदि का आयोजन किया जा रहा है जिससे कि कंटेंट सृजन में रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया जा सके। कार्यशालाएं, संगोष्ठियां, फ्लैश मौब्स तथा मतदाता संकल्प अभियान छात्रों को चुनावी प्रक्रिया की तरफ और अधिक आकर्षित कर रहे हैं तथा इन्हें इसके बारे में शिक्षित कर रहे हैं जिसमें एनएसएस स्वयंसेवक तथा संस्थान के क्लब सक्रिय रूप से अभियान में हिस्सा ले रहे हैं।

प्रधानमंत्री की अपील के जवाब में, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और मनोरंजन उद्योग सहित विभिन्न प्लेटफार्मों के प्रभावशाली लोग सक्रिय रूप से इस अभियान का समर्थन कर रहे हैं और पहली बार मतदाता बने युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं। देश के कोने-कोने से खेल, मनोरंजन, व्यापार और उद्योग जैसे क्षेत्रों में अपनी छाप छोड़ने वाले प्रमुख नाम इस संदेश को दूर-दूर तक फैलाने के लिए एक साथ आए हैं। इस अभियान में जसप्रीत बुमराह, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद सिराज, अवनि लेखारा, सैखोम मीराबाई चानू जैसे मेरे साथी खिलाड़ी और अनिल कपूर, प्रोसेनजीत चटर्जी, रवीना टंडन, राणा डूग्गुबाती, कैलाश खेर, श्रेया घोषाल जैसी फिल्मी हस्तियां व रितेश अग्रवाल, बी. वी. आर. मोहन रेड्डी जैसे उद्योग जगत के अगुआ और कई पद्म पुरस्कार विजेताओं ने भाग लिया है, जिससे यह अभियान मतदाता जागरूकता का एक 'राष्ट्रीय आंदोलन' बन गया है। यह 'जन आंदोलन' युवाओं की आवाज की सामूहिक शक्ति और देश के लोकतांत्रिक परिदृश्य को आकार देने में उनकी सक्रिय भागीदारी के महत्व को रेखांकित करता है। आइए हम इस जिम्मेदारी को उठाने और अपनी सामूहिक आवाज की ताकत का उत्सव मनाने के लिए एकजुट हों। आइए हम इस चुनौती को स्वीकार करें, आइए हम अपनी आवाज उठायें और आइए हम दूसरों को भी ऐसा करने के लिए सशक्त बनायें। एक एथलीट के रूप में, हम ट्रैक और फील्ड के चैंपियन हैं; लेकिन एक युवा के रूप में, हम 'परिवर्तन के वाहक' हैं। लोकतंत्र के खेल में, हर वोट का महत्व होता है और हर आवाज़ मायने रखती है।

(नीरज चोपड़ा, भारतीय ट्रैक और फील्ड एथलीट तथा पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के मौजूदा ओलंपिक एवं विश्व चैंपियन हैं। ये उनके व्यक्तिगत विचार हैं।)

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 44 ईपू: रोमन सम्राट जूलियस सीजर की हत्या 1493: महान नाविक क्रिस्टोफर कोलम्बस वापस अपने देश स्पेन पहुंचा। 1892: पहली बार न्यूयॉर्क में ऑटोमेटिक बैलट मशीन का इस्तेमाल किया गया। 1985: पहला डोमेन नाम 'सिम्बोलिक डॉट कॉम' पंजीकृत किया गया। 2002: बार्सिलोना में 2002 में यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन शुरू। 1901: महान कुश्ती प्रशिक्षक व पहलवान गुरु हनुमान का जन्म हुआ। 1934: बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम का जन्म हुआ। 1882: अंग्रेज़ प्रत्ययवादी दार्शनिक टी.एच. ग्रीन का निधन। 1959: नाइजीरिया के प्रसिद्ध वैश्विक कवि बेन ओकरी का जन्म। 1977: 2008 मुंबई आतंकी हमले में शहीद हुए एनएसजी कमांडो संदीप उन्नीकृष्णन का जन्म हुआ था। 1992: प्रसिद्ध साहित्यकार राही मासूम रज़ा का निधन। 2009: भारत की प्रथम महिला विमान चालक सरला ठकराल का निधन। 2011: सीरिया में बड़े पैमाने पर गृहयुद्ध शुरू

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

थक जाये कदम मेरे तुम सम्भाल लेना

थक जाये कदम मेरे तुम सम्भाल लेना आंख बंद होने लगे तुम धीरे से जगा देना जब साथ कोई ना दें तुम हाथ थाम लेना ढूंढू जिंदगी को जब तुम जिंदगी ढूंढ देना बस इतना ही साथ प्रिय साथ तुम देना। **-प्रीति श्रीवास्तव**

खुशी से रंजिश दर्द हमसफर, है तो

खुशी से रंजिश दर्द हमसफ़र, है तो है, उदासी फ़ख़्त उदासी मुकद्दर, है तो है,, वो जिसे महबूब बुलाते हैं इश्क वाले, मेरा वाला इंतिहाई सितमगर, है तो है, मेरे शाने पर रखकर सर जो रोया कभी, उसके शाने पे कोई और सर, है तो है, तू पढ़ना मगर आंसू न बहाना जानेजाँ, अब ये ग़ज़ल दर्द से तर-बतर, है तो है,, गुल, गुलिस्तां और थी कलियां बेशुमार, बाद तुम्हारे अब ये जमीं बंजर, है तो है। **अनिल अनमोल शर्मा**

ख़ास पाती | दर्द सीने में मेरे, यूँ ही मुसलसल

दर्द सीने में मेरे, यूँ ही मुसलसल होगा आपकी दीद से ही, हिज्र मुकम्मल होगा जान से जायेंगे ,तब जान में जान आयेगी यह तो होना ही है, जो आज़ नहीं कल होगा इश्क़ वालों से सहूलत का सौदा ना करो यह अज़ीयत से गुज़र कर ही तो अव्वल होगा।

अनु मित्तल इंदु

यादों में कुछ दबा रह जाता है

यादों में कुछ दबा रह जाता है जैसे दिल में धरा रह जाता है। जो शख्स मारा-मारा है फिरता मरा अगर जिंदा रह जाता है। दर-बदर फिरता क्या है ढूँढता मिला जिसे बचा रह जाता है। जो बना है सफ़र का मुसाफ़िर खुद को वो देखता रह जाता है। कितना खोया ,कितना है पाया हिसाब यहीं रखा रह जाता है। ठिकाने बदले रिश्ते सब बदले मकान का बस पता रह जाता है। **सपना चन्द्रा**

अक्सर अकेलापन हमें वह सिखाता है

अक्सर अकेलापन हमें वह सिखाता है जो ये समाज सोच भी नहीं सकता, वास्तव में हम कभी अकेले नहीं होते। या तो हम किसी और के साथ होते हैं या फिर खुद के साथ। खुद के साथ बिताए पलों को बयाँ कर पाना कठिन है क्योंकि वो बड़े अजीब होते हैं, बड़े बेढंगे से शायद उन्हें समझाया नहीं जा सकता। आप भी कभी आईने के सामने खड़े हुए होंगे, अक्सर कुछ देर उसके सामने बैठे भी होंगे। अपने चेहरे को निहारा होगा, उसे सजाया होगा और उसे इस समाज के समक्ष ले जाने के योग्य बनाया होगा। कभी उसे पढ़ने की कोशिश कीजिये, उस पर बिखरे सन्नाटों को चीर कर देखिये तो, जो मिलेगा उसे बताने के लिए यकीनन शब्द नहीं होंगे। **संतोष कुमार मिश्रा**

ले चलो पीले सरसों के खेतों

ले चलों पीले सरसों के खेतों में, मिट्टी की खुश्बु में घुलेगें हम तुम लेकर इश्क़ का मतवाला पीला रंग, मेरे दुपट्टे में बांध देना तुम मैं लहराऊँ मैं इतराऊँ थोड़ी सी शरमाऊँ, प्रिय, बनकर वसंत मुझमें उतर जाना तुम. रंगो की बातें.. बंसत और रंग। **मोनिका आद्या**

गरीबों के सपनों को कभी अपने

गरीबों के सपनों को कभी अपने पैरों से रौंद कर न गुजरना ,वे हमेशा उम्मीद के चंद लम्हों के सहारे जीते हैं ।उन्हें हो सके तो स्नेह और अपना प्यार देना कब उनकी दुआ आपको नई मंजिल की सीढ़ी का रास्ता दिखा दे । प्रेम से प्रेम बढ़ती है घृणा से घृणा ।

लक्ष्मी नारायण लहरे साहिल

यह सच है जज्बातों के थे मेरे

यह सच है जज्बातों के थे मेरे गान सारे हर बार मैंने ही लिखा आह के गान सारे दुर्भाग्य था रूह का मिलना और बिछड़ना उस काली रात ने लूटा था मेरे मान सारे श्वास की आस पाषाण हृदय को कहाँ, कहाँ मिटे हैं मन के छाले तुम्हे चाह कर कलंकित ही रहा जग में, नेह के मेरे अरमान सारे नियति का था वह क्रूर प्रहार, जो स्वप्न को था व्यथा में परिणित होना अब पथ तुम्हरा स्वर्ण रज से सना मैं खुद को तुम्हारा कैसे मान लिख दूँ अंकित करूँ मैं कैसे मन के पीर को, जो छल ही चूका है अब तकदीर को मनुहार ठुकराकर तेरे अगणित मैंने, जब तोड़ दिया था अरमान तुम्हारे यह सच है जज्बातों के थे मेरे गान सारे हर बार मैंने ही लिखा आह के गान सारे।

निरज वर्मा नीर

QUIZ TIME

1) छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में इको ग्रीन मतदान केन्द्र किस जिला को बनाया गया था?

2) 1 जनवरी 2024 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किस स्थान पर भारत के पहले पूर्ण बालिका सैनिक स्कूल का उद्घाटन किया?

3) 24 जनवरी 2024 को बिंदेश्वर पाठक को किस श्रेणी के तहत पद्म विभूषण पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया?

4) कौन-सा भारत आने वाला पहला अंग्रेज जहाज है?

5) इंडियाज गॉट-टैलेंट सीजन-10 की विजेता कौन है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कांकेर (2) वृंदावन (3) सामाजिक कार्य (4) रेड ड्रैगन (5) [illegible]

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -363

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

ऊपर से नीचे

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।

1		2	3	4		■	■	5
	■	6			■	7		
8	9	■	■	10	11		■	
■		■	12	■	13			
14		■	15				■	■
■	16			■	■	■	17	18
19	■	■	20	21	22	■	23	
	■	24	■	25		26		■
27					■	28		

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 362 का हल

भू	कं	प	■	फा	य	दा	■	स
प	■	ल	ला	ट	■	य	ती	म
ति	ल	क	■	क	न	क	■	झ
■	क्ष	■	■	■	रे	■	■	■
ग	ण	क	■	सं	श	य	■	सौ
ह	■	या	च	क	■	म	न्न	त
रा	क्ष	स	■	र	क्ष	क	■	न
■	त्रि	■	■	■	मि	■	■	■
शा	य	री	■	का	त	र	■	गो

आज का पंचांग

सूर्योदय:06:40, सूर्यास्त: 06:32, चन्द्रोदय: 08:53, चन्द्रास्त: 23:05, अयन-उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु: वसंत शक-सम्वत: 1945 (शोभकृत), विक्रम-सम्वत: 2080 (पिंगल), मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल, तिथि-षष्ठी, नक्षत्र-कृत्तिका, योग-विष्कुम्भ, प्रथम करण-बव (12:20 तक), द्वितीय करण-बालव (23:25 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य-मीन, चंद्र-वृष (22:39 से), मंगल-मकर (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध-मीन (उदित, पश्चिम, मार्गी), गुरु-मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र-कुम्भ (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि-कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु-मीन, केतु-कन्या।

शुभ यात्रा दिशा: दक्षिण-पूर्व (दही का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण: आज जन्मे शिशुओ का नाम कृतिका नक्षत्र के प्रथम , द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (अ, ई, ऊ, ए) नामाक्षर से रखना शास्त्र सम्मत है।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष: आपके अंदर चंचलता एवं भावुकता अधिक रहेगी। आपसे कोई भी व्यक्ति अपना स्वार्थ आसानी से सिद्ध कर लेगा।

वृष: आपको प्रत्येक कार्य मे अधिक सतर्कता बरतने की सलाह है। आपसी संबंधों को लेकर भी गंभीर रहे आज किस की अनदेखी करने से बने बनाये लाभ से हाथ धो बैठेंगे।

मिथुन: आपको कही ना कही से अचानक धन की प्राप्ति होगी। नियमित होने वाली आय के साथ ही अतिरिक्त आय भी बना लेंगे।

कर्क: आज भी दिन आपके अनुकूल रहेगा आज आपके साथ लंबे समय तक के लाभ के संबंध जुड़ेंगे। रोजगार के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयास आज फलीभूत होंगे।

सिंह: आज का दिन आरंभिक भाग में पुरानी योजना पूर्ण होने से अथवा अन्य कार्यो से धन की आमद होगी, अधिक लाभ होगा।

कन्या: आपको अनचाहे हालातो का सामना करना पड़ेगा। जिस भी कार्य को करेंगे उसमे व्यवधान आएगा।

तुला: आज आप का दिन उत्तम रहेगा लेकिन आज आप अनजाने में किसी गलतफहमी के शिकार होंगे जिससे स्नेहीजन से तकरार होगी।

वृश्चिक: आज का दिन भी आपकी सुख सुविधा में बढ़ोतरी वाला है। परन्तु स्वभाव में लापरवाही भी रहने से इसका पूरा लाभ नही उठा पाएंगे।

धनु: आज के दिन आपको किसी परिचित से नई व्यवहारिक सीख मिलेगी।

मकर: आज के दिन आस-पास का वातावरण आपकी सोच के विरुद्ध रहने से आप क्रोध आवेश से भरे रहेंगे।

कुंभ: आज का दिन आपके लिये मिश्रित फलदायक रहेगा। दिन के आरंभ थोड़े विलम्ब से होगा पूजा-पाठ के लिये समय निकालेंगे।

मीन: आज का दिन आप भागदौड़ से दूर रहकर शांति से बिताना पसंद करेंगे। घर के सदस्य खास कर महिलाये आपकी पसंद का विशेष ध्यान रखेंगे।

टीकाकरण में लापरवाही के लिए दो ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक निलंबित

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिल्हा ब्लॉक के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र बिरकोना में कार्यरत दो ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक सुषमा बंजारे एवं राकेश साहू को टीकाकरण कार्य में लापरवाही के कारण निलंबित किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य संयोजको का मुख्य दायित्व टीकाकरण कार्य होता है। इनके द्वारा अपने क्षेत्र में सघन रूप से टीकाकरण कार्य नहीं किया गया, जिसके कारण टीकाकरण का लक्ष्य प्रभावित हुआ है। कलेक्टर द्वारा लगातार स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की जा रही है। लक्ष्य अनुरूप कार्य नहीं करने वाले कर्मचारियों पर सख्त एक्शन के निर्देश दिए गए हैं। पूर्व में भी कलेक्टर के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने बिल्हा अस्पताल में मरीज से पैसे की लेनदेन के आरोप में स्टाफ नर्स को निलंबित एवं जीवनदीप के कर्मचारियों को बर्खास्त की करने की कार्रवाई की थी।

अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा क्षेत्र में बढते अपराधो एवं चाकूबाजी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु आपरेशन प्रहार के तहत कार्यावाही करने निर्देशित किया गया है जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर, उमेश कश्यप तथा नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली पूजा कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय चैधरी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा आज आरोपी रवि यादव पिता वेदराम यादव उम्र 24 वर्ष निवासी चिंगराजपारा को रिवर व्यू कांपलेक्स के पास लोहे का धारदार कत्ता लेकर लोगों को डराते धमकाते पकड़ा गया, जिसे धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

मुंगेली और शिवपुर चर्चा नपा में सीएमओ को मिला वित्तीय अधिकार

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन ने मुंगेली नगर पालिका और कोरिया जिले के शिवपुर चर्चा नगर पालिका में नगर पालिका अध्यक्षों को प्रदत्त वित्तीय अधिकारों को निलंबित करते हुए आगामी आदेश पर्यंत दोनों नगर पालिकाओं के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को एकल हस्ताक्षर से धनादेश (चेक) जारी करने के लिए प्राधिकृत किया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा आज मंत्रालय से इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं।

खोंड समपार मरम्मत कार्य के लिए रहेगी बंद

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत नैला-अकलतरा स्टेशन के मध्य किमी. 688/25-27 पर स्थित मानव सहित समपार संख्या 351 (खोंड फाटक) को 16 मार्च (शनिवार) सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक आवश्यक मरम्मत कार्य हेतु सड़क यातायात के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है। उक्त समपार पर मरम्मत कार्य के दौरान यातायात के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पास में ही अकलतरा रोड ओवर ब्रिज एवं कापन फाटक से उपलब्ध है।

क्रिकेट में ऑन स्पॉट सट्टा खेलते 5 युवक गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस को मीडिया पोर्टल्स एवं सोशल मीडिया के माध्यम से यह बात सामने में आयी कि कुछ युवकों द्वारा क्रिकेट मैच में लाइव दांव लगाकर सट्टा खेल और खेलावा रहें है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देश पर टीम गठित कर दर्शकों के बीच जाकर सूचना की तस्दीक की गई। सूचना की पुष्टि होने पर क्रिकेट में सट्टे का दांव लगा रहे 5 युवकों को पुलिस ने धर दबोचा। युवकों के कब्जे से 11,100 रुपए नगद, 1 सट्टा पट्टी बरामद किया गया। पांचों युवकों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम, 2022 की संगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर पाँचो आरोपियों को न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमांड के लिए पेश किया हैं।

निर्वाचन कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित

बिलासपुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय, न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07752-222877 है। कंट्रोल रूम में अधिकारी-कर्मचारी चौबीसो घंटे ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। कंट्रोल रूम के नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर एसएस दुबे है। यह कंट्रोल रूम निर्वाचन की घोषणा के तारीख से निर्वाचन की समाप्ति तक संचालित होगा। निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान व्यय अनुवीक्षण में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मध्य संपर्क स्थापित करने, अनुवीक्षण दलों को सूचना देने, निर्वाचन व्यय मॉनिटरिंग संबंधी जानकारियों एवं सूचनाओं का आदान-प्रदान एवं शिकायतों को रजिस्टर करने यह कंट्रोल रूम कार्य करेगा।

दिव्यांगजन आज निकालेंगे मतदाता जागरूकता रैली

बिलासपुर/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा निर्वाचन के मददेनजर स्वीप कार्यक्रम के तहत शहर में 15 मार्च को सवेरे 7.30 बजे दिव्यांगजन मतदाताओं के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली जाएगी। यह रैली जिला कार्यालय के समीप स्थित मल्टीलेवल पार्किंग से प्रारंभ होकर नेहरू चौक, देवकीनंदन चौक होते हुए स्वामी आत्मानंद स्कूल, तिलकनगर में समाप्त होगी।

उप मुख्यमंत्री साव के अनुमोदन के बाद स्वीकृति आदेश जारी

मुंगेली नपा में अधोसंरचना विकास के लिए 11.44 करोड़ स्वीकृत

आगर नदी सौंदर्यीकरण के लिए मिले 3.08 करोड़, 48.13 लाख की लागत से बनेगी चौपाटी

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा मुंगेली नगर पालिका में अधोसंरचना विकास के विभिन्न कार्यों के लिए कुल 11 करोड़ 44 लाख चार हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। विभाग द्वारा आगर नदी के सौंदर्यीकरण के लिए तीन करोड़ आठ लाख 24 हजार रुपए और चौपाटी निर्माण के लिए 48 लाख 13 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं। मुंगेली में देवांगन समाज मुक्तिधाम विकास कार्य के लिए 48 लाख 32 हजार रुपए एवं स्मार्ट टॉयलेट ब्लॉक के निर्माण के लिए करीब 26 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग द्वारा मुंगेली नगर पालिका में 110 कार्यों के लिए राशि स्वीकृति के आदेश जारी कर दिए गए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने सभी कार्यों को अच्छी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा मुंगेली नगर पालिका के लिए स्वीकृत 11 करोड़ 44 लाख चार हजार रुपए की राशि से शहर के विभिन्न वार्डों में उद्यानों के विकास, मैदान समतलीकरण, बाउंड्रीवॉल निर्माण, प्रतिमा स्थापना एवं सौंदर्यीकरण, सीसी रोड निर्माण, बीटी रोड निर्माण, नाली

निर्माण, चौपाटी निर्माण, आगर नदी में सौंदर्यीकरण कार्य, सामुदायिक भवनों के निर्माण, मुक्तिधामों के उन्नयन एवं विकास कार्य तथा स्मार्ट टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा मुंगेली में भारत माता मंदिर के पास उद्यान के विकास के लिए 27 लाख 59 हजार रुपए, सरस्वती शिशु मंदिर के पास मैदान समतलीकरण के लिए 35 लाख 70 हजार रुपए, महाराणा प्रताप वार्ड पेण्डाराकापा में मुक्तिधाम के उन्नयन के लिए 35 लाख 15 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-11 में मुक्तिधाम के उन्नयन के लिए 29 लाख 84 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-6 में परमहंस गेट से खर्राघाट तक सीसी रोड के लिए 25 लाख 85 हजार रुपए तथा वार्ड क्रमांक-12 में मुक्तिधाम में कम्पाउंड वॉल निर्माण के लिए 35 लाख दस हजार रुपए मंजूर किए गए हैं।

8 नगरीय निकायों के लिए 4.84 करोड़ रुपए मंजूर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के आठ नगरीय निकायों के लिए 14वें एवं 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत कुल चार करोड़ 83 लाख 81 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। इनमें 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत सात नगरीय निकायों के लिए कुल चार करोड़ 79 लाख 68 हजार रुपए और 14वें वित्त आयोग के तहत सारंगढ़ नगर पालिका के लिए चार लाख 13 हजार रुपए की राशि शामिल हैं। नगरीय निकायों में विकास कार्यों में तेजी लाने उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने ये राशि मंजूर की है। उन्होंने गुणवत्ता एवं समय-सीमा का ध्यान रखते हुए इन राशियों से प्रस्तावित कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं।

15वें वित्त आयोग मद से मिली राशि

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत नारायणपुर नगर पालिका के लिए एक करोड़ 17 लाख चार हजार रुपए, सरगांव नगर पंचायत के लिए 15 लाख रुपए, किरोड़ीमलनगर नगर पंचायत के लिए 18 लाख रुपए, खोंगापानी नगर पंचायत के लिए 93 लाख 35 हजार रुपए, छुरा नगर पंचायत के लिए 18 लाख 98 हजार रुपए, सिमगा नगर पंचायत के लिए 53 लाख 97 हजार रुपए और सक्ती नगर पालिका के लिए एक करोड़ 63 लाख 34 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। वहीं 14वें वित्त आयोग के तहत सारंगढ़ नगर पालिका के लिए चार लाख 13 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं।

एयू में कुलपति ने छात्रों को दिलाई मतदान की शपथ

बिलासपुर/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा निर्वाचन एवं सभी निर्वाचनों में नागरिकों द्वारा शत-प्रतिशत मतदान करने एवं उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक करने के लिए जिले में उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम ''स्वीप'' चलाया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में आज अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य एडीएन बाजपेई के द्वारा विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के छात्रों को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान करने हुए मतदाता शपथ दिलाई गई। स्वीप व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और

चुनावी भागीदारी के लिए एक संक्षिप्त नाम है। यह भारत में मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरूकता बढ़ाने और मतदाता साक्षरता का समर्थन करने के लिए भारत के निर्वाचन आयोग का प्रमुख कार्यक्रम है।

संरक्षा के लिए सर्तकता व सजगता से कार्य करें

मंडल रेल प्रबंधक पाण्डेय के मार्गदर्शन में उमरिया स्टेशन में संरक्षा संगोष्ठी

बिलासपुर/नवप्रदेश। मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय के मार्गदर्शन में तथा वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी अनुराग कुमार सिंह के निर्देशन में मंडल संरक्षा विभाग द्वारा संरक्षा कोटि के कर्मचारियों में सजगता के साथ बेहतर संरक्षित कार्य प्रणाली सुनिश्चित करने हेतु अनेक संरक्षा अभियान चलाये जा रहे हैं 7 इसी कड़ी में आज 14 मार्च को उमरिया स्टेशन में एआरएम डॉ. पी के लोध एवं संरक्षा सलाहकारों की उपस्थिति में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में स्टेशन मास्टर, चालक, परिचालक गार्ड, फिटर, एसएसई, जेई, डीटीआई, पाइंटमैन, गेटमैन, सहित सभी विभागों के लगभग 100 रेल कर्मचारियों ने भाग लिया। संगोष्ठी में दुर्घनाओं के संभावित कारणों को पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रदर्शित किया गया तथा दुर्घटनाओं को रोकने के उपायों एवं इस दौरान ली जाने वाली सावधानियों के बारे

में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही सिग्नल एवं पाइंट्स खराब होने पर स्टेशन मास्टर के कर्तव्य, शंटिंग के दौरान ली जाने वाली सावधानियां, सिग्नल का आदान-प्रदान, इंटरलॉक तथा नान-इंटरलॉक प्वाइंट पर शंटिंग के दौरान ली जाने वाली सावधानियां, ओएचई ब्लाक के दौरान ली जाने वाली सावधानियां, शीतकालीन पेट्रोलिंग, रेल फ्रेक्चर तथा वेल्ड फ्रेक्चर की स्थिति में ट्रैक की सुरक्षा, लोडिंग अनलोडिंग पाइंट्स पर वैगन के दरवाजों का सही ढंग से बंद होना सुनिश्चित करना, नान-सिग्नलिंग में गाडी चलाने के दौरान चालक एवं सहायक चालकों का कर्तव्य, आपदा प्रबंधन एवं स्पीड से बचाव के तरीकों जैसे अनेक गहन मुद्दों पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही साथ नागरिक सुरक्षा निरीक्षक के द्वारा फायर फाइटिंग एवं प्रथमोपचार की भी प्रशिक्षण दी गई । संगोष्ठी में संरक्षा नियमों की पूरी जानकारी अद्यतन रखने तथा संरक्षा नियमों का पालन करते हुए अपने कार्यों का निष्पादन सर्तकता एवं सजगता के साथ करने की सलाह दी गई।

घर से लापता 3 बालिकाएं 24 घंटे में बरामद

बिलासपुर/नवप्रदेश। 12 मार्च को तीन बच्चों की लापता होने की रिपोर्ट सरकंडा थाना में परिजनों ने दर्ज कराई थी। एसपी के निर्देश पर पुलिसकर्मियों ने पतासाजी की और 24 घंटे के भीतर तीनों लापता बच्चों को बरामद कर लिया गया।

जानकारी के अनुसार 17 फरवरी को 3 बालिकाएं, जिनमें 2 नाबालिग और 1 बालिग थी, के परिजनों की सूचना पर गुम इंसान क्रमांक 59/24, 60/24 तथा 61/24 कायम किया तथा धारा 363 के अंतर्गत अपराध क्रमांक 316/24 एवं 317/24 पंजीबद्ध किया गया था। मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) उमेश कश्यप तथा नगर

पुलिस अधीक्षक (कोतवाली) पूजा कुमार को अवगत कराया गया। सरकण्डा पुलिस द्वारा तत्काल लापता बालिकाओं के संबंध में धरातल पर तथा साइबर स्पेस में पतासाजी शुरू की गयी। पतासाजी के दौरान बालिकाओं की जिस फ़ोन नम्बर पर बात हो रही थी, वह फ़ोन अभ्यासिक अपराधी विनय मलिक के पास होने का पता चला। इस पर तत्काल सरकण्डा थाना के द्वारा विशेष टीम गठित कर विनय मलिक की लोकेशन प्राप्त कर घेराबंदी की गयी। घेराबंदी करने के पश्चात विनय मलिक के ठिकाने पर रेड करने पर तीनों बालिकाएं एक कमरे में बंद थीं और दूसरे कमरे में विनय मलिक था। रेड की कार्यवाही के दौरान अभ्यासिक अपराधी विनय मलिक द्वारा भागने की कोशिश की जा रही थी, जिसे सरकण्डा थाने के स्टाफ द्वारा दौड़ाकर पकड़ा गया। तीनों बालिकाओं को 12 मार्च को सकुशल दस्तयाब कर विधिवत परिजनों को सुपुर्द किया गया है। मामले में विवेचना जारी है। मामले का मुख्य आरोपी विनय मलिक बिलासपुर शहर का एक आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध अब तक लगभग 2 दर्जन मामले दर्ज किए जा चुके हैं। शहर के विभिन्न थानों में विनय मलिक के विरुद्ध चोरी, लूट, मारपीट, आर्म्स एक्ट, बलात्कार तथा अपहरण के मामले दर्ज हैं।

आज से बीरसिंहपुर स्टेशन में रुकेगी शहडोल एक्सप्रेस

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की मांग व उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के बीरसिंहपुर स्टेशन में गाड़ी संख्या 11202/11201 शहडोल-नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव की सुविधा 15 मार्च से उपलब्ध कराई जा रही है। गाड़ी संख्या 11202 शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस, बीरसिंहपुर स्टेशन 05.31 बजे पहुंचेगी तथा 05.32 बजे रवाना होगी 7 इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11201 नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस, बीरसिंहपुर स्टेशन 20.43 बजे

पहुंचेगी तथा 20.44 बजे रवाना होगी। इस सुविधा की उपलब्धता से यहाँ के यात्रियों को शहडोल-नागपुर-शहडोल के मध्य सीधी आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी।

एनटीपीसी ने रिकार्ड 400 बिलियन यूनिट बिजली का किया उत्पादन

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी द्वारा वित्त वर्ष 2023-24 में 13 मार्च 2024 तक 400 बिलियन यूनिट (बीयू) उत्पादन का आंकड़ा पार कर लिया। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान, कंपनी द्वारा 399.3 बिलियन यूनिट (बीयू) बिजली उत्पादन किया गया था, जिसे यह वर्ष वित्त वर्ष ख़त्म होने के पहले ही पार कर लिया गया है।13 मार्च तक, एनटीपीसी के कोयला स्टेशनों द्वारा 77.06 प्रतिशत का प्लांट लोडिंग फैक्टर (पीएलएफ) दर्ज किया गया। इससे पहले, वर्ष 2023-24 के दौरान, कंपनी ने 1 सितंबर 2023 को 1428 मिलियन यूनिट (एमयू) का एक दिन का उच्चतम उत्पादन भी दर्ज किया था। एनटीपीसी इकाइयों का शानदार प्रदर्शन एनटीपीसी के इंजीनियरों, संचालन और रखरखाव प्रथाओं और प्रणालियों की विशेषज्ञता का प्रमाण है। इसके अलावा, यह उपलब्धि राष्ट्र को विश्वसनीय और सस्ती बिजली प्रदान करने की एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को सशक्त बनाती है। एनटीपीसी की स्थापित क्षमता 75.4 गीगावॉट है तथा 5 गीगावॉट नवीकरणीय सहित 18 गीगावॉट क्षमता निर्माणाधीन है। कंपनी 2032 तक 60 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। बिजली उत्पादन के साथ-साथ, एनटीपीसी ने ई-मोबिलिटी, वेस्ट-टू-एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन सहित विभिन्न नए व्यावसायिक क्षेत्रों में भी कदम रखा है ।

लोरमी के 25 गांवों में होगी बिजली की निर्बाध आपूर्ति-साव

उप मुख्यमंत्री ने 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र व 3.15 एम.व्ही.ए. पॉवर ट्रांसफार्मर का किया लोकार्पण

बिलासपुर/मुंगेली/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने विकासखण्ड लोरमी के ग्राम अखरार में 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र में 62 लाख रूपये की लागत से अतिरिक्त 3.15 एम.व्ही.ए. पॉवर ट्रांसफार्मर का लोकार्पण किया। उन्होने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि इससे ग्राम अखरार व आस-पास के 25 गांवों को निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति होगी। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री

विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन द्वारा जनहितैषी कार्यो के साथ अधोसंरचना विकास के कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। विकासकार्यो के लिए राशि की कमी नही होगी। विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र अखरार में 01 नग 3.15 एम.व्ही.ए. का पॉवर ट्रांसफार्मर चार्ज कर दिया गया है, जिससे अखरार, सरिसताल, कांसेरी, कांसरा, उरईकछार, घनाघाट, हरदी, दरवाजा, कारीडोंगरी, मोहापानी, तिलकपुर, फौजधारकांपा, झलरी, धनियाटोली, जरहापारा, बांकल, बोकराकछार, संचेडी, रामोनगर, मुनीबाबा, बाबाडोंगरी, हरदीबांधा, डोंगरिया एवं डोंगरी सहित कुल 25 ग्रामों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा उच्च वोल्टेज की प्राप्ति होगी। उन्होने बताया कि विधानसभा लोरमी अंतर्गत ग्राम नवलपुर एवं नवरंगपुर में 02 नए सबस्टेशन स्थापना का कार्य भी शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री तोखन साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

दिशा-निर्देश जनहित यचिका पर वाइल्ड लाइफ अधिकारियों को सख्त निर्देश

वन्यप्राणियों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी–हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। तेंदुओं के संरक्षण के लिए लगाई गई जनहित याचिका की सुनाई में आज मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रविन्दं कुमार अग्रवाल की बेंच ने कहा कि ने कहा कि अपने यहां जो वन्यप्राणी है उनको तो सुरक्षित करें, उनकी रक्षा करना हमारा धर्म है। कोर्ट के समक्ष विभाग ने स्वीकार किया कि जब भी तेंदुए की कोई समस्या आती है तो विभाग बिना चिन्हित किये कि कौन सा तेंदुआ प्रॉब्लम एनिमल है, तेंदुआ पकड़ लेता है और बहुत दूर छोड़ देता है, उसे रेडियो कॉलर भी नहीं लगता।

क्या है भारत सरकार की गाइडलाइंस

याचिकाकर्ता नितिन सिंघवी की तरफ से कोर्ट को बताया गया कि भारत सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार सबसे पहले कौन सा तेंदुआ समस्या है। उसे पहले चिन्हित करना है, उसे पकड़ कर रेडियो कॉलर लगाना है और उसे उसी के रहवास वाले वन में छोड़ना है ना की बहुत दूर। इसका कारण बताया गया कि तेंदुए अपने वन जहां वह रहता है उसके लिए बहुत झुकाव रखते हैं (होम इंस्टिंक्ट)। अगर उन्हें दूर छोड़ा जाता है तो वह वापस अपने जंगल (घर) लौटेगा। घर से दूर छोड़े जाने पर तेंदुए को मानसिक आघात लगता है। वह वापस अपने जंगल लौटने लगता है तो जंगल के बीच पड़ने वाले गावों में मानव–तेंदुआ द्वन्द बढ़ने की पूरी सम्भावना रहती है।

बिना चिन्हित किए पकड़ लेते हैं तेंदुआ

कोर्ट को एक घटना के बारे में बताया गया कि कांकेर में तेंदुए की समस्या पैदा होने पर बिना चिन्हित किये एक साथ तीन तेंदुए पकड़ लिए गए। एक को जंगल में छोड़ दिया गया, दो को रायपुर लाया गया जिसमें से एक की मौत सेप्टीसीमिया से हो गई, दूसरे को वापस कांकेर ले जाकर जंगल छोड़ा गया। जबकि वन विभाग को मालूम है कि तेंदुए को जब बेहोशी की दवा का इंजेक्शन लगाया जाता है तब बेहोशी से बाहर निकलते वक्त छटपटाहट और घबराहट के कारण, पिंजरे में इधर–उधर टकराकर वह खुद को घायल कर लेता है, उसे बाहरी चोट तो नहीं लगती है परन्तु आंतरिक चोटें लगने से उसे सेप्टीसीमिया हो जाता है जिससे कुछ ही दिनों में उसकी मौत हो जाती है। वन विभाग ने स्वीकार किया कि इस घटना में सेप्टीसीमिया से ही तेंदुए की मौत हुई थी।

चिन्हित करने के बाद ही पकड़ेंगे

विभाग ने कोर्ट को बताया कि भविष्य में विभाग प्रॉब्लम तेंदुए को चिन्हित करने के बाद ही पकड़ेगा और रेडियो कॉलर लगाने उपरांत छोड़ेगा और भारत सरकार की गाइडलाइंस का भी पालन करेगा।

विभाग अतिरिक्त शपथ पत्र प्रस्तुत करें

सिंघवी ने चर्चा में बताया कि छत्तीसगढ़ में 2018 की तुलना में 2022 में किए गए तेंदुओं के संख्या के अनुमान के अनुसार 130 से 175 तेंदुए कम हुए हैं और सबसे ज्यादा तेंदुए छत्तीसगढ़ के तीनों टाइगर रिजर्व में कम हुए हैं। इंद्रावती टाइगर रिजर्व में 95 प्रतिशत, उदंती सीता नदी में 70 प्रतिशत और अचानकमार टाइगर रिजर्व में 11प्रतिशत तेंदुए कम हुए हैं।

न्यूज गैलरी

सीएम साय को भेंट की गई पोट्रेट

कोंडागांव/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कोंडागांव प्रवास के दौरान जिले के मढ़ानार के स्कूली बच्चों द्वारा काष्ठ निर्मित मुख्यमंत्री का पोट्रेट शिक्षक शिवचरण साहू ने मुख्यमंत्री को भेंट की। मुख्यमंत्री साय ने दूरस्थ अंचल के इन स्कूली बच्चों के पोट्रेट को देखकर काफी प्रभावित हुए और उनके हुनर की तारीफ की। इस दौरान शिक्षक श्री साहू ने बताया कि वे माध्यमिक शाला के बच्चों को काष्ठ कला का प्रशिक्षण भी प्रदान कर रहे हैं। जिससे ये बच्चे हुनरमन्द होकर अब सुंदर और आकर्षक काष्ठ कला बना रहे हैं।

निर्माण कार्यों के लिए 55 लाख स्वीकृत

कांकेर/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेण्डी की अनुशंसा पर कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 55 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधानसभा क्षेत्र अंतागढ़ अंतर्गत 20 प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में पुस्तकालय के लिए बहुउद्देशीय एवं प्रतियोगी पुस्तक प्रदाय कार्य के लिए 20 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसी प्रकार कोयलीबेड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत घोड़ागांव के छेटेपारा में रंगमंच निर्माण हेतु 05 लाख रुपए ग्राम पंचायत उलिया के पद्दापारा में शिवमंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए, ग्राम पंचायत पखांजूर में हरिचांद सेवा आश्रम के पास शेड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए और पुराना शिव मंदिर के पास पखांजूर में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति कलेक्टर द्वारा प्रदान की गई।

25 को शराब दुकानें रहेंगी बंद

कांकेर/नवप्रदेश। जिला दंडाधिकारी अभिजीत सिंह द्वारा 25 मार्च को होली (जिस दिन रंग खेला जाय) के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उन्होंने 25 मार्च दिन सोमवार को जिले में स्थित समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, एफ.एल. 4(क) व्यावसायिक क्लब एवं एफ.एल. 7 सैनिक कैन्टीन को पूर्णतः बंद रखने तथा अवैध मदिरा संग्रहण, विनिर्माण, परिवहन एवं विक्रय पर पूर्णतः नियंत्रण रखने के लिए आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया है।

आर्थिक सहायता स्वीकृत

कांकेर/नवप्रदेश। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कांकेर द्वारा सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में उनके आश्रितों के लिए 25-25 हजार रूपये की सहायता राशि स्वीकृति की गई है। भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम भानबेड़ा निवासी श्री मानकलाल जैन की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती लच्छोबाई जैन को 25 हजार रूपये और तहसील कोरर के ग्राम घोड़दा निवासी शैलेश कुमार नाग की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में उनके आश्रित श्री लिलेश कुमार नाग के लिए 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

पुलिस और कोटवार ने की विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

कोंडागांव/नवप्रदेश। थाना अनंतपुर प्रभारी उप निरीक्षक अखिलेश धीवर द्वारा थाना क्षेत्र के शौहार्द वातावरण निर्मित कानून का पालन गलत गति विधियां की जानकारी पुलिस तक पहुचाने के उद्देश्य से कोटवारो के साथ बैठक की गई बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव से संबंधित, धर्मांतरण से संबंधित, एवं गांव के विभिन्न छोटी-बड़ी समस्याओं से पर चर्चा किया गया।

भाजपा की सरकार बनते ही छत्तीसगढ़ बना अपराधगढ़ : झूमुकलाल दीवान

कोंडागांव/नवप्रदेश। प्रदेश सरकार के लचर कानून व्यस्था एवम महिलाओं के साथ हो रहे दुव्यहार को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी कोंडागांव द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर कहा कि पूर्ववर्ती 15 साल की भाजपा सरकार के दौरान नक्सली क्षेत्रों में हुए महिला विरोधी अत्याचार एक बार फिर लोगों के स्मृति में आने लगा है। विष्णु देव साय की सरकार में अपराधियों और आरोपियों के हौसले बुलंद है पीड़ित को ही प्रताड़ित करने का सिलसिला भाजपा की सरकार में चल रहा है।नारायणपुर जिला के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में अध्यनरत नाबालिक छात्राओं से विद्यालय के शिक्षकों द्वारा लंबे समय से किये जा रहे अश्लील हरकतें, अश्लील बातें एवं अभद्र व्यवहार छेड़खानी की जा रही थी।साथ

सरकार ने नाबालिक बच्चियों के खिलाफ होने वाले इस जघन्य अपराध पर कार्रवाई के बजाय लीपा पोती किया गया। बस्तर के नारायणपुर जिले की यह घटना झलियामारी, मीना खलको, मड़कम हिड़मे और सोनी सोरी के प्रकरण की विभत्स घटनाओं की पुनरावृत्ति की तरह है। जैसे झलियामारी में मासूम बच्चियों के साथ शारीरिक शोषण शासकीय आश्रमों में हो रहा था कुछ वैसी ही घिनौना प्रयास नारायणपुर में हुआ। बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देने वाली भाजपा की साय सरकार में बेटियां स्कूल जाने से डर रही है।नारायणपुर, बस्तर, सूरजपुर, अंबिकापुर, दुर्ग, भिलाई, रायपुर में लगातार महिलाओं के ऊपर हमले हो रहे हैं, हिंसा हो रहे है, हत्याएं हो रही है, छेड़छाड़ हो रहा है।भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश में महिलाएं बेटियां असुरक्षित हुई है।महिलाओं बेटियों के साथ छेड़छाड़ रेप अपहरण मारपीट हिंसा की घटनाएं बढ़ी। पूर्व के रमन सरकार के दौरान भी महिला अपराध के मामले में छत्तीसगढ़ देश में टॉप फाइव राज्यों में था। एक बार और वही स्थिति निर्मित हो गई है साय सरकार में माता बहनें बेटियां डरी हुई भयभीत है स्कूल हो या बाजार घर कहीं भी महिलाये सुरक्षित नहीं है। सूरजपुर जिला के शिक्षा अधिकारी ने अपराधियों के डर से सुरक्षा देने में हाथ खड़ा कर दिया स्कूल जाने वाले बच्चों के माता-पिता को पत्र लिखकर बच्चों की सुरक्षा स्वयं करने को निर्देशित किया।साय सरकार बनने के बाद दूसरे राज्यों से महिलाओं को छत्तीसगढ़ में लाकर उनकी हत्या कर दी जा रही है उनके साथ रेप की घटनाएं हो रही है।

मोबाईल चोरी करने वाला आरोपी गिरोह गिरफ्तार

■ साप्ताहिक बाजारों एवं मेलो में चोरी की घटनाओं को देते थे अंजाम

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिला कोण्डागांव में पुलिस अधीक्षक वाय.अक्षय कुमार भा.पु.से. के निर्देशन में पुलिस ने साप्ताहिक बाजार कोण्डागांव में हो रहे मोबाईल चोरी के अज्ञात चोर के पता तलाश हेतु थाना कोण्डागांव और साइबर सेल की विशेष टीम गठित की गई।

पता तलाश दौरान सूचना मिला कि ग्राम मसोरा हाई स्कूल मैदान में कुछ लोग बाहर से आकर डेरा बनाकर रुके है और आसपास के साप्ताहिक बाजारों में घुम घुमकर मोबाईल चोरी करते है जिस पर संयुक्त टीम ने दबिश दिया। दबिश के दौरान कड़ाई से पूछताछ करने पर विभिन्न जगहों में जाकर सप्ताहिक बाजारों में आए लोगों का मोबाईल चोरी करना तथा चोरी किये गए मोबाईल को दिल्ली चोर बाजार में बेचना बताए। कभी कभी छग्गगण्के चोरो के साथ मिलकर चोरी करते है। अजय कभी निवासी भीम खोज छग. जो कि पूर्व से इनसे परिचित है, अजय ध्रुव द्वारा प्रेम महतो के ग्रुप से सपर्क कर बताए कि बस्तर में विभिन्न जगहो पर बाजारों, मेला में काफी भीड़भाड़ रहता है आप लोग आ जाओ बाजार/मेला में मोबाईल की चोरी करना है। बताने पर सभी बस बैठकर कोण्डागांव में दिनाक 10.03.2024 को पहुंचे और अजय ध्रुव से मिले साप्ताहिक बाजार में रेकी कर सभी ने मिलकर बाजार स्थल से आए व्यक्तियों का मोबाईल चोरी किया है। आरोपीगण एवं विधि से संघर्षरत बालक से चोरी का 10 नग मोबाईल जप्त किया गया जिनका बाजार मूल्य करीबन 450000/मूल्य मोबाइल के साथआरोपी अजय ध्रुव पिता बच्छा ध्रुव निवासी भीमखोज थाना आवरा डबरी जिला महासमुंद, प्रेम महतो पिता स्व० महेन्द्र महतो बाबूपुर तीन पहाड थाना राजमहल, राहुल महतो पिता स्व. छोटू महतो महाराजपुर नया टोला थाना तेलसारी, देवा कुमार पिता स्व. दाता राम नोनिया बाबुपुर तीन पहाड थाना राजमहल विकास कुमार महतो पिता खाट्समाल महतो उम्र 27 वर्ष बाबुपुर तीन पहाड थाना राजमहल विधि से संघर्षरत बालक निवासी झारखण्ड निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभी रक्षा में भेजा गया।

कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की बैठक

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक बैठक ली। बैठक में उन्होंने समस्त बच्चों को समय पर जन्म प्रमाण पत्र समय सीमा पर उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए ग्रामीण स्तर पर मरीज को समय पर एंबुलेंस की उपलब्धता, सभी स्वास्थ्य केंद्रों को समय में खुलने, दवाई की उपलब्धता तथा गंभीर मरीजों के उपचार हेतु ई संजीवनी के माध्यम से उचित उपचार एवं परामर्श अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने, समस्त स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध हिमोग्लोबिन मीटर एवं उपकरण की गुणवत्ता जांचने के निर्देश समस्त प्रभारियों को दिए।

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज पहुंचे मर्दापाल, कार्यकर्ताओं की ली बैठक

कोंडागांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सह बस्तर सांसद दीपक बैज कोंडागांव जिले के मर्दापाल में पहुंच कार्यकर्ताओं की बैठक ली मर्दापाल शिव मंदिर परिसर में बैठक आहूत की गयी जहाँ पर सांसद श्री बैज ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को चार्ज करते कहा चुनाव पार्टी लड़ती है हमारा प्रत्याशी पंजा छाप है कार्यकर्ताओं के दम पर हम चुनाव जीतेंगे मोदी के कार्यकाल को पिछले 10 सालों से देख रहे हैं देश में हाहाकार मचा हुआ है पेट्रोल डीजल गैस के दाम आसमान छू रहे हैं महिलाओ से पूछे वे बताएंगे घर का

रसोई चलाने में कितना दिक्कत हो रहा है भाजपा झूठ के सहारे सरकार में आती है भूल जाती है अपने वादों को यही भाजपा और भाजपाइयों की हकीकत है विधानसभा चुनाव में धोखे से जीती है भाजपा लोकसभा मे कांग्रेस के सांसद ज्यादा से ज्यादा जीतकर आएंगे हमारे कार्यकर्ताओं की ऊर्जा बयां कर रही है।बैठक के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष झूमुकलाल दीवान बस्तर जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलराम मौर्य पूर्व विधायक नारायणपुर चंदन कश्यप प्रदेश कांग्रेस सचिव सकुर खान जिला कांग्रेस महामंत्री रितेश पटेल सहित क्षेत्र के प्रमुख पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अश्लील फोटो वायरल करने वाले गिरफ्तार

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिले के थाना क्षेत्र फरसगांव में शादी का झांसा देकर बलात्कार करने व अश्लील फोटो वायरल करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है मामले के जानकारी

देते प्रभारी अधिकारी सौरभ उपाध्याय ने बताया कि प्रार्थिया ने दिनांक 25.02.2024 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करायी की परिचित के बुआ का लड़का टिकेश्वर यादव ग्राम मर्दापाल से आज से एक वर्ष पहले परिचित हुआ था । इसके बाद मोबाईल से बात करते थे। उसके बाद पीड़िता से शादी करूंगा कहकर पीड़िता के साथ जबरन गलत कार्य किया और पीड़िता का गलत फोटो खींच लिया जब पीड़िता टिकेश्वर यादव से शादी करने को बोली तो मना कर दिया और कहीं घर से बाहर भाग गया है। और टिकेश्वर यादव व्हाटसप ग्रुप बनाकर पीड़िता का खींचा हुआ अश्लील फोटो वायरल दिया है। कि रिपोर्ट के आधार पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

गौरीशंकर तिवारी नियुक्त हुए अधिकारी कर्मचारी संघ दंतेवाड़ा के जिला अध्यक्ष

किरंदुल/नवप्रदेश। नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुये दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के किरंदुल नगर पालिका में कार्यरत गौरीशंकर तिवारी सहायक राजस्व निरीक्षक को जिला दंतेवाड़ा अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है ज्ञात हो अपनी इन्हें कोरोना काल में भी जिला कलेक्टर के द्वारा सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी का भी पुरस्कार प्राप्त हो चुका है इसने सामाजिक एवं सार्वजनिक कार्य कुशलता एवं आधार पर इन्हें इस पद पर आसीन किया गया है गौरीशंकर

तिवारी ने बताया कि जिले में 3 नगर पालिका एवं 2 नगर पंचायत है जिसमे प्रत्येक कर्मचारियों की मांग एवं समस्या को प्रदेश पदाधिकारियों तक पहुंचाया जायेगा एवं नगरीय निकाय के कर्मचारियों की केंद्र के बराबर महंगाई भत्ता, ट्रेजरी में माध्यम से वेतन, ओल्ड पेंशन स्कीम आदि के लिए संघ की तरफ से शासन को मांग पत्र भेजा जायेगा साथ ही प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी जी को आभार व्यक्त किया को उन्होंने मुझे इस पद के लिए चुना एवं संगठन को मजबूत करने हेतु निरंतर प्रयास किया जायेगा

ग्राम विकास के लिए प्लानिंग टीम गठित

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत नाथियानवागांव में जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत को मजबूत करने के लिए सभी पंचायत कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य ग्राम पंचायत प्लानिंग एवं फैसिलिटेशन टीम का गठन किया गया। ग्रामीणों ने पंचायत से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए बेहतर कार्य एवं गांव के लोगों के सहयोग से शत-प्रतिशत योजनाओं के क्रियान्वयन, टीकाकरण अभियान की सफलता और शत-प्रतिशत स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति

सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। इस अवसर पर गांधी फेलो की प्रतिनिधि ने जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से शिक्षा स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों के संबंध में बताया। उन्होंने सरकार के एलएसडीजी लक्ष्यों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि एक ग्राम पंचायत को एकजुट करके एक स्वास्थ्य ग्राम पंचायत में तब्दील करने एवं सरपंच के निर्देशन में ग्राम पंचायत विकास योजना के लिए सहायता टीम ग्राम पंचायत प्लानिंग फैसिलिटेशन टीम का गठन किया गया।

संजीव दास ने श्री राधा कृष्णा मंदिर किरंदुल को भेंट किया साउंड सिस्टम

किरंदुल/नवप्रदेश। बंगाली कैंप वार्ड नंबर 4 मेनरोड में स्थित श्री राधा कृष्णा मंदिर में बुधवार फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के शुभ अवसर पर लक्ष्मणपुर कैंप निवासी भाजपा के मंडल महामंत्री संजीव दास ने साउंड सिस्टम भेंट किया।साउंड सिस्टम को मंदिर कमेटी के अध्यक्ष तुलसी राय सचिव बिप्लव मल्लिक भजन मंडली के सदस्य कृष्णा पल कौशल्या अधिकारी मालती सेन धीरू साहा कल्पना बर्मन शिखा सरकार संध्या गोलदार रूपेश हालदार करुणा पल मालती कीर्तनिया पुजारी शांति हालदार के हाथो सौंपा।संजीव दास ने कहा की आधुनिक

फीचर से सुसज्जित यह मेगा साउंड सिस्टम भगवान श्री राधा कृष्णा ठाकुर श्री सत्यानंद जी के चरणों में समर्पित है इससे ठाकुर जी के भक्त मधुर आवाज में भजन कीर्तन कर भगवान और उनके भक्तो को मोहित करेंगे।मंदिर समिति के अध्यक्ष तुलसी राय सचिव बिप्लव मल्लिक ने धन्यवाद करते हुए कहा की यह सराहनीय कार्य है।

अवैध शराब विक्रय करने वालों पर की जा रही है सख्त कार्रवाई

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का के निर्देश पर जिला आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब विक्रय करने वालों पर छापामार कार्यवाही की जा रही है। सूचना पर जिला आबकारी अधिकारी श्री एस.के. सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में आबकारी उप निरीक्षक श्री नीरज कुमार साहू एवं अभिषेक कुमार राजवाड़े के द्वारा ग्राम चितविश्रामपुर निवासी आनंद महंत के पास से अवैध रूप से रखे गये 6.5 लीटर महुआ शराब एवं 60 किलोग्राम महुआ लाहन तथा बलरामपुर निवासी अनुपा लकड़ा के पास से 18 लीटर अवैध महुआ शराब एवं 90 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त कर आबकारी अधिनियम के तहत् आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण कायम कर जेल भेज दिया गया है। जिला आबकारी अधिकारी श्री सुनील कुमार सूर्यवंशी ने बताया है अवैध शराब के निर्माण, विक्रय, परिवहन तथा सार्वजनिक जगहों पर मदिरापान और राष्ट्रीय एवं राजकीय राजमार्गों के किनारे संचालित होटल, ढाबा में शराब रखने, पीने एवं पीलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है।

विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 22.31 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

कांकेर/नवप्रदेश। अंतागढ़ विधायक श्री विक्रम उसेंडी की अनुशंसा पर कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह द्वारा अंतागढ़ विकासखण्ड अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्य हेतु कुल 22 लाख 31 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जारी आदेश के अनुसार जिले के अंतागढ़ विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत भैंसगांव में सांस्कृतिक भवन एवं शेड निर्माण कार्य के लिए 14 लाख 71 हजार रूपए, ग्राम पंचायत कानागांव के नदियापारा में तथा ग्राम पंचायत आमागांव के पटेलपारा में हैण्डपंप खनन कार्य हेतु प्रति पंचायत 01 लाख 30 हजार रूपए और ग्राम पंचायत कोदागांव के डोंगापारा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 05 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

श्रीरामलला दर्शन योजना के लिए जिला स्तरीय समिति गठित

कांकेर/नवप्रदेश। श्रीरामलला दर्शन (अयोध्या धाम) यात्रा योजना के तहत जिले के निवासियों को अयोध्या धाम यात्रा हेतु समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तर पर श्रीरामलला दर्शन यात्रा समिति का गठन किया गया है। उक्त समिति में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सदस्य एवं सचिव तथा पुलिस अधीक्षक, उपसंचालक समाज कल्याण, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिले के सत्कार अधिकारी और श्री बृजेश चौहान (नामांकित) को सदस्य बनाया गया है।

हिदुर में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ की दण्डाधिकारी जांच का आदेश

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह द्वारा जिले के छोटे-बेठिया थाना अंतर्गत ग्राम हिदुर जंगल पहाड़ी में हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ की घटना की दण्डाधिकारी जांच का आदेश जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार छोटे-बेठिया थाना अंतर्गत 03 मार्च 2024 को ग्राम हिदुर जंगल पहाड़ी में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में एक अज्ञात माओवादी की मृत्यु की दण्डाधिकारी जांच किये जाने बाबत् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की मांग अनुसार घटना की निष्पक्ष जांच, गंभीरता एवं आवश्यकता को देखते हुए अनुविभागीय दण्डाधिकारी पखांजूर श्री ए.एस. पैकरा को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच उपरांत प्रतिवेदन तैयार कर तीन सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने कहा गया है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ...

प्रदेश के ऐसे खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने खेलों में प्रदेश का नाम रोशन किया है। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार भी दिए गए।

मंच पर सीएम साय, स्पीकर डॉ. रमन सिंह, मंत्री टंकराम, रामविचार और सांसद सुनील सोनी। शहीदों के परिजन को भी किया सम्मानित गया। समारोह कार्यक्रम को सीएम विष्णु देव साय और विधानसभा स्पीकर डॉ रमन सिंह ने भी संबोधित किया। प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रोत्साहन और सम्मान जरूरी

सीएम साय ने कहा कि हर प्रतिभा समाज के विकास में योगदान देती है। प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रोत्साहन और सम्मान जरूरी है। इसीलिए हम सब यहां एकत्र हुए हैं। उन शहीदों को भी नमन जिनके नाम पर खिलाड़ियों को पुरस्कार दिया जाता है। डॉ रमन सिंह जी ने अपने कार्यकाल में खेलों को काफी बढ़ावा दिया।

प्रदेश में 31 खेलो ...

और दुर्ग के पाटन में कबड्डी, कांकेर में खो-खो, रायगढ़ और कोरिया में बैडमिंटन, धमतरी में कुश्ती और कोंडागांव में आर्चरी सेंटर स्थापित है।

एक देश एक चुनाव, रिपोर्ट ...

32 दल एकसाथ चुनाव के पक्ष में एक देश, एक चुनाव पर कोविंद समिति की रिपोर्ट पेश, 32 दल एकसाथ चुनाव के पक्ष में हैं। विधि मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, समिति को कुल 47 राजनीतिक दलों ने अपने सुझाव दिये हैं, जिनमें से 32 ने पूरे देश में सभी चुनाव एक साथ कराने की प्रस्ताव का समर्थन किया है।

श्री कोविंद के नेतृत्व में समिति के सदस्यों ने राष्ट्रपति भवन में श्रीमती मुर्मु से भेंट कर उन्हें रिपोर्ट की एक प्रति प्रस्तुत की। इस अवसर पर गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी उपस्थित थे।

हड़ताल से पहले कर्मचारी ...

लिए कर्मचारियों को विभिन्न हथकंडे अपनाने पड़ते थे, लेकिन इस सरकारी कमेटी अब उन्हें दूर करेगी या फिर शासन और कर्मचारियों के बीच ब्रिज का काम करेगी।मामले में स्पष्ट शब्दों में कहा जाये तो धरना, प्रदर्शन और हड़ताल में जाने से पहले अपनी मांगों को लेकर अब कमेटी से बात करना आसान होगा। चार सदस्यीय कमेटी में प्रमुख सचिव विधि एवं विधायी विभाग, सचिव सामान्य प्रशासन विभाग कक्ष-3, सचिव वित्त विभाग, सचिव सामान्य प्रशासन विभाग (शासकीय कर्मचारी कल्याण शाखा) शामिल है।

भारत में घटी लैंगिक ...

में से 108वें स्थान पर है। लैंगिक असमानता सूचकांक 2021 में भारत 0.490 स्कोर के साथ 191 देशों में से 122वें स्थान पर रहा।

सीएए लाकर घुसपैठियों को ...

कहा उन्होंने सीएए पर जो प्रश्न उठाए थे, केंद्रीय गृहमंत्री ने अपने पूरे बयान में किसी प्रश्न का जवाब नहीं दिया है। शाह ने उन्हें अनाप-शनाप और भ्रष्ट बताने के लिए अलावा कुछ नहीं कहा है।

14वें, 15वें वित्त आयोग ...

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने ये राशि मंजूर की है। उन्होंने गुणवत्ता एवं समय-सीमा का ध्यान रखते हुए इन राशियों से प्रस्तावित कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं।

15वें वित्त आयोग के अंतर्गत, इन निकायों को राशि अलॉट

0 नारायणपुर नगर पालिका के लिए एक करोड़ 17 लाख चार हजार रुपए

0 सरगांव नगर पंचायत के लिए 15 लाख रुपए

0 किरोड़ीमलनगर नगर पंचायत के लिए 18 लाख रुपए

0 खोंगापानी नगर पंचायत के लिए 93 लाख 35 हजार रुपए

0 छुरा नगर पंचायत के लिए 18 लाख 98 हजार रुपए

0 सिमगा नगर पंचायत के लिए 53 लाख 97 हजार रुपए

0 सक्ती नगर पालिका के लिए एक करोड़ 63.34 लाख स्वीकृत

0 14वें वित्त आयोग के तहत सारंगढ़ नपा के लिए 4.13 लाख मंजूर

कार से मिली लाखों ...

सिंह के निर्देशानुसार 14 मार्च को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट एवं थाना मंदिर हसौद पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत स्थित टोल नाका के पास वाहनों की आकस्मिक चेकिंग कर रही थी।

पुलिस कॉलोनी हत्याकांड ...

रायपुर पुलिस के मुताबिक आरोपी एवं मृतिका का 4 वर्ष पूर्व सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क हुआ था। हत्या का कारण विवाह के लिये दबाव बनाना बताया जा रहा है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कैंची एवं 2 नग मोबाईल फोन जब्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना विधानसभा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना जारी।

बीजेपी की नजर में कांग्रेस 'कार्टून'...

0 बीजेपी के 'जिहादी गिरोह' कार्टून से बवाल: भाजपा ने लिखा-राजनांदगांव या जिहादगांव, चुनाव आपका; कांग्रेस बोली- ये जनता का अपमान है

बीजेपी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म X पर कार्टून पोस्ट कर कांग्रेस के नेताओं को घेरा है। इस पर अब भाजपा कांग्रेस के नेता आमने-सामने हैं। बीजेपी ने X हैंडल पर पोस्ट किया है। कार्टून में कांग्रेस नेताओं को आपस में बात करते दिखाया है लिखा है- भाईजान अगला नंबर राजनांदगांव का है।X इस कार्टून के साथ भाजपा ने कैप्शन लिखा है.. राजनांदगांव या जिहादगांव चुनाव आपका है।

0 बीजेपी बोली- विकास के साथ विनाश आता है:अब पूर्व विधायक का कार्टून जारी, कांग्रेस बोली- ये पोस्टर बता रहे भाजपा हारने वाली है

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

शंका-कुशंकाओं से दूर आप जान लें नागरिकता संशोधन अधिनियम के लाभ

■ **सीएए के लागू होने से पुनर्वास और नागरिकता देने के बीच में आने वाली कानूनी बाधाएं दूर हो जाएंगी**

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले केंद्र सरकार ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2024 की अधिसूचना जारी कर दी है। लंबे इंतजार के बाद इस अधिनियम के देश में लागू होने के बाद समर्थन के साथ कहीं-कहीं विरोध के स्वर भी फूट रहे हैं। वहीं इसे लेकर सरकारी सूत्रों का कहना है कि सीएए के लागू होने से पुनर्वास और नागरिकता देने के बीच में आने वाली कानूनी बाधाएं दूर हो जाएंगी। इससे दशकों से पीड़ा झेल रहे शरणार्थियों को एक सम्मानजनक जीवन देने में मदद मिलेगी। पर उधर, पश्चिम बंगाल, केरल, मेघालय त्रिपुरा और असम में सीएए को लेकर विरोध शुरू हो गया है।

संसद के दोनों सदनों से चार साल पहले पास हुआ नागरिकता संशोधन अधिनियम , 2019 ते तहत उन शरणार्थियों को भारत की नागरिकता देने का प्रावधान है, जिन्होंने पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न झेलने के बाद 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में शरण ली। सरकार अब उन शरणार्थियों को देश की नागरिकता देने जा रही है. सरकार ने उन ÷प्रमुख मुद्दों÷ के बारे में बताया है, जिन्हें सीएए लागू कर हल किया जा सकता है।

शरणार्थियों को मिलेगा सम्मानजनक जीवन- सरकारी सूत्रों का कहना है कि सीएए के लागू होने से पुनर्वास और नागरिकता देने के बीच में आने वाली कानूनी बाधाएं दूर हो जाएंगी। वहीं दशकों से पीड़ा झेल रहे शरणार्थियों को एक सम्मानजनक जीवन देने में मदद मिलेगी। नागरिकता के अधिकार मिलने से शरणार्थियों की सांस्कृतिक, भाषाई और सामाजिक पहचान की रक्षा होगी और आर्थिक, वाणिज्यिक, फ्री मूवमेंट और संपत्ति खरीद का अधिकार सुनिश्चित होगा। विपक्ष की तीखी आलोचना के बीच केंद्र ने साफ तौर पर कहा कि सीएए से किसी भी भारतीय की नागरिकता नहीं छिनेगी, चाहे वह किसी भी धर्म का क्यों न हो।÷ करोना महामारी की वजह से इस कानून को लागू करने में देरी हुई है।

वोटों के ध्रुवीकरण का आरोप- इधर सीएए के मामले में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने सरकार के इस कदम की आलोचना की है। विपक्ष का आरोप है कि लोकसभा चुनावों की तारीखों के ऐलान से कुछ दिन पहले सीएए लागू कर खासकर पश्चिम बंगाल और असम में, वोटों के ध्रुवीकरण की कोशिश की जा रही है।

अफवाहें और गलत सूचनाएं सच नहीं हैं- सरकारी तौर पर संबंधित जिम्मेदारों का कहना है कि सीएए को लेकर कुछ राजनीतिक पार्टियां व जिम्मेदार लोग देश में जनता के बीच गलत संदेश दे रहे हैं।

जैसे गलत सूचनाओं में ये है मिथक.. सीएए का लक्ष्य भारतीय मुसलमानों से नागरिकता छीनना है।

सीएए भारतीय मुसलमानों के खिलाफहै।

नागरिकता साबित करने दस्तावेज़ इकट्ठा करने होंगे, नहीं तो निर्वासित कर दिया जाएगा

ये है सरकारी तौर पर तथ्य..

सीएए किसी भी धर्म के मौजूदा भारतीय नागरिक को प्रभावित नहीं करता है।

यह 2014 तक भारत में बसे प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने के बारे में है, न कि नागरिकता छीनने के बारे में।

इसका मुसलमानों सहित किसी भी धर्म के भारतीय से कोई सरोकार नहीं है।

इसलिए, इसके देश के मुसलमानों के खिलाफहोने का सवाल ही नहीं है।

किसी राष्ट्रव्यापी एनआरसी की घोषणा की जाएगी।

नियम और दिशानिर्देश ऐसे बनाए जाएंगे कि किसी भी भारतीय नागरिक को उत्पीड़न का सामना नहीं करना पड़ेगा।

इस अधिनियम से किसी भी धर्म या क्षेत्र के नागरिक पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

इन देशों के शरणार्थियों को मिलेगा लाभ - इस कानून के लागू होने से तीन पड़ोसी देश पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आए गैर-मुस्लिम शरणार्थी (हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई) अब भारतीय नागरिक बन सकेंगे। इसके लिए इन लोगों को सरकारी गाइडलाइन का पालन करना होगा और नागरिकता के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। हालांकि, कुछ जरूरी शर्तें भी रहेंगी। जैसे सीएए नियमों के तहत आवेदन करने से पहले भारत में एक साल तक लगातार रहना अनिवार्य है।

सीएए दिसंबर 2019 में संसद में पारित हो गया था. चार साल से ज्यादा समय बाद इसके नियमों को अधिसूचित किया गया है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीएए के लिए फॉर्म जारी कर दिया है. इसमे सभी जरूरी दस्तावेजों और नियमों की जानकारी दी गई है

सीएए को लेकर जानिए 10 सवालों के जवाब

1. किन लोगों को मिलेगी नागरिकता?

ऐसे शरणार्थियों को नागरिकता दी जाएगी, जो 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में आकर बस गए हैं। आवेदकों को वो साल बताना होगा, जब उन्होंने यात्रा दस्तावेज के बिना भारत में प्रवेश किया था। भारत में आने का दिन, भारत में आने के लिए वीजा या इमिग्रेशन स्टैंप समेत अन्य जानकारियां देनी होंगी।

2. सीएए का सिस्टम कैसे काम करेगा?

वेब पोर्टल किया गया है. सारी प्रक्रिया ऑनलाइन है। ऑनलाइन आवेदन करने होंगे. सबसे पहले आवेदन जिला कमेटी के पास जाएगा, फिर वो एंपावर्ड कमेटी को भेजेगी। अधिकार प्राप्त कमेटी नागरिकता पर फैसला लेगी. इसके प्रमुख डायरेक्टर (सेंसस ऑपरेशंस) होंगे। 7 अन्य सदस्य भी होंगे। इसमें आईबी, फॉरेन, रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस, पोस्ट ऑफिस और राज्य सूचना अधिकारी शामिल होंगे।

3. सीएए में नागरिकता के लिए क्या दस्तावेज जरूरी?

भारत की नागरिकता हासिल करने के लिए ऑनलाइन फॉर्म में शेड्यूल- 1ए के तहत 9 तरह के दस्तावेज मांगे गए हैं. जबकि शेड्यूल-1बी के तहत 20 तरह के दस्तावेज और शेड्यूल- 1सी के तहत शपथ पत्र यानी एफिडेविट देना होगा। बताना होगा कि वे इन तीनों देशों के गैर मुस्लिम शरणार्थी हैं। यानी वहां के निवासी हैं। इसके लिए वहां के पासपोर्ट, जन्म प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, दस्तावेज आदि पेश करना है।

4. अगर दस्तावेज नहीं हैं तो क्या करें?

फॉर्म भरने के लिए दस्तावेज होना जरूरी नहीं किया गया है। यदि किसी के पास कोई दस्तावेज नहीं हैं तो वो उसका कारण बता सकता है। अगर कोई डॉक्यूमेंट्स है तो जानकारी देनी होगी। इसके अलावा अगर किसी राज्य में बसे हुए हैं या बसना चाहते हैं तो वहां के नियमों के हिसाब से मूल निवासी का प्रमाण पत्र हासिल कर सकते हैं।

5. फॉर्म में क्या-क्या भरना होगा?

ऑनलाइन फॉर्म में आपको अपने माता-पिता या पति का नाम, भारत में कब से रह रहे हैं। और कहां, कौन से देश से आए हैं, वहां कहां रह रहे थे। भारत में आने के बाद क्या काम कर रहे हैं. किस धर्म से संबंध रखते हैं।

6. शादीशुदा और गैर-शादीशुदा के लिए अलग फॉर्म है?

वेब पोर्टल पर इसके लिए अलग से फॉर्म है। यदि भारत आने के बाद किसी भारतीय से शादी की है तो उसके बारे में भी जानकारी देनी होगी। बच्चों के लिए भी अलग से फॉर्म दिया गया है।

7. आपराधिक रिकॉर्ड होने की स्थिति में क्या होगा?

अगर कोई आपराधिक रिकॉर्ड है तो इसकी जानकारी देनी होगी। अगर सरकार को लगेगा कि ऐसे किसी शख्स को नागरिकता देने से खतरा हो सकता है तो उसका फॉर्म कैंसिल किया जा सकता है।

8. क्या किसी की नागरिकता छिन सकती है?

नहीं, किसी की नागरिकता छीनने का प्रावधान नहीं है। यानी किसी की नागरिकता पर कोई संकट नहीं है। गृह मंत्री अमित शाह ने भी एक बयान में कहा था कि सीएए किसी की नागरिकता छीनने का कानून नहीं है। सीएए के तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 से पहले आए गैर मुस्लिम छह समुदायों को नागरिकता देने का प्रावधान किया है।

9. नागरिकता का सर्टिफिकेट कैसे हासिल करें?

फॉर्म में सारी जानकारी देने के बाद सत्यता की पुष्टि करनी होगी और हस्ताक्षर करने होंगे। कोई झूठ या धोखाधड़ी की स्थिति में फॉर्म कैंसिल किया जा सकता है। सरकार के सत्यापन और संतुष्टि के बाद डिजिटल सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा। आवेदक अगर हार्ड कॉपी चाहेगा तो वो भी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रमाणपत्र डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा या अधिकार प्राप्त समिति के अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित होगा। देशीयकरण द्वारा नागरिकता प्राप्त करने वाले लोगों को समिति द्वारा देशीयकरण का एक डिजिटल प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

10. नागरिकता के लिए क्या कोई शर्तें रहेंगी?

भारतीय नागरिकता पाने के इच्छुक लोगों को आवेदन करने की तारीख से पहले देश में कम से कम 12 महीने तक रहना अनिवार्य है, तभी आवेदन करने के लिए पात्र होंगे। इन 12 महीनों से ठीक पहले के आठ वर्षों के दौरान भी आवेदकों द्वारा देश में कम से कम छह साल बिताया गया हो, तभी उन्हें भारत की नागरिकता प्राप्त करने के लिए पात्र माना जाएगा।

लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट पर विशेष नजर रखेगी एसएसटी की तैनात टीम

■ **आचार संहिता लगने से पहले कलेक्टर एसपी ने ली बैठक**

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव से पहले चुनावी खर्चो से जुड़ी एजेंसी और विभागों को लेकर रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह और एसपी संतोष सिंह ने बुधवार को बैठक ली । बैठक में पड़ोसी जिलों की सीमा सहित रेलवे स्टेशन-एयरपोर्ट पर विशेष नजर रखेंने के निर्देश दिए गए है।

कलेक्टर ने कहा है रायपुर लोकसभा का चुनाव प्रदेश में राजधानी होने के कारण महत्वपूर्ण और संवेदनशील है। रायपुर से होने वाली कार्रवाई का असर आस-पास के जिलों के साथ-साथ पूरे प्रदेश पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि अंतर जिला सीमा पर एसएसटी की विशेष निगरानी रखी जाए और संदेहास्पद लेन-देन पर जांच कर कार्यवाही करें।

रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट पर विशेष रूप से नजर रखें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने पर तुरंत एक्शन ले। कलेक्टर ने कहा कि चुनाव का काम टीम वर्क है, हर अधिकारी अपने दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करें।

वही एस पी संतोष सिंह ने कहा कि चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होते साथ ही धारा 144 लागू हो जाती जिसका सबको पालन करना होता है। उन्होने कहा कि एंजेसी शराब , कैश,और महंगे मैंटल की आवाजाही, पर नजर रखें। एस पी ने कहा कि वैध दस्तावेज ना होने पर कार्यवाही करते हुए जिम्मेदार विभाग को सूचित करें। यदि कोई कार्यवाही की जा रही है तो पुलिस विभाग की टीम का सहयोग अवश्य लें।

72 घंटे के अंदर देनी होगी पाम्पलेट-पोस्टरों की जानकारी

बुधवार कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के जिले के अगल अगल प्रकाशकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक ली । बैठक में लोकसभा चुनाव के दौरान छापी जाने वाली राजनैतिक प्रचार-प्रसार सामग्रियों के बारे में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। बैठक में मास्टर ट्रेनर्स ने बताया कि किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री जैसे हैंडबिल, पम्पलेट, पोस्टर, बैनर, फ्लैक्स आदि को छापने के लिए संबंधित व्यक्ति द्वारा मुद्रक को घोषणा पत्र भरकर ही आर्डर दिया जायेगा। मास्टर ट्रेनर ने मुद्रकों सलाह दी है कि बिना घोषणा पत्र वाले प्रिंटिंग आर्डर वे ना लें। बैठक में आगे बताया गया कि प्रचार सामग्री छापने के 72 घंटे के अंदर मुद्रित सामग्री के तीन सेट और प्रकाशक की घोषणा को जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी मुद्रकों की होगी। इस दौरान लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 क के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर दंडात्मक कार्यवाही भी की जायेगी।

राज्य खेल अलंकरण समारोह आज, 411 खिलाड़ी होंगे पुरस्कृत

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 14 मार्च को राज्य खेल अलंकरण समारोह में राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। कार्यक्रम के अतिविशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा होंगे। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य खेल अलंकरण समारोह का आयोजन पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक राजेश मूणत, पुरन्दर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, इन्द्रकुमार साहू, गुरू खुशवंत साहेब होंगे।

2019-20 के लिए ये सम्मान- कार्यक्रम में राज्य शासन द्वारा वर्ष 2019-20 के लिए शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार के लिए 06, शहीद कौशल यादव पुरस्कार के लिए 06, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार के लिए 02, शहीद पंकज विक्रम सम्मान 27, शहीद विनोद चौबे सम्मान के लिए 05 एवं मुख्यमंत्री ट्राफी के लिए 25 खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

2020-21 के लिए ये सम्मानः इसी प्रकार वर्ष 2020-21 के लिए शहीद राजीव पांडेय पुरस्कार के लिए 11, शहीद कौशल यादव पुरस्कार के लिए 03, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार के लिए 01, शहीद पंकज विक्रम सम्मान 16, शहीद विनोद चौबे सम्मान के लिए 05 एवं मुख्यमंत्री ट्राफी के लिए 26 चयनित खिलाड़ियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया जाएगा।

411 खिलाड़ियों को मिलेगा अवार्डः कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ियों को अलंकरण से सम्मानित करते हुए 269 खिलाड़ियों को वर्ष 2019-20 के लिए पुरस्कार राशि 30.36 लाख रुपए तथा 2020-21 के लिए 142 खिलाड़ियों को 19 लाख 32 हजार रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी।

पिकअप में गैस कटर और सिलेंडर लेकर पहुंचे थे बिजली खंभा चोर, 5 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में चोरों ने सड़क से बिजली का खंभा पार कर दिया. चोर इस वारदात को अंजाम देने के लिए पूरी तैयारी के साथ पहुंचे थे। फिर उन्होंने खंभे को काटकर गाड़ी में लाद कर मौके से भाग गए। मामला डीडी नगर थाना क्षेत्र की है। घटना के अगले दिन बिजली विभाग के इंजीनियर की नजर खंभे पर पड़ी, तो वो दंग हो गए। खंभे का सिर्फ एक टुकड़ा बचा हुआ था। जिसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। इस मामले में 5 चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

गैस कटर और सिलेंडर लेकर आए थे : चोरों ने इस घटना को अंजाम देने के लिए पहले से प्लानिंग की थी। वो 9 मार्च की रात 3 बजे नेशनल हाईवे के करीब सरोना इलाके में पहुंचे। वे गैस कटर और ऑक्सीजन का 2 सिलेंडर लेकर पिकअप गाड़ी में आये थे। उन्होंने 40 फीट लंबे खंभे को 5 टुकड़ों में काट दिया। फिर इस भारी-भरकम खंभे को 5 लोगों ने मिलकर गाड़ी में लोड कर लिया।

सीसीटीवी से पकड़ाए आरोपी

इस घटना की एफआईआर दर्ज होने के बाद डीडी नगर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। आसपास लोगों से पूछताछ की गई। इस रूट के सीसीटीवी कैमरा को खंगाला गया। फुटेज में आरोपियों के गाड़ी का नंबर सामने आया। जिसके आधार पर पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। ये आरोपी खमतराई इलाके के श्रीराम यादव, शिवमंगल सिंह, राज नारायण सिंह, करण निषाद और अनिल निषाद है।

बंटने लगे नए राशन कार्ड, रंग, तस्वीरों के साथ बदल गया स्वरुप

नया राशन कार्ड में पीएम मोदी और सीएम साय की तस्वीर

रायपुर/नवप्रदेश। अब से नए कलेवर में राशन कार्ड दिखाई देगा। नए कार्ड में पीएम मोदी और सीएम साय की तस्वीर नजर आ रही है। साथ ही इसका रंग, रूप और डिजाइन भी अलग दिखाई दे रहा है। छत्तीसगढ़ में राशन कार्ड का रंग और रूप बदलता हुई दिखाई दे रहा है। अब नए कलेवर में राशन कार्ड नजर आएगा। राशन कार्ड की नई तस्वीर सामने आई है। जिसमें पीएम के साथ सीएम और खाद्य मंत्री दिख रहे हैं। इससे पहले पूर्व सीएम भूपेश बघेल और पूर्व खाद्ध मंत्री अमरजीत भगत का तस्वीर बनी हुई थी। वहीं अगर राशन कार्ड के डिजाइन में कुछ अंतर देखा जा सकता है...

बता दें, 40 हजार नए राशन कार्डो का वितरण होगा। नए राशन कार्ड में 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' लिखा हुआ है। कांग्रेस सरकार में खाद्य सुरक्षा का नारा 'खाद्य सुरक्षा का नारा छोटा परिवार हमारा' लिखा गया था। साथ ही पिछली सरकार में तिरंगे के रंग कार्ड छपा हुआ था।

राशन कार्ड लेने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

राजधानी रायपुर के अलग-अलग जॉन ऑफिस में नए राशन कार्ड का वितरण किया जा रहा है। रायपुर के जॉन 3 में नए राशन कार्ड लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हुए हैं। राशनकार्ड नवीनीकरण के बाद आज से कार्ड का वितरण शुरू हो गया है।

अपनी फोटो लगवाने के लिए बनाए गए कार्ड- कांग्रेस

कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने राशन कार्ड के बदलाव को लेकर कहा था कि, भाजपा अपने प्रचार के लिए जनता को लाइन में खड़े करने की तैयारी कर रही है। राशन कार्ड जब पुराने हो जाएं या फट जाएं तब बदल दिए जाते हैं। लेकिन इन्हें बने तो अभी दो साल हुए हैं। सभी लोगों को राशन कार्ड बनावाए हुए ज्यादा वक्त नहीं हुआ है। अब उन्हें फिर से राशन कार्ड बनवाने के लिए लाइनों में खड़ा होना पड़ेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि, नया राशन कार्ड सिर्फ अपनी फोटो लगाने के लिए बनवाया जा रहा है। लेकिन शायद सुशील आनंद शुक्ला यह भूल गए हैं कि, इससे पहले कांग्रेस ने भी पूर्व सीएम भूपेश बघेल और पूर्व खाद्ध मंत्री अमरजीत भगत का फोटो लगाया है।

भ्रष्टाचार के भेंट चढ़े सड़कों के ठेकेदारों के विरुद्ध होगी कड़ी कार्यवाही : भीम सिंग

■ **प्रधानमंत्री ग्राम सड़कों का हो रहा है सघन निरीक्षण**

कवर्धा/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री, गृह एवं पंचायत मंत्री श्री विजय शर्मा के निर्देश के बाद गुणवत्ताहीन बने सड़को का सतत मॉनिटरिंग प्रारभ हो चुका है। जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत पूर्व वर्षा में निर्मित सड़को का परीक्षण करने विभाग के उच्च अधिकारीयों का लगातार दौरा एवं निरीक्षण जिले में चल रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को छत्तीसगढ़ ग्रामीण विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री भीम सिंग ने ईएनसी के कटारे, श्री बी एस पटेल अधीक्षण अभियंता के साथ आधा दर्जन से अधिक पीएमवाय सडको का निरिक्षण किया।

छत्तीसगढ़ ग्रामीण विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री भीम सिंग ने सड़को में रखरखाव (संधारण) कार्य सही समय में न होने के चलते अनेक कमिया पायी, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यपालन अभियन्ता जे के मेश्राम को स्पष्ट निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि शासन के पैसे का दुरूपयोग बर्दास्त नही किया जाएगा। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जिन सड़को में नियमानुसार संधारण अवधि में संधारण कर सड़कां का मरम्मत नही किया गया है, उन ठेकेदारों पर कार्यवाही करें। गाईड लाइंन के अनुसार संधारण करने आदेशित किया जाए तथा नियमों का पालन नही करने वाले ठेकेदारों का शेष भुगतान पर भी प्रतिबंध लगाया जाए।

जिले के प्रधानमंत्री सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे मुख्य कार्यपालन अधिकारी भीम सिंग ने मेन रोड से रैयतापारा 7.50 किमी, मेसर्स अनिल बिल्डकान द्वारा निर्मित सडक का डामरीकरण एवं सीमेंट कार्य क्षतिग्रस्त पाया गया, जिसे सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने सुधार नही किए जाने पर संधारण अवधी 06 माह बढ़ाने का निर्देश दिए तथा तत्काल कार्य नहीं करने पर डिफेक्ट लायबिलीटी प्रस्ताव बनाने कहा गया। उन्होंने रैतापारा से अधियार खोर 02 किमी सड़क मेसर्स विनोद अग्रवाल के कार्यो में व्यापक कमी एवं समयावधी में संधारण कार्य नही किए जाने से नाराज मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने उक्त पॅकेज में संधारण की राशि रोकने का निर्देश दिए है। इसी प्रकार कुंडा से रेंगाबोड लम्बाई 04.40 किमी रेंगाबोड से दुल्लापुर लम्बाई 02.13 किमी सड़क मेसर्स विनोद अग्रवाल द्वारा निर्मित सडक में डामरीकरण एवं डब्ल्यूबीएम् कार्य क्षतिग्रस्त पाया गया। उन्होंने कहा कि ठेकेदार द्वारा गुणवत्तापूर्ण निर्माण एवं संधारण कार्य नही किए जाने के कारण सडक क्षतिग्रस्त हो गया है। उन्होंने उक्त सड़क में ठेकेदार को तत्काल सुधार कार्य करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि नियमानुसार कार्य नही करने पर पॅकेज के सभी 18 सड़कों का डिफेक्ट लायबिलीटी आवश्यक प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत करने

जिले के 21 हजार 492 किसानों के खातों में पहुंची राशि

नगरी/नवप्रदेश। विकासखंड नगरी के ग्राम पंचायत रतावा में आयोजित कृषि विकास योजना के तहत जिला स्तरीय जैविक कृषि मेला कृषि उन्नति योजनाअंतर्गत उपार्जित धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य से अंतर की राशि का भुगतान किया गया।

सीएम साय ने कहा कि कृषक उन्नति योजना में समर्थन मूल्य और राज्य सरकार द्वारा घोषित किए गए उपार्जन मूल्य की अंतर की राशि किसानों को देने का निर्णय लिया है। इसके तहत किसानों को समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान में प्रति क्विंटल 917 रूपए के मान से अंतर की राशि दी गई है। अंतर की राशि भुगतान के बाद किसानों को धान की प्रति क्विंटल 3100 रूपए की कीमत मिलेगी। उन्होंने कहा कि किसानों को धान के प्रति क्विंटल के मान से भुगतान की गई है, यह राशि देश में सर्वाधिक है।प्रदेश सरकार द्वारा इस साल के बजट में 10 हजार करोड़ उन्होंने किसानों को नगदी फसलों को लेने का आग्रह किया। जिले धमतरी ग्राम पंचायत रतावा में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि गण पूर्व विधायक श्रवण मरकाम पूर्व विधायक विकी शाह सरपंच रतावा गिरजा देवी देव जनपद पंचायत सदस्य उमेश देव राजेन्द्र गोलछा अकबर कश्यप ग्राम पंचायत के पंच गण एव किसान अधिक से अधिक लोगों उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

कोचिए से 4 लीटर कच्ची शराब जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। थाना बेरला स्टाफ को 11 मार्च को सूचना मिला की ग्राम सरदा निवासी मनीष बारले अपने घर के बाहर गली में अवैध रूप से गुड से निर्मित कच्ची शराब रख कर बिक्री कर रहा हैं की सूचना के अधार थाना बेरला स्टाफ व गवाहो के साथ मौके पर रेड कार्यवाही किया गया।

मामले पर थाना बेरला में अवैध रूप से गुड से निर्मित कच्ची शराब रख कर बिक्री करने का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी मनीष बारले पिता समलिया बारले उम्र 32 साल साकिन सरदा थाना बेरला जिला बेमेतरा के विरूद्ध 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। जप्त 4 लीटर गुड से निर्मित कच्ची शराब कीमती 800 रूपये एवं बिक्री रकम 200 रूपये जुमला किमती करीबन 1000 रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले, प्रधान आरक्षक सुखेलाल बंजारे, आरक्षक दिनेश निषाद, एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

अपराजित छत्तीसगढ़ हॉकी टीम का क्वाटर फाइनल में प्रवेश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राउरकेला में प्रथम अखिल भारतीय सब जूनियर बालिका ग्रास रूट हॉकी प्रतियोगिता 11 मार्च से विश्व के सबसे बड़े बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने अपने तीसरे मैच मे सिमडेगा को 2 के मुकाबले 8 गोलों से पराजित करते हुए प्रतियोगिता के मटर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली है।

विपक्षी टीम के खिलाफ खेले गए इस संघर्षपूर्ण मैच मे पहले मटर में वसुंधरा ने गोल करते हुए1-0 की बढ़त बनाई थी, वहीं उसके बाद पल्लवी ने गोल कर स्कोर 2-0 पर ला दिया, जिसके जवाब में विपक्षी टीम ने भी गोल करते हुए 2-2 गोल की बराबरी कर ली थी।

मैच मध्यांतर पश्चात खेल मे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने अपने खेल में बदलाव करते कोच मृणाल चौबे की नई नीति को अपनाया और मैच के तीसरे व चौथे मटर में सुरेखा, केसर, ख्वाइश एवं सिमरन ने एक एक गोल किये तथा गीताश्री के 2 गोल से छत्तीसगढ़ की टीम ने सुबड़ेगा को 8-2 से पराजित किया।

टीम के कोच अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने बताया कि टीम के जीत में रक्षा पंक्ति के खिलाड़ी श्रेया, परिधि, माउली, राशि, तहजीब, गीतू, श्यामली, सुधा एवं प्रियांशी का भी उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा, जिसके बदौलत इसके पूर्व छत्तीसगढ़ ने अपने पूल में हाई प्रपोर्मेन्स सेंटर कुटरा को 3-2 गोलों से व वेस्ट बंगाल कोलकाता को 10-0 गोलों से पराजित किया था।

सरकार की योजनाओं के लाभार्थी संपर्क अभियान में घर-घर पहुंचे कमल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। केंद्र सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से घर-घर संपर्क कर उनका फीड बैक लेने हेतु लाभार्थी संपर्क कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। जिसमें लाभार्थी जनसंपर्क अभियान को लेकर प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में कमल सोनी लाभार्थी संपर्क अभियान को लेकर राजनांदगांव जिले में केंद्र सरकार के द्वारा किये गये जनहित के कार्यों को लेकर पार्टी के कार्यकर्तागण अपने अपने मंडलों के बूथ स्तर पर लाभार्थियों व उनके परिवार से सतत संपर्क कर फीड बैक लेने में जुट गये है। प्रवासी कार्यकर्ता कमल सोनी ने कहा कि इस कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता व पदाधिकारियों को प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में वार्डों में जाकर लाभार्थियों से सतत संपर्क करना है।

पति का नाम राजनीतिक स्वार्थ के लिए ले रहे भूपेश- विभा

■ सीएम समेत कलेक्टर से की शिकायत

खैरागढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल का नाम जब से राजनांदगांव प्रत्याशी के रूप में सामने आया है तब से लगातार बघेल लोकसभा क्षेत्र राजनांदगांव के प्रवास पर हैं. गुरुवार 14 मार्च को भी भूपेश बघेल खैरागढ़ जिले के प्रवास पर रहेंगे. वे खैरागढ़ जिले में कार्यकर्ताओं की बैठकें लेंगे और विभिन्न धर्म स्थलों पर माथा भी टेकेंगे. इसके बाद पूर्व सीएम खैरागढ़ के दिवंगत राजा देवव्रत सिंह की प्रतिमा का अनावरण भी करने वाले हैं, लेकिन पूर्व विधायक स्व. देवव्रत सिंह की मूर्ति अनावरण का विषय आते ही खैरागढ़ राजपरिवार की तरफ से नया विवाद सामने आया है.

स्व. देवव्रत की पत्नी रानी विभा सिंह ने मूर्ति अनावरण कार्यक्रम पर रोक लगाने खैरागढ़ कलेक्टर से लिखित शिकायत की है. रानी विभा सिंह का आरोप है कि पूर्व सीएम भूपेश बघेल केवल राजनीतिक स्वार्थ के लिए उनके पति के नाम का इस्तेमाल कर रहे हैं. स्वर्गीय राजा

देवव्रत सिंह की प्रतिमा व गार्डन की आड़ में राजनीति कर रहे हैं. जब भूपेश बघेल की छत्तीसगढ़ में सरकार थी तो इन्होंने स्वर्गीय राजा साहब का सिर्फ और सिर्फ अपमान करते हुए तिरस्कार किया, जिसके चलते राजा साहब जेसीसीजे जॉइन कर खैरागढ़ विधानसभा के विधायक बन गए.

रानी विभा ने कहा, विधायक रहते देवव्रत सिंह के आकस्मिक निधन के बाद कांग्रेस पार्टी ने खैरागढ़ विधानसभा उपचुनाव में फिर से राजनैतिक लाभ के लिए उनके निधन के बाद नाम और मूर्ति का हवाला देकर जनभावनाओं को लुभाने का वादा किया, जिसमें वो सफल हो गए, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने राजा साहब के परिवार वालों से कोई पूछ परख नहीं किया. सामने लोकसभा चुनाव है, जहां राजनांदगांव से स्वयं भूपेश बघेल कांग्रेस पार्टी से लोकसभा प्रत्याशी हैं. अब उनकी पार्टी पुनः हमारे दिवंगत पति के मूर्ति की अनावरण के आड़ में भोली भाली जनता को फिर धोखा देने का खेल खेलने वाले हैं.

यहां तक हम उनकी धर्मपत्नी हैं. उसके बावजूद हमें भी नहीं पूछा गया है, जो निंदनीय है. इसकी शिकायत छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों से लिखित में की है।

किराए के मकान में चलाया जा रहा स्कूल!

बुनियादी सुविधाओं का अभाव, शौचालय तक नहीं

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला के विकासखंड कोटा परिक्षेत्र के अंतर्गत बुनियादी सुविधाओं को दरकिनार कर स्कूल संचालित करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को लेकर लिखित शिकायत की गई है, जिस विभाग के उच्च अधिकारी जांच करने की बात कर रहे हैं।

किसी भी देश के विकास में शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा ग्रहण करने वाला स्थान मनुष्य के जीवन को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक जीवन जीने की कला सीखाती है। वहीं इन दिनों शिक्षा का मंदिर कहे जाने वाला स्कूल कुछ लोगों के लिए व्यापार का साधन बन चुका है। अधिकांश देखा जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों पर स्कूल का संचालक अधिक मुनाफा कमाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। वही चंद स्वार्थी लोग शिक्षा नीति की धज्जियां उड़ा कर मुनाफाखोरी की चाहत मे बच्चों के भविष्य एवं सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। कुछ ऐसा ही मामला बिलासपुर जिला के विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोटा परिक्षेत्र पर देखने को मिल रहा है जिसमें कि शिकायतकर्ता ने मामले को लेकर 16 फरवरी 2024 लिखित शिकायत किया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि राम सिंह यादव पिता शिवरतन सिंह यादव जिला बांदा उत्तर प्रदेश का रहने वाला है, जो कि विगत 2 वर्ष पूर्व से विकासखंड कोटा ग्राम बिटकुली चौक पर एक मकान को किराए पर लेकर स्कूल संचालन कर रहा है। वही दूसरा स्कूल ग्राम आमागोहन (खोंगसरा) में किराए के भवन में स्कूल संचालन किया जा रहा है। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि उक्त स्थान पर नियमानुसार मानक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं है।

कुआं हो सकता है जानलेवा

विकासखंड कोटा के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिटकुली चौक पर सरस्वती विद्यापीठ नाम से स्कूल संचालन किया जा रहा है। उस स्कूल पर बच्चों के साथ दुर्घटना होने की संभावनाएं है दरअसल जहां पर स्कूल का संचालन किया जा रहा है। उसके पीछे कांटा तार से घिरा हुआ लगभग 2000 वर्ग फुट खाली स्थान है. वहा पर एक कुँआ मौके पर स्थित है, जो पूरी तरह खुला हुआ है, जिसमें कि नाबालिग बच्चों के साथ बड़ी घटना होने की संभावना है।

15 सौ मानदेय पर शिक्षक

विकासखंड कोटा के अंतर्गत ग्राम बिटकुली पर संचालित स्कूल पर मीडिया ने जानकारी लिया तब पता चला कि के. जी. वन से लेकर कक्षा आठवीं तक के बच्चों को पढ़ाया जाता है, जहां पर मात्र तीन शिक्षक इस कार्य को करते हैं. मौके पर मौजूद एक शिक्षक ने बताया कि उन्हें पढ़ाने के एवज में स्कूल संचालक के द्वारा 15 सौ रूपए प्रतिमाह वेतन देते हैं। वही माह के अगर चार रविवार छुट्टी के दिन को छोड़ दिया जाए तो शिक्षक अपनी सेवा 26 दिन देते हैं इस हिसाब से एक दिन पढ़ाने के एवज में स्कूल संचालक शिक्षक को लगभग मात्र 57.692 रुपय भुगतान करता है।

जिले के अग्निवीर में चयनित 14 युवा देश सेवा में देंगे अपना योगदान

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में भारतीय थलसेना द्वारा अग्निवीर भर्ती में चयनित जिले के युवाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। भारतीय थलसेना द्वारा अग्निवीर में जिले के 14 युवा देश की सेवा करेंगे। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि अग्निवीर बनकर आप सभी को देश सेवा करने का गौरव प्राप्त हुआ है। इससे कबीरधाम जिला गौरान्वित हुआ है।

उन्होंने कहा कि अग्निवीर में भर्ती युवा जिले के लिए प्रेरणा है। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने कहा कि देश की रक्षा में योगदान देना गर्व का विषय है। इसमें सभी अपना श्रेष्ठ दे और आगे बढने के लिए प्रयास करें। उन्होंने कहा कि अग्निवीर अन्य युवओं के लिए प्रेरणा है इससे बाकि युवा देश की सेवा के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि देश सेवा करने के बहुत सारे अवसर होते हैं। इनमें से सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करना और सुरक्षा के साथ मजबूत बनाना भी है। उन्होंने कहा कि जिले से 14 युवाओं का चयन होना गौरव की बात है। इससे गांव

सहित जिला और देश का नाम रोशन हुआ है। अग्निवीर बनने के बाद आपको अपनी मेहनत का फल मिला है। अग्निवीर बनकर देश की सेवा करने से आपका आत्मविश्वास बढेगा। जिला रोजगार अधिकारी श्री प्रमोद जैन ने बताया कि जिले के 14 युवाओं का चयन अग्निवीर में हुआ है। इसमें ग्राम दशरंगपुर निवासी श्री राजू साहू, अमलीडीह निवासी तोरण सिंह, दशरंगपुर खुर्द के देवेन्द्र कुमार, ग्राम धमकी निवासी जय सिंह ठाकुर, नवागांव गजरी निवासी विक्रम, चिमरा निवासी दीपचंद साहू, खैरवार निवासी करण निर्मलकर, कुआंमालगी निवासी कमलेश्वर, नाउडीह निवासी अजय कुमार, नेउरगांव खुर्द निवासी विकास कुमार, राजानवागांव निवासी हिमाशु मानिकपुरी, अमलीडीह निवासी हितेश सिंह, धरमपुरा से टाप सिंह चयनित।

शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने राजपत्रित अधिकारियों को दिया गया मार्गदर्शन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव के सभागृह में लोकसभा निर्वाचन 2024 सुरक्षित, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराने हेतु जिले के पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा की उपस्थिति में जिला निर्वाचन कार्यालय से आये मास्टर ट्रेनर कैलाश शर्मा, देवेन्द्र सिंह ठाकुर एवं भूपेश साहू द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा कहा गया कि निष्पक्ष चुनाव कराना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। लोग बिना किसी भय, प्रलोभन के मतदान कर सके, इस हेतु उचित वातावरण बनाये रखने में पुलिस की महत्वपूर्ण भमिका होती है। पुलिस

अधिकारियों को मतदान के पहले, मतदान के दिन और मतदान के बाद की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता को लेकर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा आदर्श आचार संहिता लागू होने पर पुलिस के कर्तव्य और उनके कार्यों की जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों को चुनाव आयोग के द्वारा जारी दिशा-निर्देश के संबंध में भी जानकारी दी गई। प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारियों को अपने उत्तरदायित्व की जानकारी हो इसी उद्देश्य के साथ इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

चुनाव के लिए गृहमंत्री शर्मा ने कार्यकर्ताओं को किया चार्ज

■ योजनाओं को लेकर अफसरों की भी लगाई क्लास

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं राजनांदगांव जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा आज राजनंदगांव पहुंचे. यहां उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक ली. वहीं कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रशासनिक योजनाओं की समीक्षा करने अफसरों की बैठक भी ली. उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राजनांदगांव के जिला भाजपा कार्यालय में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न मोर्चा के साथ बैठक की. इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को चार्ज किया. उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनांदगांव लोकसभा से चुनाव लड़ने के मामले को लेकर कहा कि भूपेश बघेल अपने दुर्ग क्षेत्र से भाग कर राजनांदगांव में चुनाव लड़ रहे हैं.

भाजपा आईटी सेल द्वारा कांग्रेस के खिलाफ कार्टूनवार को लेकर मंत्री शर्मा ने कहा कि कार्टून पुरानी घटनाओं के आधार पर कल्पना के तहत बनाया गया है. वहीं सीएए के मामले को लेकर उन्होंने कहा कि यह नागरिकता देने का बिल है. इसमें बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के अल्पसंख्यकों को नागरिकता दी जाएगी. इस बिल का स्वागत होना चाहिए. वहीं उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने पर नक्सली घटना बढ़ने के आरोप का जवाब देते हुए कहा कि नक्सली घटना में भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या क्यों हो रही है. नक्सलियों की वजह से कोई भी हताहत होता है तो यह दुख का विषय है।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग सेतु मण्डल अम्बिकापुर (छ.ग.)

बाबूपारा जेल रोड़ अम्बिकापुर फोन 07774-224498 फैक्स 224113

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

Portal:https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है :-
निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि :- दिनांक 26.03.2024
निविदा आमंत्रण :- द्वितीय आमंत्रण

स. क्र.	निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक व दिनांक	सिस्टम निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3	4	5
1	09/ 13.03.2024	154079	लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग अंतर्गत उपसंभाग अम्बिकापुर एवं जशपुर के बोरिंग कार्य का निविदा आमंत्रण बावत् ।	रु. 96.69 लाख
2	10/ 13.03.2024	154080	लोक निर्माण विभाग द्वारा ब्रिज संभाग के अंतर्गत उपसंभाग सूरजपुर, मनेन्द्रगढ़ एवं रामानुजगंज में बोरिंग कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।	रु. 93.96 लाख

जी-08532/3 Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग सेतु मण्डल
अम्बिकापुर (छ.ग.)

प्रशासनिक व्यवस्था के तहत राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों के बीच कार्य विभाजन

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कबीरधाम जिले में प्रशासनिक व्यवस्था के तहत राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य पूर्व में जारी कार्य विभाजन आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए नए कार्य विभाजन किया है।

आदेश के तहत राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई को कलेक्टर की अनुपस्थिति में सामान्य प्रशासनिक नियंत्रण एवं चालू कार्य, अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, तहसील स.लोहारा, बोड़ला, पण्डरिया के राजस्व अपील, पुनरीक्षण एवं पुनर्विलोकन प्रकरणों का पंजीयन एवं निराकरण (धारा-165, धारा-247 के प्रकरणों को छोड़कर), पंचायती राज अधिनियम के तहत जनपद पंचायत निर्वाचन से संबंधित चुनाव याचिका एवं पंचायती राज अधिनियम के अंतर्गत अपील पुनरीक्षण का पंजीयन एवं निर्वर्तन (सम्पूर्ण कबीरधाम जिला), सूचना के अधिकार अधिनियम-2005 के तहत समस्त अपील/ पुनरीक्षण (सम्पूर्ण कबीरधाम जिला), पंचायती राज अधिनियम की धारा 91 के तहत आँगन-बाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका की नियुक्ति के विरूद्ध समस्त अपील/ पुनरीक्षण (सम्पूर्ण जिला कबीरधाम), विभागीय जांच अधिकारी, जिला विवाह अधिकारी, लोकसभा/विधानसभा/राज्यसभा प्रश्नों की जानकारी भेजना, नागरिकता एवं पासपोर्ट संबंधी कार्य, जिला अल्प बचत अधिकारी, निवेशकों के हित संरक्षण पर कार्यवाही, नगर सेना, वारिसान प्रमाण पत्र तथा खनिज अधिनियम से संबंधित प्रकरणों का निराकरण करेंगे।

14 किलो गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। थाना/ चौकी प्रभारियों के द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यों में लिप्त लोगो के खिलाफ सख्त प्रभावी कार्यवाही के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 12 मार्च को थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा स्टाफ को मुखबीर से सुचना मिला कि ग्राम रांका निवासी संतोष सिंह चौहान पिता स्वं. पंचू चौहान उम्र 43 साल साकिन रांका अपने गाय कोठा में एक प्लास्टिक के बोरी में अवैध रूप से गांजा जैसा मादक पदार्थ बिक्री करने हेतु रखा हैं की सूचना पर सायबर सेल टीम एवं थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा स्टाफ व गवाहो के साथ घटना स्थल पहुचकर घेराबंदी कर मौके पर रेड कार्यवाही किया गया।

कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
जोन क्र.01 सकरी
मैनुअल तृतीय निविदा सूचना

निविदा क्र./61/जोन क्र.01 सकरी/जन.कार्य .वि./2024 सकरी, दिनांक 14/03/2024

कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर, जोन क्र.-01 (सकरी) में निम्नांकित कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मैनुअल निविदा दिनांक 27/03/2024 को सायं 3:00 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से निविदा आमंत्रित किया जाता है:-

क्र.	कार्य का नाम	प्राक्कलन राशि (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	निविदा प्रपत्र	समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
1	वार्ड क्र.03 साई नगर के सत्य नगर में सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य- पार्षद मद (पी. डब्लू.डी. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015)	6.00	5000/-	750/-	प्रपत्र-अ	तीन माह	क्लास 'D' एवं उच्च

नोट:- कार्य का विस्तृत विवरण/निविदा शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में देखी जा सकती है। जानकारी www.bilaspurnagarnigam.com में देखी जा सकती है।

जोन कमिश्नर, जोन क्र.01
न.पा.नि., बिलासपुर (छ.ग.)

वृक्षारोपण कार्य महान, एक वृक्ष सौ पुत्र समान

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

निविदा आमंत्रण तिथि - 13.03.2024

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करें http://eproc.cgstate.gov.in
02. संबंधित संभाग-स.क्र. 1 से 3 पत्थलगांव, स.क्र. 4 से 5 सूरजपुर, स.क्र. 6 से 10 मनेन्द्रगढ़, स.क्र. 11 से 15 रामानुजगंज, स.क्र.16 से 18 अम्बिकापुर संभाग
03. स.क्र. 1,2,18 'स' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार, स. क्र. 3 से 17 'द' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
04. ऑनलाइन टेंडर डालने की अंतिम तिथि सं. क्र. 1 से 17 04.04.2024 एवं सं.क्र. 18 28.03.2024

सरल क्र.	एन.आई.टी. क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3	4
1	208	जिला-जशपुर के करजटोली डाढीडीपा होते हुए चक्रधरनगर मार्ग ल. 1.00 कि.मी. का निर्माण कार्य । (प्रथम काल)	184.17
2	209	जिला-जशपुर के गोलीडीह नदी ग्राम मस्कामारा होते हुए लयाकेरा मेन रोड तक मार्ग लं. 1.70 कि.मी. का निर्माण कार्य । (प्रथम काल)	174.81
3	210	जिला-जशपुर के बगिया में हेलीपेड लाउन्ज का निर्माण कार्य। (प्रथम काल)	60.33
4	211	लो.नि.वि. उपसभाग सूरजपुर अंतर्गत कोर्ट बिल्डिंग, थाना बिल्डिंग, डिग्री कालेज, आईटीआई कालेज, स्कूल बिल्डिंग एवं अन्य आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत कार्य। (प्रथम काल)	48.00
5	212	लो.नि.वि. उपसंभाग सूरजपुर अंतर्गत मार्गो में साधारण मरम्मत, विशेष मरम्मत एवं रोड सेफ्टी हेतु रोड फर्नीचर आईटम प्रोवाईडिंग कार्य। (प्रथम काल)	36.60
6	213	जिला एमसीबी के. लो.नि.वि. (बी/सी) अनुविभाग मनेन्द्रगढ़/जनकपुर अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत। (प्रथम काल)	50.00
7	214	जिला कोरिया लो.नि.वि. (मेसर्स) अनुविभाग बैकुंठपुर अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत। (प्रथम काल)	40.00
8	215	जिला कोरिया अंतर्गत उपसभाग बैकुण्ठपुर के विभिन्न मार्गों में बी.टी. पैच रिपेयर कार्य। (प्रथम काल)	50.00
9	216	जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के अंतर्गत अनुविभाग मनेन्द्रगढ़/जनकपुर की विभिन्न सड़कों में बीटी पेच मरम्मत कार्य। (प्रथम काल)	
10	217	जिला एमसीबी में नवीन अनुविभागीय अधिकारी (रा) केल्हारी में कार्यालय भवन निर्माण कार्य। (प्रथम काल)	41.84
11	218	अनुविभाग कुसमी अंतर्गत आवासीय एवं अनावासीय भवनों का साधारण मरम्मत कार्य। (प्रथम काल)	0.00
12	219	अनुविभाग रामानुजगंज अंतर्गत गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत कार्य। (प्रथम काल)	39.99
13	220	अनुविभाग रामानुजगंज अंतर्गत आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत कार्य। (प्रथम काल)	40.00
14	221	अनुविभाग वाड्रफनगर अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत कार्य। (प्रथम काल)	40.00
15	222	अनुविभाग रामानुजगंज के अंतर्गत राज्य मार्ग, मुख्य जिला मार्ग और ग्रामीण मार्गों में बीटी पैच रिपेयर कार्य। (प्रथम काल)	80.00
16	223	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग नं. 1 अम्बिकापुर अंतर्गत विभिन्न न्यायिक आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का सामान्य एवं विशेष मरम्मत कार्य। (प्रथम काल)	60.00
17	224	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 1 अम्बिकापुर अंतर्गत शिक्षा, जेल एवं पुलिस विभाग के भवनों का सामान्य एवं विशेष मरम्मत कार्य। (प्रथम काल)	40.00
18	225	जिला सरगुजा वि.ख. लुण्ड्रा के बरगीडीह हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित। (द्वितीय काल)	119.64

जी-08546/7

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

Chhattisgarh State Industrial Development Corp. Ltd.
(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
1st Floor, Udyog Bhawan, Telibandha, RingRoad No.1, Raipur 492006 (C.G) TeleFax: 0771-4057624
Website: www.csidc.in, Email: csidc.cg@nic.in, csidc_raipur@yahoo.com

e-Tender Inquiry No. CSIDC/MKD/2023-24/100 **Raipur, Dated 14.03.2024**

CSIDC Ltd, Raipur invites online tenders under Chhattisgarh Govt. Store Purchase Rule-2002 (As Ammended) for the following items from the Manufacturer or Authorised distributor for the conclusion of the Rate Contract.

The tenderers are required to refer para 20 of form-5 tender documents under CSIDC form-5 where in the list of essential documents which are to be submitted along with Technical Bid Envelope-A is given & also read changes made in general terms & conditions as per amendment recently made.

Sr. No.	SPR Annex-1 Sr. No.	Item Description	Last date of online submission	EMD (Rs)	Remarks
(A)	(B)	(C)	(D)	(E)	(F)
1	67	HDPE Vermi Bed (ISI Marked)	30.05.2024	1,00,000/-	(1) The EMD in the form of demand draft favoring CSIDCL Main Office (Receipt a/c) payable at raipur must reach this office physically upto 5.00 PM on last date (as quoted in column "D") of online submission of tender. (2) The tender documents can be downloaded from the portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online only.
2	41/90	Submersible Pump Three Phase (Star Rated)	30.05.2024	1,00,000/-	
3	24/49	HDPE Polypropylene Bag (50KG) (ISI Marked)	30.05.2024	1,00,000/-	
4	8/20	Tractor Trolley	30.05.2024	1,00,000/-	
5	15/35	Battery (for UPS)	30.05.2024	1,00,000/-	
6	21/46	HDPE Water Storage Tank	30.05.2024	1,00,000/-	
7	11/27	PVC Aluminium Cable (ISI Marked)	30.05.2024	1,00,000/-	
8	11/27	PVC Submersible Cable (ISI Marked)	30.05.2024	1,00,000/-	
9	8/20	Water Tanker (Tractor Trolley Mounted)	30.05.2024	1,00,000/-	
10	40/89	Hand Pump Part - 2 - Extra Deep Well (ISI Marked)	30.05.2024	1,00,000/-	
11	45/97	Roll Up Board	30.05.2024	1,00,000/-	
12	66	Concertina Wire	30.05.2024	1,00,000/-	
13	69	Electrician Tool Kit	30.05.2024	1,00,000/-	
14	9/21	Kerosene Storage Tank	30.05.2024	1,00,000/-	
15	54/122	Sports Items (Athletics)	30.05.2024	1,00,000/-	
16	54/122	Sports Items (Inflatable Balls)	30.05.2024	1,00,000/-	
17	7/19	Galvanized Steel Chain Link Fence Fabric (ISI Marked)	30.05.2024	1,00,000/-	

NOTE:-
1. The interested tenderers for online submission of tender may contact cgeprocurement site https://eproc.cgstate.gov.in Helpdesk. Operated by Service Provider Agency Mjunction Services Limited. They may reach by using Helpdesk 18004199140 (from 9 AM to 11 PM) (there in press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in
2. Tenderer may contact to CSIDC in working hours to clear their doubt if any before online submission of the tender.
3. इच्छुक निर्माता एवं अधिकृत प्रदायकर्ता इकाईयों, सीएसआईडीसी वेन्डर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया ऑनलाईन वेबसाईट www.csidcmkt.in. पर अनिवार्यतः पूर्ण करें।

S.-40057/2 Executive Director

कार्यालय एंव दुकान हेतु स्थान उपलब्ध वेबसाईट www.csidc.in देखे।

महतारी वंदन का पैसा लेने बैंकों में भीड़

मुंगेली/नवप्रदेश। महतारी वंदन योजना के तहत बैंक खाते में पहुंची राशि की जानकारी लेने के लिये महिलाएं बैंक पहुंच रही है। लंबी प्रतिक्षा के बाद जब 10 मार्च को खाते में राशि जारी की गई तो महिलाओं का इंतजार खत्म हुआ यह सोचकर लोग का मोबाइल में मैसेज देखते रहे। खाते में पैसे आने का कोई मैसेज नहीं आया, तो महिलाओं की भीड़ बैंक पहुंच रही है।

जिले में 2 लाख 15 हजार 147 आवेदन आये थे जिसमें 2 लाख 14 हजार 452 आवेदनों का सत्यापन किया गया था। सत्यापन करने के पश्चात 2 लाख 14 हजार 452 महिलाओं के खाते में 1 हजार रूपये डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खाते में अंतरित की गई है। पूरे राज्य में मुंगेली जिले के श्यामलता जांगड़े का आवेदन एवं सत्यापन पहला रहा। महिलाओं के खाते में 10 मार्च को 1 हजार रूपए अंतरित किए गए। 4 दिन गुजर जाने के बाद भी सरकारी आंकड़ों के अनुसार अब तक जिले के लगभग 7 हजार महिलाओं के खाते में राशि नही आई है वही नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से अनेक महिलाएं च्वाईस सेंटर से लेकर बैंक के चक्कर काट रही है और अपने खातों में एक हजार रुपए आने की जानकारी ले रहीं है। रविवार को राशि जारी होने के बाद भी मोबाइल में मैसेज नहीं आने की वजह से यह समस्या सामने आ गई और महिलाएं अपने खातों में आए पैसों के संबंध में पूछताछ करती रहीं। च्वाईस सेंटर से लेकर बैंक तक भीड़ दिख रही थी। महिलाएं बैंक खुलते ही बैंक पहुंचकर खाते में पैसे आने की जानकारी ले रही है। चुनाव के पूर्व भारतीय जनता पार्टी द्वारा 1 हजार रुपए प्रतिमाह देने की घोषणा किए जाने के बाद जिस तरह से सत्ता में आई उसके बाद महिलाओं को सबसे ज्यादा महतारी वंदन योजना के लागू करने का इंतजार था। जैसे ही यह योजना लागू हुई और आवेदन लेने का काम शुरु हुआ जगह-जगह जोन कार्यालय से लेकर आंगनबाड़ी से केंद्र व च्वाईस सेंटरों में भीड़ लग गई। साथ ही साथ बैंक खातों में आधार कार्ड लिंक कराने के लिए बैंकों में भी भीड़ नजर आई। लंबी प्रतिक्षा के बाद जब 10 मार्च को खाते में राशि जारी की गई तो महिलाओं का इंतजार खत्म हुआ यह सोचकर लोग का मोबाइल में मैसेज देखते रहे लेकिन खाते में पैसे आने का कोई मैसेज नहीं आया, तो सुबह बैंक खुलते ही एक बार फिर पहले की तरह महिलाओं का हुजुम उमड़ पड़ा। महिलाएं अपने बैंक खाते में एक हजार रुपए आने की जानकारी लेने पहुंची हुई थी। शनिवार और रविवार अवकाश होने के कारण बैंक बंद थे उसके पूर्व महतारी वंदन का काम बैंकों में चल रहा था। पिछले दो-तीन दिनों से बैंकों में महतारी वंदन योजना के पैसे की जानकारी लेने बैंकों में भीड़ लग गई, कारण था मोबाइल में मैसेज नहीं आना। यह भी देखने में आया कि कुछ महिलाओं ने जनधन योजना से बैंक खाता खुलवाया था। उसके बाद लेने देन नहीं करने के कारण खाता निष्क्रिय हो गए हैं वहीं महिलाओं ने अन्य खाता भी खुलवा दिए और योजनाओं का लाभ लेने के लिए दोबारा खोले गए खाते में आधार लिंक करा लिया और योजना का पैसा जनधन खाते में आ गया। बैंक पहुंची महिलाओं ने बताया कि बैंक खाते से आधारकार्ड लिंक कराने बैंक में घंटों लाइन में खड़े रहे तब जाकर आधार सीडिंग का कार्य हुआ और जब सरकार ने राशि जारी की तो न तो उनके मोबाइल में मैसेज आया और बैंक जाने पर यह पता चला कि उनके खाते में पैसा भी नहीं आया। बैंक प्रबंधन यह कहता है कि सबका पैसा आएगा लेकिन जब आधार सीडिंग और आधार लिंक जानकारी ली जाती है तो यह भी स्पष्ट नहीं होता कि उनका आधारकार्ड खाता में लिंक हुआ है या नहीं।

सभी के खाते में आएगी राशि

महतारी वंदन योजना अंतर्गत कुछ महिलाओं का राशि अंतरण का मैसेज नहीं मिल रहा है, इससे विचलित होने की आवश्यकता नहीं है। खातों में छोटी-छोटी त्रुटियों के चलते ऐसी शिकायत आ रही है। एक-दो दिनों में इन सारी त्रुटियों को दूर कर लिया जायेगा। प्रक्रिया में समय जरूर लग रहा है, सभी महिलाओं के खाते में राशि अंतरण की जायेगी।

एस.के. सिंह
जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग मुंगेली

न्यूज गैलरी

साफ्टबाल खिलाड़ी आर्यन को शहीद कौशल और सीएम ट्राफी

मुंगेली/नवप्रदेश। शहीद कौशल यादव पुरस्कार एवं मुख्यमंत्री ट्रॉफी से अंतराष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्लेयर आर्यन ताम्रकार नवाजे जाएंगे।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अंतरराष्ट्रीय सॉफटबॉल खिलाड़ी आर्यन ताम्रकार का वर्ष 2020-21 मे शहीद कौशल यादव पुरस्कार और मुख्यमंत्री ट्राफी के लिए चयन हुआ था। शहीद कौशल यादव पुरुस्कार जूनियर वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी को प्रदान किया जाता है एवं मुख्यमंत्री ट्राफी छत्तीसगढ़ के उस वर्ष राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्श करने वाले टीम को दिया जाता है। आर्यन ने न केवल राज्य का बल्कि देश का भी प्रतिनिधित्व करते हुए पदक प्राप्त किया है। आर्यन ताम्रकार बचपन से ही खेल में रुचि रखते थे उन्होंने अपने बड़े भाई आयुष ताम्रकार को देखते हुए खेल जगत में प्रवेश किया और अपने अच्छे प्रदर्शन के चलते बहुत ही कम उम्र में वे राज्य की सॉफ्टबॉल टीम का हिस्सा बनने में सफल हुए। तब से आर्यन ने लगातार अनेक प्रतियोगिताओं में जिले का, राज्य का एवं देश का प्रतिनिधित्व किया और पदक प्राप्त किया। आप को या ज्ञात ही होगा की छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल टीम लगातार पिछले एक दशक से राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में विजेता बनते आ रहा है, जिसमे विशेष कर सबसे अधिक 7 बार लगातार स्वर्ण पदक प्राप्त करने का भी रिकॉर्ड छत्तीसगढ़ टीम ने अपने नाम किया है। आर्यन ने अपने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता, परिवारजनों एवं सॉफ्टबॉल एसोसिएशन के महासचिव ओपी शर्मा, कोच अमित वरू, प्रदीप साहू, सियाराम पटेल, दीनू पटेल, प्रवेश जोशी, रेड्डी सर, पूरी सर, मृत्युंजय शर्मा सर, पंकज केवर्थ, एवं अन्य वरिष्ट खिलाड़ी का विदेश धन्यवाद ज्ञापित किया है। उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विधायक पुन्नू लाल मोहले, कलेक्टर राहुल देव एवं जिला खेल अधिकारी संजय पाल ने आर्यन को बधाई प्रदान की तथा आर्यन को पूरे राज्य का गौरव कह कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

विज्ञान मेले में 40 मॉडलों का प्रदर्शन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोस्कर के मार्गदर्शन एवं जिला शिक्षा अधिकारी डॉ संजय गुहे के नेतृत्व में बुधवार को जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी सह पुस्तक मेले का आयोजन स्थानीय मल्टीपरपज स्कूल के सभागार में किया गया। राष्टीय आविष्कार अभियान अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में सहायक जिला परियोजना अधिकारी रमेश सिंह, सहायक परियोजना समन्वयक रविशंकर पांडे तथा के के राय प्राचार्य मल्टीपरपज स्कूल अंबिकापुर उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ गुहे ने विद्यार्थी एवं शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आधुनिक जगत की समस्याओं का समाधान विज्ञान से ही किया जा सकता है। विज्ञान प्रदर्शनी में लगभग 40 मॉडलों का प्रदर्शन किया गया।

स्वास्थ्य व पोषण के प्रति महिलाओं बच्चों को किया जा रहा जागरूक

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर के मार्गदर्शन में आयुष विभाग द्वारा जिले के स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में महिलाओं एवं बच्चों को स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. यशपाल सिंह ध्रुव ने बताया कि जिले में संचालित आयुष संस्थाओं द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में सुपोषण संबंधी अनेक गतिविधि एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही स्कूलों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर बच्चों का स्वास्थ्य जांच, हाथ धुलाई कार्यक्रम चलाया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों का वजन एवं ऊँचाई माप और गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है। जिला नोडल आयुर्वेद अधिकारी डॉ. प्रशांत ठाकुर ने बताया कि आयुष विभाग द्वारा सुपोषण पखवाड़ा के तहत आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को उचित पोषक आहार, राष्ट्रीय एनीमिया कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी जा रही है। किशोरी युवतियों को माहवारी के समय स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के संबंध में बताया जा रहा है।

विशेष पिछड़ी जनजाति की सभी बसाहटें पक्की सड़कों से जुड़ेंगी

पीएम जनमन योजनान्तर्गत स्वीकृत 5262.56 लाख की 25 सड़कों का किया भूमिपूजन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र सीतापुर एवं लुण्ड्रा में आने वाली 25 सड़कों का भूमिपूजन बीते मंगलवार को किया गया। पीएम जनमन योजना अंतर्गत इन सड़कों का निर्माण छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण परियोजना क्रमांक 01, अम्बिकापुर द्वारा किया जायेगा। स्वीकृत सड़कों में कुल 5262.56 लाख रुपए की लागत की 74.492 किलोमीटर लम्बाई की 25 सड़कों का भूमिपूजन सम्पन्न हुआ।

इन सड़कों का हुआ भूमिपूजन- विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा में विधायक प्रबोध मिंज द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर सड़कों का भूमिपूजन किया गया। विकासखण्ड लुण्ड्रा अंतर्गत 1991.54 लाख रुपए की लागत की 28.652 किलोमीटर लम्बाई की 11 सड़कें शामिल है, इसमें विकासखण्ड लुण्ड्रा के ग्राम पंचायत सुमेरपुर के सुमेरपुर से कहुवापानी तक 1.70 किलोमीटर की 127.72 लाख रुपए, ग्राम पंचायत कोरवापारा के मोहनपुर से कोरवापारा तक 2.812 किलोमीटर की 217.59 लाख रूपए, ग्राम पंचायत लमगांव के लमगांव से डाड़पारा तक 1.95 किलोमीटर तक 108.94 लाख रुपए, ग्राम पंचायत करेसर के करेसर से करीलधोवा कोरवापारा अमगांव तक 1.28 किलोमीटर तक 66.77 लाख रुपए, ग्राम पंचायत सपड़ा के भेड़िया से धोधियापारा सरईपारा तक 5.72 किलोमीटर तक 437.33 लाख रुपए, ग्राम सपड़ा से बिसरकोना कटोरीपानी तक 1.25 किलोमीटर तक 101.64 लाख रुपए, चितरपुर से चेउरपानी तक 3.60 किलोमीटर की 255.90 लाख रुपए की सड़क, ग्राम पंचायत राताकोना के गुजरवार से भलुआमोड़ गोयनपखना राताकोना तक 2 किलोमीटर की 110.52 लाख रुपए। ग्राम पंचायत चित्तालाता के जरहाकेला से चेयउरपुर तक 4.02 किलोमीटर तक 266.68 लाख रुपए की सड़क का भूमिपूजन किया गया।

एसपी अंकिता ने कहा, साफ-सुथरी हो पुलिस की छवि

एसपी अंकिता शर्मा ने ली थाना और चौकी प्रभारियों की बैठक, दिए निर्देश

सक्ती/नवप्रदेश। जिले के पुलिस अधीक्षकों का वर्चुवल मीटिंग लिया गया। मुख्यमंत्री द्वारा जिला की कानून व्यवस्था की समीक्षा किया गया। मीटिंग दौरान सख्त निर्देश दिया गया कि पुलिस की छबि आमजनों में साफ सुथरी हो एवं ''ऊपर से कठोर एवं अंदर से नर्म' होना चाहिए। अपराधियों के मन में पुलिस का डर होना चाहिए। पुलिस को अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदार एवं अनुशासित होकर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया तथा आमजन में पुलिस की कार्यशैली के प्रति विश्वास दिखाई दें।

इसी तारतम्य में अंकित शर्मा पुलिस अधीक्षक ने जिला के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों का मीटिंग लिया गया। मीटिंग दौरान समस्त थाना प्रभारी/चौकी प्रभारियो को सख्त निर्देश दिया गया कि सामाजिक बुराई जैसे जुआ, अवैध शराब, नशीले पदार्थ की बिक्री करने वालों पर प्रभावी कार्यवाही किया जावे। प्रार्थी/पीड़ित द्वारा थाना रिपोर्ट/शिकायत दर्ज कराने हेतु आने पर उनकी बात शालीनतापूर्वक सुन कर पुलिस कार्यवाही से संतुष्ट किया जाए। संपत्ति संबंधी अपराधों में संलिप्ति आदतन अपराधियों के विरूद्ध निगरानी बदमाश फाईल, आदतन मारपीट, जुआ, शराब/नशीले पदार्थ बिक्री करने वाले अपराधियों के विरूद्ध गुण्डा बदमाश फाईल खोलने बाबत् निर्देशित किया। क्राईम मीटिंग दौरान जिला के सभी थानों के लंबित अपराधों की समीक्षा किया गया तथा समयावधि में निकाल कर न्यायालय पेश करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। महिला संबंधित अपराध/शिकायत को गंभीरता से लेने एवं वरिष्ठ कार्यालय द्वारा जारी परवाना/दिशा निर्देश का पालन करते हुए विधि अनुसार कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शांतिपूर्ण निर्वाचन हेतु अपराधिक तत्वों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं (151, 107, 116 (3) जा.फौ.) के तहत् प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारी रकम से बाउण्ड ओवर करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना/चौकी क्षेत्र के ग्रामों में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत् ज्याद से ज्यादा ''चलित थाना (संवाद)'' का आयोजन कर लोगों से मिलकर उनके समस्या को सुनना एवं त्वरित निराकरण करने हेतु निर्देशित किया ताकि आमजन में पुलिस के प्रति जो गलत अवधारण है उसे समाप्त कर उनके मन में पुलिस प्रति विश्वास लाया जावे। थाना/चौकी द्वारा आयोजित ''चलित थाना (संवाद)'' का फोटो/ विडियोग्राफी कर थाना में रजिस्टर संधारण कर रिकॉर्ड दुरूस्त किया करने हेतु निर्देशित किया गया।

इस लोकसभा चुनाव से देश को मिलेगी नई दिशा : कमलेश

मंदिरों में दर्शन कर लिया आशीर्वाद, जनसंपर्क कर केंद्र व राज्य की योजनाओं की दे रहे जानकारी

जांजगीर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दी है, इधर प्रत्याशी घोषित होने चुनावी दौर शुरू हो गया है, लोकसभा प्रत्याशी अपने क्षेत्र में जन-जन तक पहुंचने और लोकसभा चुनाव में विजयी होने अपनी कमर कस ली है, इधर क्षेत्र क्रमांक 3 के जांजगीर-चांपा लोकसभा की प्रत्याशी कमलेश जांगड़े लगातार जनसंपर्क कार्यक्रम कर रही हैं।

उन्होंने चंद्रपुर विधानसभा, पामगढ़ विधानसभा, जैजैपुर विधानसभा के कई गांव का दौरा और जनसभा कर चुकी हैं। वही अपने लोकसभा क्षेत्र की प्रमुख मंदिरों का भी दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रही हैं। एक तरफ लोकसभा स्तर से बूथ स्तर तक लगातार बैठकों का दौर जारी है संगठन के वरिष्ठ नेता लगातार बैठक लेकर डबल इंजन की सरकार देश में नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय सरकार की योजनाओं को लेकर आम जनों तक पहुंचा रहे हैं। जनसंपर्क अभियान के तहत मंगलवार को जांजगीर-चाम्पा भाजपा लोकसभा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े पामगढ़ के देवरघटा पहुंची। जहां छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ मारुतिधाम का दर्शन कर आशीर्वाद लिया, इसके पश्चात जैजैपुर विधानसभा के ग्राम परसदा में मथुरा माली मरार पटेल समाज के तत्वाधान में आयोजित शाकंभरी महोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। जहां हमारे प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, भाजपा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मल सिन्हा, सक्ती जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, जांजगीर जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, पूर्व सांसद कमला देवी पाटले , सक्ती विधायक डा. खिलावन साहू, सुभाष जलान, गोपी सिंह ठाकुर सहित हमारे वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित मरार पटेल समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

भाजपा कार्यकर्ता बूथों को मजबूत बनाएं-राजवाड़े

प्रभारी मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोशीला स्वागत

सक्ती/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की महिला एवम बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का प्रथम सक्ती आगमन हुआ जहां रेस्ट हाउस में रात्रि पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल माला एवम गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया।

उन्होंने रात्रि विश्राम रेस्ट हाउस में किया। उसके बाद भाजपा चुनाव कार्यालय पहुंची जहां भाजपा के पदाधिकारी एवम कार्यकर्ताओ ने फूल माला गुलदस्ता भेंटकर उनका आत्मीय स्वागत किया जहा उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता के बीच चुनावी रणनीतियों पर चर्चा कर उनको बूथ लेवल पर सक्रिय भागीदारी निभाते हुए हर बूथ के प्रत्येक घरों,में जनजन तक जाकर केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार एवम राज्य की भाजपा सरकार के द्वारा किए गए कार्यों को बताना है।

उन्होंने कहा कि अगर हम बूथ जीते तो लोकसभा जीते इसलिए आप सभी को अपने अपने बूथों पर जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करना है हम लोग लोकसभा चुनाव में अपना जीत अवश्य दर्ज कराएंगे एवं आप सभी को कमलेश जांगड़े को भारी मतों से जीताना है उपस्थित भारतीय जनता पार्टी लोकसभा के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओ ने अब की बार 400 पार,एवम अबकी बार फिर से मोदी सरकार का नारा लगाया। जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने भी जांजगीर लोकसभा लोकसभा क्षेत्र के पार्टी पदाधिकारी एवम कार्यकर्ताओ को संबोधित किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा रामावतार अग्रवाल गोपी सिंह ठाकुर रूपा सिंह देव विद्या सि दार टिकेश्वर गबेल, घनश्याम साहू भाजपा के मंडल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल, मीडिया प्रभारी धनंजय नामदेव सहित भारतीय जनता पार्टी के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

समीक्षा | संवेदनशीलता और जवाबदेही अच्छे प्रशासन की पहली शर्त

कलेक्टर-एसपी के कार्यों से ही सरकार की बनती है छवि-साय

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कलेक्टर-एसपी कांफ्रेंस लेकर शासन की योजनाओ और कानून व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष से संभाग आयुक्त जीआर चुरेंद्र, कलेक्टर विलास भोसकर, एसपी विजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर एवं उपायुक्त राजस्व प्रणव सिंह सहित संबंधित अधिकारी वर्चुअल कॉन्फ्रेंस में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कॉन्फ्रेंस में कहा कि आज तीन महीने के बाद कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस हो रही है। तीन महीने के भीतर ही निश्चित रूप से सरकार ने जनता के विश्वास के मुताबिक बहुत से काम किये हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा किया है। तीन महीने में प्रधानमंत्री आवास योजना, बकाया धान का बोनस, धान की बम्पर खरीदी, 21 क्विंटल प्रति एकड़ 3100 की दर से अंतर की राशि भी दे दी गई है। महतारी वंदन योजना के तहत पहली किश्त की राशि भी जारी हो गई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य शासन और भारत सरकार की विभिन्न योजनाएं प्रदेश में संचालित हैं। सभी योजनाओं को प्रदेश की अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी कलेक्टरों को कहा कि योजनाओं की जानकारी और लाभ लोगों तक पहुंचने में किसी भी तरह की कोताही न हो। हम सभी जनसेवक हैं, हम सबका उद्देश्य जनसेवा ही होना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राजस्व विभाग के प्रकरणों का शीघ्र निपटारा हो। ग्रामीण स्तर पर लोगों की शिकायतें रहती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कामों को टालने की प्रवृति को तत्काल बदले। सभी कलेक्टर यह सुनिश्चित करें कि प्रशासन द्वारा राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण पर बेहतर व्यवस्था बनाई जाए। आम जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी कर्मचारी कार्यालयीन समय पर उपस्थित रहें। पूरी पारदर्शिता के साथ प्रदेश सरकार और भारत सरकार की योजना लोगों तक पहुंचे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत की बात की है। हमें भी विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित जिला बनाने की आवश्यकता है, उसी के अनुरूप कार्य हों।

बैंकों से लोगों को राशि आहरण करने में न हो कठिनाई

महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख से अधिक पात्र महिलाओं के बैंक खातों में योजना पहली किश्त भेज दी है। इसी तरह कृषक उन्नति योजना की राशि भी किसान भाइयों को भेज दी गई है। उपरोक्त राशि के आहरण में हितग्राहियों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इस संबंध में बैंकों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। डॉयरेक्ट बेनिफिट स्कीमों में शासन की ओर से राशि अंतरित किए जाने के बाद भी कुछ हितग्राहियों को खातों में राशि न पहुंच पाने की शिकायत रहती है, उनका तत्काल संज्ञान लेते हुए उचित निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

तेंदूपत्ता संग्राहकों को समय पर पारिश्रमिक का भुगतान करें

शासन द्वारा प्रति मानक बोरा 5500 की दर निर्धारित की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहकों समय पर पारिश्रमिक भुगतान तथा उनके उनके लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिले। ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के कार्य ठीक से चलें और समय पर भुगतान हो। मजदूरी के लिए मजदूरों को भटकना न पड़े। जितने भी स्वीकृत कार्य है, समय पर कार्य प्रारंभ हो और पूरा हो यह भी सुनिश्चित की जाएं।

आवास योजना अंतर्गत निर्माण कार्यों में तेजी लाएं

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य सरकार ने 18 लाख प्रधानमंत्री आवास बनाने का निर्णय लिया है। योजना के तहत स्वीकृत सभी मकानों को तेजी से पूर्ण कराया जाए। इस योजना की जिला स्तर पर निरंतर समीक्षा की जाए। राशन कार्ड के नवीनीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए एवं राशनकार्डधारियों को खाद्यान्न का समय पर वितरण सुनिश्चित किया जाए।

डीएमएफ फंड का हो बेहतर उपयोग

इसी तरह उन्होंने डीएमएफ फंड का बेहतर उपयोग स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, सड़क और आजीविका के साधन उपलब्ध कराने, डीएमएफ की राशि की उपयोग के लिए भारत सरकार से तय नियमानुसार ही राशि ख़र्च करने कहा। इस पर सख्ती से ध्यान दिया जाए, इस राशि का बिल्कुल भी दुरुपयोग नहीं होना चाहिए।

कार्य एजेंसी और ठेकेदार पर निगरानी रखें

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर में नल के माध्यम से पानी पहुंचाना चाहते हैं, इसलिए इन कार्यो को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण कराया जाए। सबसे पहले जल स्रोतों का पता लगाया जाए, इसके बाद टंकी बनाने, पाइप लाइन बिछाने का काम किया जाए। जलजीवन मिशन योजना से लोगों को लाभ हो, पेयजल मिले यह सुनिश्चित हो। कार्य एजेंसी और ठेकेदार पर निगरानी हो ताकि सही कार्य हो सके।

न्यूज गैलरी

खैरागढ़ विधानसभा से भूपेश ने की प्रचार अभियान की शुरूआत

खैरागढ़/नवप्रदेश। लोकसभा में कांग्रेस प्रत्याशी बनाए गए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज खैरागढ़ विधानसभा मे अपने प्रचार अभियान की शुरूआत किया। बघेल का अभियान बाजार अतरिया से शुरू हुआ। यहाँ खैरागढ़ ब्लाक कांग्रेस ग्रामीण की बैठक लेकर बघेल खैरागढ़ पहुंचे । बाइक रैली के साथ शनिमंदिर प्रांगण से सिविललाइन दूर्गा चौक पहुँच वहाँ दिवंगत विधायक देवव्रत सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद रूख्खड़ बाबा मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर दर्शन कर टिकरापारा स्थित श्रीराम मंदिर मे दर्शन कर शहर कांग्रेस की बैठक लिया। खैरागढ़ से छूईखदान पहुँच बघेल वहाँ काली मंदिर मे दर्शन कर ब्लाक कांग्रेस की बैठक लेकर गंडई पहुँच वहाँ ब्लाक कांग्रेस की बैठक लेकर लोकसभा चुनाव प्रचार की शुरूआत करेंगें ।

पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए कंट्रोल रूम गठित

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में ग्रीष्म काल अवधि के दौरान पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं पेयजल की सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के लिए कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। पीएचई विभाग के उपखंड एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों के नाम एवं मोबाइल नंबर भी जारी किए गए है। पेयजल समस्याओं के निराकरण के लिए जिले के कोई भी व्यक्ति संपर्क कर सकेंगे। साथ ही जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 18002330008 पर भी संपर्क कर सकते है। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक ग्रेड 3 श्री अखिलेश सूर्यवंशी मोबाइल नंबर 8349653911 को बनाया गया है।

डाक मतपत्र प्रणाली के संबंध में प्रशिक्षण

गरियाबंद।नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल की मौजूदगी में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के तहत विभिन्न गतिविधियों के लिए दलों का गठन कर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज मास्टर ट्रेनर्स द्वारा डाक मतपत्र एवं इलेक्ट्रानिक रूप से प्रेषित डाक मतपत्र प्रणाली के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही दिव्यांग मतदाता और 85 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं हेतु निर्धारित प्रक्रिया की जानकारी का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही निर्वाचन में संलग्न होने वाले शासकीय सेवकों के मतदान की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु डाक मतपत्र और ईडीसी सुविधा के बारे में दल को जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राकेश कुमार गोलछा, एसडीएम श्री विशाल महाराणा सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हुआ बिहान सम्मेलन

गरियाबंद/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आज 13 मार्च को बिहान सम्मेलन का आयोजन वन विभाग के ऑक्शन हॉल गरियाबंद में किया गया। जिसमें जिले भर की 300 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह के रूप में आयोजित किया गया। सभी स्व सहायता समूह की दीदियों ने कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। पारम्परिक खेलकूद मटका फोड़, कुर्सी दौड़, कंचा दौड़, बिस्किट दौड़ जैसे रोचक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ में लोक कला, लोक गीत की प्रस्तुति भी समूह की सदस्यों ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में 50 से ज्यादा बेहतर व उत्कृष्ट कार्य करने वाली सदस्यों को सम्मानित किया गया।

राज्य सरकार बस्तर में भाजपा नेताओं को ही सुरक्षा क्यों दे रही : बैज

■ **कांग्रेसी नेता भी हैं नक्सलियों के टारगेट में**

बस्तर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बस्तर के बीजेपी नेताओं को सुरक्षा प्रदान करने पर राजनीति गरमा गई है. कांग्रेस ने बीजेपी पर दोहरी राजनीति करने और कांग्रेस नेताओं को सुरक्षा नहीं देने का आरोप लगाया है. पीसीसी प्रमुख दीपक बैज ने कांग्रेस नेताओं की सुरक्षा में तैनात जवानों को वापस लेने का आरोप लगाया है. उन्होंने यह भी कहा है कि आगामी दिनों में यदि कांग्रेस नेताओं पर हमले होंगे तो उसकी जिम्मेदार साय सरकार होगी.

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर में भाजपा नेताओं की हत्या नक्सली कर रहे हैं. जिसकी वजह से बस्तर संभाग के सभी जिलों के भाजपा नेताओं में खौफ का माहौल है. इसे ध्यान में रखकर छत्तीसगढ़ सरकार ने बस्तर संभाग के 43 भाजपा नेताओं को सुरक्षा प्रदान की है. जिसे लेकर सियासत गरमा गई है. कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने बीजेपी पर दोहरी राजनीति कर कांग्रेस नेताओं के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है.

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा, ÷छत्तीसगढ़ में भाजपा कांग्रेस नेताओं के साथ भेदभाव का रही है. भाजपा दोहरी नीति क्यों अपना रही है. क्या कांग्रेस के नेताओं की हत्या नक्सलियों ने नहीं की. हत्याकांड का उदाहरण देश का सबसे बड़ा राजनीतिक घटना झीरम घाटी है. जहां कांग्रेस के टॉप लीडरों, पुलिस जवानों सहित कुल 32 लोगों की हत्या हुई. उसके बाद भी भाजपा सरकार सबक नहीं सीख रही है.÷

भाजपा ने अपने ही सदस्यों को सुरक्षा क्यों प्रदान किया है, कांग्रेस के नेताओं को सुरक्षा क्यों नहीं दिया गया. क्या कांग्रेस के नेता टारगेट में नहीं है. क्या कांग्रेस के नेता बस्तर के अंदरूनी क्षेत्रों में काम नहीं कर रहे हैं. कांग्रेस के नेता भी नक्सलियों के टारगेट में हैं. कांग्रेस नेताओं की सुरक्षा वापस ली जा रही है. यदि कहीं भी कांग्रेस नेताओं के साथ घटना घटेगी तो इसकी जिम्मेदार भाजपा की विष्णुदेव सरकार रहेगी.

दीपक बैज ने कहा, कांग्रेस के पूर्व विधायक और बड़े नेताओं की सुरक्षा वापस ली गई है. आगामी दिनों में इन सभी नेताओं की लिस्ट बनाकर सुरक्षा के लिए सरकार को पत्र लिखा जायेगा, ताकि बस्तर जैसे इलाके में नेताओं के साथ भेदभाव नहीं हो. भाजपा सरकार में नक्सलियों की गतिविधियों अंदरूनी इलाकों में बढ़ गई है.÷

दरअसल, कांग्रेस बड़े नेताओं के साथ बातचीत करने लिस्ट तैयार कर रही है. कांग्रेस की ओर से पत्र लिखकर आगामी लोकसभा चुनाव और उसके बाद परिस्थितियों के अनुसार नेताओं की सुरक्षा बहाली करने की मांग की जाएगी।

डिप्टी सीएम ने मृतक के परिजनों को दिया 20 लाख का चेक

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले के बहुचर्चित साधराम यादव हत्याकांड की ह्द्ध जांच का ऐलान करने के कुछ दिनों बाद आज डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने मृतक साधराम के परिजनों को बीस लाख रुपए का चेक सौंपा. इस दौरान डिप्टी सीएम ने कहा कि पहले मृतक के परिजनों को पांच लाख रुपए का चेक सहयोग के रूप में दिया गया था, जिसे परिजनों ने लौटा दिया था. आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बीस लाख का चेक भेजा है, जिसे मैंने परिजनों को सौंपा.

डिप्टी सीएम शर्मा ने कहा, इसके पहले सरकार ने जांच की दिशा में बड़ा फैसला लेते हुए ह्द्ध को जांच करने सौंपा है. साधराम के परिवार के साथ हम हर हाल में खड़े रहेंगे.

बता दें कि डिप्टी सीएम विजय शर्मा आज कवर्धा पहुंचे हुए थे. वहीं उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के आठ दिव्यांगजनों को विधायक निधि से पेट्रोल चलित ट्रायसायकल देकर उनकी जिन्दगी में फिर से खुशियां लौटा दी है।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने दिव्यांगजनों से पेट्रोल चलित ट्रायसायकल भेंट करते हुए कहा कि उनकी सहायता करने से मुझे सुखद अनुभूति मिल रही है। पेट्रोल चलित ट्रायसायकल से दिव्यांगजनों की राह अब सामान्य व्यक्ति की तरह आसान हो जाएगी। पेट्रोल चलित ट्रायसायकल पाकर दिव्यांगजनों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सपनों को नई उड़ान मिली है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री के इस पहल की सराहना करते हुए इस उपहार के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का भी आभार जताया है।

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने हितग्राहियों बधाई और शुभकामनाएं देते हुए समझाइश दी कि सभी दिव्यांग भाई सड़क सुरक्षा नियमों का पालना सुनिश्चित करें और स्कूटी चलाते समय आवश्यक रूप से हेलमेट लगाएं। उन्होंने दिव्यांगों का हौसला बढाते हुए कहा कि दिव्यांग अपनी क्षमताओं को पहचानें और उसके अनुरूप एक लक्ष्य बनाकर मेहनत करें।

उन्होंने इस मौके पर शासकीय दृष्टि एवं बाधितार्थ विद्यालय सिंघनपुरी के कक्षा पहली में अध्यनरत हंसराज साहू और पोषण साहू को ब्रेल लिपि किट और श्रीमती सुशीला को श्रवणयंत्र भी प्रदान किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री मनहरण कौशिक, जनपद उपाध्यक्ष श्री वीरेन्द्र साहू सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

इन्हें मिला पेट्रोल चलित ट्रायसायकल

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने जिन 08 हितग्राहियों को पेट्रोल चलित ट्रायसायकल का वितरण किया। उनमें ग्राम पंचायत घोटिया के श्री धरमदास डहरिया, कैलाश नगर के श्री अशोक सिन्हा, कवर्धा के श्री नागेश कुंभकार, ग्राम पंचायत ढ़ोगईटोला के श्री छबिलाल साहू, ग्राम पंचायत खाम्ही के श्री तुलस कुमार, ग्राम पंचायत मैनपुरी के श्री कमलू साहू, ग्राम पंचायत जेवड़न के श्री राकेश कुमार, ग्राम पंचायत केशमर्दा के श्री मुकेश शामिल है।

पूर्व जनपद सदस्य की सड़क किनारे मिली लाश, ट्रैक्टर से कुचलकर की गई हत्या

■ **संदेही ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है पुलिस**

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिले में आज सुबह खेत की तरफ घुमने निकले पूर्व जनपद सदस्य की सड़क किनारे लाश मिली है. ट्रैक्टर से कुचलकर बुजुर्ग की हत्या की गई है. मृतक के सिर पर गहरे जख्म है. मृतक का नाम 60 वर्षीय दयाराम जायसवाल बताया जा रहा है. मामला कसडोल थाना क्षेत्र के ग्राम असनींद का है.

वहीं घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कार्रवाई में जुट गई है. पुलिस आसपास पूछताछ के बाद संदेही ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लिया और उससे पूछताछ कर रही है. कसडोल थाना प्रभारी मंजुलता राठौर ने बताया कि यह गुरुवार सुबह की घटना है. बुजुर्ग टहलने निकला था, इसी बीच ट्रैक्टर चालक ने उसके ऊपर गाड़ी चलाकर कुचल दिया है. इससे दयाराम जायसवाल की मौत हो गई. प्रारंभिक पूछताछ में मामला जमीन विवाद का बताया जा रहा है.

उन्होंने कहा, फिलहाल ट्रैक्टर चालक को हिरासत में ले लिया गया है और पूछताछ की जा रही है. जल्द ही घटना के कारणों का पता चल जाएगा. मृतक पूर्व जनपद सदस्य है और कांग्रेस पार्टी का सक्रिय सदस्य भी है. फिलहाल घटना की जांच में कसडोल पुलिस जुटी हुई है।

दुकान आवंटन नहीं होने से प्रभावित दुकानदारों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

खैरागढ़,/नवप्रदेश। शहर मे कलेक्टर कार्यालय के पास स्थित पशु चिकित्सालय के सामने कांपलेक्स निर्माण के लिए गरीबों की दुकानें तोड़ पालिका द्वारा बनाए गए काम्पलेक्स मे दुकानों का आबंटन अब तक पहले के दुकानदारो को नही किए जाने को लेकर प्रभावित दुकानदारो ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप त्वरित कार्यवाही की मांग की । इस जगह पर छोटे मोटे दुकान लगाकर दुकानदारी करने वाले दुकानदारो को काम्पलेक्स निर्माण किए जाने के तीन माह के भीतर उन्हें व्यवस्थापन के माध्यम से लागत मूल्य पर दुकान आवंटन करने पालिका ने तैयारी की थी । लेकिन दो साल बाद भी नगर पालिका प्रभावितों को दुकानें नहीं दे पाई है। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन मे दुकानदारो ने कहा कि पालिका प्रशासन गरीब दुकानदारों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार कर रही है। दुकानदार झोपड़ी बनाकर अपने दुकानों का संचालन जैसे-तैसे कर आजीविका चला रहे हैं। उन्हें जबर्दस्त आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। जिस जमीन पर नगर पालिका ने व्यावसायिक परिसर बनाया है। वह फिलहाल अवैध घोषित कर दिया गया है। दरअसल यह जमीन राजस्व विभाग के नाम पर है। इसके बाद से प्रभावित गरीबों को दुकान आवंटन में रोड़ा लग गया है। जबकि इसी परिसर मे पहले नीचे बनाई गई दुकानो की नीलामी के बाद उसका संचालन भी शुरू हो चुका है ।

कलेक्टर ने किया जिलाधिकारियों के बीच कार्य का विभाजन

■ **प्रेम कुमार पटेल एडीएम , सुरेन्द्र कुमार ठाकुर को उप जिला निर्वाचन अधिकारी की जिम्मेदारी**

खैरागढ़/नवप्रदेश। नए अपर कलेक्टर और संयुक्त कलेक्टर की पदस्थापना के बाद कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के बीच कार्य विभाजन आदेश जारी किया है। जारी आदेश में अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल को अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र कुमार ठाकुर को उप जिला निर्वाचन अधिकारी सामान्य एवं स्थानीय निर्वाचन की जिम्मेदारी दी गई है। प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर को अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी, वित्त, स्थापना, जिला विवाह अधिकारी, जनगणना शाखा, राज्योत्सव, भू-अर्जन, शस्त्र लाइसेंस नवीनीकरण, यातायात, जिला कार्यालय की निगरानी, अभिलेख कोष्ठ (हिन्दी/अग्रेजी) राजस्व मोहर्रिर राहत एवं पुनर्वास अधीक्षक सहायक अधीक्षक (राजस्व एवं सामान्य), डी एम एफ, जिला अभियोजन एवं ज्यूडिशियल से सबंधित कार्य, राजस्व लेखापाल, विकास / कम्प्युटर मुद्रण जिला खनिज सरधान न्यास,कलेक्टर के प्रस्तुतकार,समयसीमा पत्रों का निराकरण, अल्पबचत शाखा, सजीवनी कोष के प्रकरणों में भाग-2 पर कलेक्टर की ओर से, जवाहर नवोदय विद्यालय एवं केन्द्रीय विद्यालय, कोष लेखा एवं पेंशन, कलेक्टर द्वारा किये गये निरीक्षण पर पालन प्रतिवेदन प्राप्त करना, उद्योग, जिला रोजगार, श्रम विभाग/बंधक श्रमिक / श्रम उन्मूलन, नगरीय प्रशासन एवं ग्रामीण विकास विभाग, जिला योजना एवं साख्यिकी कृषि पशुपालन, हाथकरचा, ग्रामोद्योग, कौशल विकास, स्वास्थ्य, आयुष, एन.एच.एम, रेडक्रॉस, जल जीवन मिशन, खाद्य एवं सहकारिता, अंत्यावसायी एवं चिटफंड, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,लोक अदालत तथा कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा समय - समय पर सौपे गए अन्य प्रशाशनिक कार्य, सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर को उप जिला निर्वाचन, सामान्य निर्वाचन एवं स्थानीय निर्वाचन अधिकारी, भू-अभिलेख एवं आबादी सर्वे, नाजरात, अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, वन अधिकार अधिनियम, जनसुचना अधिकारी, सुचना का अधिकार, अध्यक्ष जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, शपथ पत्र, निवास, जाति एवं अन्य प्रमाण पत्र का सत्यापन नगर सेना, जिला जेल, शासकीय आवास आवंटन, भाडा नियंत्रक अधिकारी, अल्प बचत, बीस सूत्रीय शाखा, स्वेछानुदान, जिला भंडार, सीलिंग, राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड) सहित अन्य कार्य अलग-अलग अधिकारी को सौंपे गए।

नपा अध्यक्ष ने सात सदस्यीय पीआईसी की जिम्मेदारी सौंपी

कवर्धा,/नवप्रदेश। नगर पालिका के मनोनित कार्यवाहक अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने अपने प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए प्रेसीडेंट इन काउंसिल 7 सदस्यों का गठन कर दिया है। इस आशय का आदेश भी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश कुमार वर्मा ने जारी कर दिया। नगर पालिका के सबसे प्रमुख आवास एवं पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग को श्रीमती मनीषा साहू पार्षद वार्ड क्रं. 20 व राजस्व तथा बाजार विभाग को वार्ड क्रं. 15 के पार्षद श्री रिंकेश वैष्णव को सौंपा गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यवाहक अध्यक्ष नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक के आदेशानुसार नगर पालिका के समस्त सातों विभागों के प्रभारी सदस्यों व सलाहकार समितियों के सदस्यों की नियुक्ति कर दिया गया है। छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 70 एवं 71 तथा छ.ग. नगर पालिका (प्रेसीडेंट इन काउंसिल के कामकाज संचालन तथा प्राधिकारियों की शक्तियां एवं कर्तव्य) नियम 1998 के नियम 4 के अंतर्गत निहित निबंधनों एवं प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, माननीय कार्यवाहक अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा परिषद की प्रेसीडेंट इन काउंसिल के प्रभारी सदस्य एवं सलाहकार समिति का गठन किया गया है। नगर पालिका परिषद का सबसे महत्तवपूर्ण विभाग आवास, पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग में श्रीमती मनीषा साहू पार्षद वार्ड क्रं. 20, सभापति श्री रिकेश वैष्णव सहित अन्य पार्षदों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

एमसीएमसी की टीम पेड न्यूज की करेगी मॉनिटरिंग

■ **मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न**

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए गठित मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का प्रशिक्षण आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में संपन्न हुआ। कलेक्टर ने कहा कि मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे पूरी सतर्कता एवं गंभीरतापूर्वक किया जाना है। जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया एवं सोशल मीडिया पर प्रकाशित व प्रसारित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों पर नजर रखेगी। राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थियों को टेलीविजन चैनल या केबल नेटवर्क पर विज्ञापन जारी करने के पहले अधिकृत अधिकारी के समक्ष आवेदन करना होगा। एमसीएमसी की टीम पेड न्यूज की मॉनिटरिंग कर सत्यापन करते हुए व्यय लेखा के समक्ष प्रस्तुत करेंगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राकेश कुमार गोलछा ने बताया कि कहा कि जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति का मुख्य कार्य इलेक्ट्रानिक मीडिया पर राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन करना, पेड न्यूज के मामलों की निगरानी और प्रिंट सामग्री और सोशल मीडिया की कनटेन्ट निगरानी की कार्यवाही एवं चुनावी प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता के नियमों के उल्लंघन के मामलों की निगरानी करना है। कोई भी राजनीतिक दल, प्रत्याशी अन्य संस्था, व्यक्ति, मतदान एवं मतदान के एक दिवस पूर्व बिना जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति के प्रमाणीकरण के प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित नहीं करा सकेगा। शेष दिनों में भी प्रिंट माध्यम से विज्ञापन प्रकाशन की सूचना 72 घंटो के भीतर जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति को देनी होगी।

रामायण ,महाभारत से सबक लेना आज की प्रांसगिकता : सभापति विप्लव

खैरागढ़,14 मार्च/नवप्रदेश ब्लाक के विभिन्न गावों में आयोजित रामचरितमानस, जसगायन, झांकी स्पर्धा के तहत मुड़पार, गर्रापार, जुरलाकला, सलगापाठ, करेला, रुसे, साल्हेभर्री में जिला पंचायत सभापति विप्लव साहू शामिल हुए इन दौरान उन्होने संबोधित करते कहा कि धर्म और अध्यात्म मनुष्य के लिए बहुत जरूरी और निजी है। आज कलयुग सबसे महत्वपूर्ण है, आज योजना और कार्य से समाज और राष्ट्र मजबूत होगा। सिर्फ इतिहास को पकडक़र नहीं बैठ सकते, इतिहास हमें दिशा देगा लेकिन तरक्की हमें वर्तमान ही देगा। किसी भी आयोजन के लिए आर्थिक व्यवस्था की जरूरत पड़ती है हर मनुष्य को अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए पहले कार्य करना चाहिए। आज कोई राम, अर्जुन, कृष्ण, सीता, द्रौपती और कुंती नहीं बनना चाहेंगे। आज कोई भी आदमी रामायण या महाभारत की एक भूमिका नहीं निभा सकता, लेकिन उससे सबक ले सकता है, आज का युग संघर्ष, विज्ञान, शिक्षा इन तीनों चीजों को निर्धारित करके आगे जाने का है। कार्यक्रम में यदुकुमार साहू, वेदराम साहू, शिवशरण सिंह, चंपालाल साहू, दानी साहू, जवाहर वर्मा, शेखू वर्मा, गोपाल साहू, विजय वर्मा, विनोद साहू के साथ ग्रामीण, महिलाएं और युवा साथी बड़ी संख्या में शामिल रहे।

जागरूकता अभियान ,वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

भाटापारा/नवप्रदेश। गरियाबंद 13 मार्च 2024/ लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अंतर्गत मतदान प्रतिशत में वृद्धि के दृष्टिगत स्वीप कार्य योजना अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को मतदान के लिये प्रेरित करने हेतु जिले में संचालित वृद्धाश्रम सियान सेवा सदन ग्राम भिलाई में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत वरिष्ठ नागरिकों के लिए सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ नागरिकां को मतदान के महत्व को बताते हुये शपथ ग्रहण कराकर उन्हें वस्त्र एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में अपना मताधिकार का प्रयोग करने के लिए उनसे आग्रह किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत की सीईओ रीता यादव, सहित अन्य अधिकारी के अलावा आम लोग उपस्थित थे।

65 हजार से अधिक किसानों को 351. 73 करोड़ धान अंतर की राशि का भुगतान

खैरागढ़/नवप्रदेश। कृषक उन्नति योजनान्तर्गत किसानों को खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी के बाद उसके समर्थन मूल्य के अन्तर की राशि का अन्तरण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बालोद में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में किया । जिले मे जिला स्तरीय कार्यक्रम सेवा सहकारी समिति मर्यादित कुकुरमुड़ा (रोड अतरिया) में आयोजित किया गया। जिसमें जिले के 65 हजार 2 सौ 80 किसानों से 74420.93 हेक्टर रकबे का 38 लाख 61 हजार 7 सौ 2 क्विंटल धान

समर्थन मूल्य पर खरीदी के बाद समर्थन मूल्य के अन्तर की राशि प्रति एकड 19257 रूपये के मान से 351 करोड़ 73 लाख 67 हजार रूपये का भुगतान द्वारा किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। में जिलास्तरीय कार्यक्रम के अलावा ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम पिपरिया स्थित धान खरीदी केन्द्र में आयोजित किया गया । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किसानों को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के शपथ ग्रहण के दूसरे दिन प्रथम कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 18 लाख घरों के निर्माण की स्वीकृति दी। महिला सशक्ति को ध्यान में रखते हुए महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं के खाते में 655 करोड़ 57 लाख रुपए की पहली किस्त का अंतरण किया। महिलाओं को प्रतिमाह 1000 हजार रूपए की दर से वार्षिक 12 हजार रूपए आर्थिक सहायता प्राप्त होगी। राज्य सरकार ने अन्न दाता किसानों को दो साल के बकाया राशि बोनस की राशि लगभग 13 लाख किसानों के बैंक खाते में सुशासन दिवस के दिन 3716 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। किसानों से रिकार्ड तोड़ धान खरीदी की गई। तेंदूपत्ता संग्रहण दर को 4000 रुपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 5500 रूपए प्रति मानक बोरा के हिसाब से 15 दिन खरीदी की जाएगी।

29 हितग्राहियों को आधारभूत प्रशिक्षण कराया गया

गरियाबंद/नवप्रदेश। केन्द्र शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनांतर्गत जिले के लाईवलीहुड कॉलेज, गरियाबंद में कोर्स टेलर (दर्जी) कोर्स में 29 हितग्राहियों को 06 दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण एवं मूल्यांकन कराया गया। प्रशिक्षण में सम्मिलित लाभार्थियों का प्रमाणीकरण के उपरांत प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत् प्रत्येक हितग्राहियों को प्रति दिवस के मान से पांच सौ रूपये का छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। साथ ही टूलकिट हेतु प्रोत्साहन राशि के रूप में 15 हजार रूपयेप्रदान किया जायेगा। लाभार्थी योजना के पहले चरण में अपने व्यवसाय हेतु 5 प्रतिशत रियायती ब्याज दर से एक लाख रूपये का ऋण तथा अगले चरण में दो लाख रूपये का ऋण का लाभ ले सकते है।

देश में अप्रैल-जून में मिलेंगी सबसे ज्यादा नौकरियां

यूएस नई भर्तियों में दूसरे तो चीन तीसरे पायदान पर

नई दिल्ली। रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर के 42 देशों के बीच भारत में सबसे ज्यादा मजबूत धारणा है। जो ज्यादा बड़ी कंपनियां हैं वे 44 फीसदी भर्तियां कर सकती हैं। उसके बाद बड़े संगठन 43 फीसदी और बड़े उद्यमों 40 फीसदी का स्थान आता है। 33 फीसदी कंपनियां कोई भर्ती नहीं करेंगी। देश में अप्रैल.जून तिमाही में दुनिया में सबसे ज्यादा नौकरियां मिलने की उम्मीद है।करीब 36 फीसदी घरेलू कंपनियां अप्रैल.जून में भर्ती कर सकती हैं। मैनपावर ग्रुप की सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका में 34 फीसदी और चीन में 32 फीसदी कंपनियां कर्मचारियों को नौकरी दे सकती हैं। जापान 11 फीसदी और ताईवान में 12 फीसदी भर्तियां हो सकती हैं। इस मामले में रोमानिया सबसे पीछे है जहां दो फीसदी लोगों की छंटनी की आशंका है। इस दौरान वैश्विक औसत 22 फीसदी रहने का अनुमान है। यह सर्वे रिपोर्ट 42 देशों की 3150 कंपनियों में होने वाली भर्तियों के विश्लेषण पर आधारित है।

भारत में धारणा सबसे मजबूत

रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर के 42 देशों के बीच भारत में सबसे ज्यादा मजबूत धारणा है। जो ज्यादा बड़ी कंपनियां हैं वे 44 फीसदी भर्तियां कर सकती हैं। उसके बाद बड़े संगठन 43 फीसदी और बड़े उद्यमों 40 फीसदी का स्थान आता है। 33 फीसदी कंपनियां कोई भर्ती नहीं करेंगी। 14 फीसदी कंपनियां छंटनी कर सकती हैं जबकि तीन फीसदी ने अभी तक कोई योजना नहीं बनाई हैं।

इन क्षेत्रों में होंगे सर्वाधिक मौके

हेल्थकेयर एवं लाइफ साइंस क्षेत्र में सर्वाधिक 44 फीसदी भर्तियां हो सकती हैं। कम्युनिकेशन सेवा क्षेत्र में 43 फीसदी, सूचना प्रौद्योगिकी में 41 फीसदी और ऊर्जा.यूटिलिटी में 20 फीसदी भर्तियां हो सकती हैं।

उत्तर भारत में सबसे ज्यादा नौकरियां

उत्तर भारत की कंपनियां 40 फीसदी भर्ती करेंगी। पश्चिमी भारत की कंपनियां 35 फीसदी, दक्षिण भारत की 33 फीसदी और पूर्वी भारत की कंपनियां 30 फीसदी भर्ती करेंगी।

प्रतिभा की कमी, फिर भी परिदृश्य बेहतर

मैनपावर ग्रुप में प्रबंध निदेशक संदीप गुलाटी ने कहा भारत में प्रतिभाओं की कमी 80 फीसदी तक पहुंच गई है। फिर भी भर्ती के मामले में भारत शीर्ष पर है। सालाना आधार पर भारत का शुद्ध रोजगार परिदृश्य 6 फीसदी मजबूत है।

एसबीआई ने चुनाव आयोग को सौंपी चुनावी चंदे की जानकारी

नई दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक एसबीआई ने चुनावी बॉन्ड का विवरण चुनाव आयोग ईसी को सौंप दिया है। शीर्ष अदालत ने एसबीआई को चौबीस घंटे के भीतर चुनावी चंदे की जानकारी आयोग को सौंपने का आदेश दिया था। भारतीय स्टेट बैंक एसबीआई ने चुनावी बॉन्ड का विवरण चुनाव आयोग ईसी को सौंप दिया है। शीर्ष अदालत ने एसबीआई को चौबीस घंटे के भीतर चुनावी चंदे की जानकारी आयोग को सौंपने का आदेश दिया था। ईसी ने विवरण मिलने की पुष्टि की है। चुनाव आयोग ने कहाए सर्वोच्च न्यायालय के 15 फरवरी और 11 मार्च के आदेश के अनुपालन में एसबीआई द्वारा आज ईसी को चुनावी चंदे की जानकारी प्रदान की गई है। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा था आप एसबीआई कह रहे हैं कि दानदाताओं और राजनीतिक पार्टियों की जानकारी सील कवर के साथ एसबीआई की मुंबई स्थित मुख्य शाखा में है। मिलान प्रक्रिया में समय लगेगा, लेकिन हमने आपको मिलान करने के लिए कहा ही नहीं था और हमने सिर्फ स्पष्ट डिस्क्लोजर मांगा था। मामले पर सुनवाई कर रही संविधान पीठ के सदस्य न्यायमूर्ति खन्ना ने एसबीआई के वकील हरीश साल्वे से कहाए श्आपने बताया कि चुनावी बॉन्ड की पूरी जानकारी एक सील कवर लिफाफे में रखी गई है तो आपको सिर्फ सील कवर खोलकर जानकारी ही तो देनी है।

चंदे का विवरण सार्वजनिक करेगा चुनाव आयोग

इससे एक दिन पहले सर्वोच्च न्यायालय में एसबीआई की याचिका पर सुनवाई हुई थी, जिसमें राजनीतिक दलों के भुना, प्रत्येक चुनावी बॉन्ड का ब्योरा देने की समयसीमा 30 जून तक बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। वहींए उस याचिका पर भी सुनवाई थी, जिसमें एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया गया था। अदालत ने एसबीआई को राहत देने से इनकार करते हुए कहा था कि एसबीआई कल तक ही जानकारी चुनाव आयोग को सौंपे और चुनाव आयोग 15 मार्च तक चुनावी चंदे के विवरण को सार्वजनिक करे।

शीर्ष अदालत ने खारिज की थी एसबीआई की दलील

एसबीआई की तरफ से सर्वोच्च न्यायालय की सुनवाई में वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे पेश हुए थे। साल्वे ने अदालत को बताया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद एसबीआई ने नए चुनावी बॉन्ड जारी करने पर रोक लगा दी है, लेकिन समस्या ये है कि जो चुनावी बॉन्ड जारी हुए हैंए उससे पूरी प्रक्रिया को पलटना होगा और इसमें समय लगेगा। हालांकि शीर्ष अदालत ने एसबीआई की दलील मानने से इनकार कर दिया और मंगलवार तक ही जानकारी देने का आदेश दिया।

एससीबीए के प्रमुख ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

इस बीच सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन एससीबीए के अध्यक्ष अदिश सी अग्रवाल ने चुनावी बॉन्ड पर फैसले को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा है। पत्र में वरिष्ठ वकील अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू को चुनावी बॉन्ड योजना पर अदालत के फैसले पर रोक लगानी चाहिए। पत्र में उन्होंने कहा कि पूर्ण न्याय के लिए पूरे मामले को फिर से सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए।

1.1 अरब डॉलर के लिए आईएमएफ मिशन और पाकिस्तान के बीच होगी चर्चा

14 से 18 के बीच बैठक

नई दिल्ली। पाकिस्तान के नवनिर्वाचित वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब समझौते और एक नए ऋण कार्यक्रम के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ बातचीत के लिए सहमत हो गए हैं। एआरवाई न्यूज के अनुसारए इस्लामाबाद एसबीए कार्यक्रम के तहत 1.1 बिलियन अमरीकी डालर की अंतिम किश्त के बारे में अंतरराष्ट्रीय ऋणदाता के साथ बातचीत करेगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष आईएमएफ मिशन तीन अरब डॉलर की स्टैंड.बाय व्यवस्था एसबीए की आर्थिक समीक्षा के लिए बुधवार को पाकिस्तान पहुंच सकता है। सूत्रों के मुताबिक यह बातचीत 14 से 18 मार्च तक होगी। पाकिस्तान के नवनिर्वाचित वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब समझौते और एक नए ऋण कार्यक्रम के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ बातचीत के लिए सहमत हो गए हैं। एआरवाई न्यूज के अनुसार इस्लामाबाद एसबीए कार्यक्रम के तहत 1.1 बिलियन अमरीकी डालर की अंतिम किश्त के बारे में अंतरराष्ट्रीय ऋणदाता के साथ बातचीत करेगा।

इसके अलावा पाकिस्तान ने दूसरी समीक्षा के लिए आईएमएफ द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को पहले ही हासिल कर लिया है, सूत्रों ने इसकी जानकारी दी है। बातचीत के दौरान, पाकिस्तान एक साथ 36 महीने की विस्तारित निधि सुविधा ईएफएफ के तहत एक नए सौदे का अनुरोध भी करेगा। सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तान 6.8 अरब डॉलर के नए ऋण के लिए आईएमएफ से अनुरोध कर सकता है।

पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने 6 रुपये के अंतरिम डिविडेंड को दी मंजूरी

नईदिल्ली। पतंजलि फूड्स ने घोषणा की कि उसके निदेशक मंडल ने भारत में कंपनी की दो पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों के गठन को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने इस बात की जानकारी एक नियामक फाइलिंग में दी। पतंजलि फूड्स ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 2 रुपये दो रुपए के फेसवेल्यू वाले शेयर पर 300 फीसदी के अंतरिम डिविडेंड का भी ऐलान किया है। इसका भुगतान 11 अप्रैल, 2024 को या उससे पहले किया जाएगा। शेयर बाजार को दी गई जानकारी के मुताबिक, बाबा रामदेव की कंपनी ने जानकारी दी कि बोर्ड मीटिंग में छह रुपए प्रति शेयर अंतरिम डिविडेंड को मंजूरी मिल गई है। गौरतलब है कि बाबा रामदेव की कंपनी ने पिछले साल सितंबर में भी छह रुपए के डिविडेंड का ऐलान किया था। साल 2023 में बिजनेस प्लान के बारे में बातते हुए बाबा रामदेव ने कहा था कि आने वाले 5 साल में कंपनी एफएमसीजी सेक्टर की सबसे बड़ी कंपनी बनने के लिए पतंजलि ने एक विजन डॉक्युमेंट तैयार किया है। बाबा रामदेव की अगुवाई वाली पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ में साल-दर-साल 19.6% की गिरावट के साथ ?216.5 करोड़ की गिरावट दर्ज की।

चालू वित्त वर्ष में करीब आठ फीसदी रह सकती है विकास दर

नई दिल्ली। नागेश्वरन ने मंगलवार को कहाए जब तक चौथी तिमाही के जीडीपी के आंकड़े उस गति से बहुत कम नहीं हो जाते जो हमने पहली तीन तिमाहियों में देखी हैए तो वृद्धि दर 7.6 फीसदी के बजाय 8 फीसदी के करीब होगी। उद्योग और सेवा क्षेत्रों की गतिविधियों में तेजी से चालू वित्त वर्ष में देश की आर्थिक वृद्धि दर करीब आठ फीसदी रह सकती है। मुख्य आर्थिक सलाहकार सीईए वी अनंत नागेश्वरन ने कहा सांख्यिकी मंत्रालय का अनुमान 7.6 फीसदी है। लेकिनए विकास दर इससे ज्यादा होगी। नागेश्वरन ने मंगलवार को कहा, जब तक चौथी तिमाही के जीडीपी के आंकड़े उस गति से बहुत कम नहीं हो जाते जो हमने पहली तीन तिमाहियों में देखी हैए तो वृद्धि दर 716 फीसदी के बजाय 8 फीसदी के करीब होगी। हालांकि उत्साह के आगे झुके बिना लक्ष्य की ओर सिर झुकाकर काम करने की जरूरत भी है। उन्होंने कहा एक देश के रूप में हमें महसूस करना चाहिए कि हम लंबी अवधि के लिए काम कर रहे हैं न कि छोटी अवधि के लिए। चालू वित्त वर्ष के लिए उद्योग और सेवाओं में वृद्धि दिख रही है। देरी व अनियमित मानसून के कारण कृषि क्षेत्र की विकास दर पर असर देखने को मिल सकता है।

11 अरब डॉलर पहुंच सकता है चालू खाता घाटा

देश का चालू खाता घाटा 2023.24 की तीसरी तिमाही यानी अक्तूबर.दिसंबर में बढ़कर 11 अरब डॉलर या जीडीपी का 1.2 फीसदी तक पहुंच सकता है। रेटिंग एजेंसी इंडिया रेटिंग्स ने यह अनुमान जताया है। जुलाई-सितंबर तिमाही में चालू खाता घाटा एक फीसदी रहा था जबकि 2022-23 में दो फीसदी रहा था। एजेंसी का दावा है कि चौथी तिमाही में चालू खाता घाटा कम हो सकता हैए क्योंकि वैश्विक आर्थिक गतिविधि में तेजी के शुरुआती संकेत दिख रहे हैं। हमारा निर्यात बेहतर रहेगा।

विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन से आईआईपी में गिरावट

नई दिल्ली। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के जारी आंकड़ों के मुताबिक दिसंबरए 2023 में आईआईपी की वृद्धि दर 4.2 फीसदी व नवंबर में 2.4 फीसदी रही थी। विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन से जनवरी, 2024 में देश की औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि धीमी होकर 3.8 फीसदी रह गई। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक आईआईपी के संदर्भ में मापे जाने वाले कारखाना उत्पादन की वृद्धि जनवरी 2023 में 5.8 फीसदी रही थी। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय केजारी आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर 2023 में आईआईपी की वृद्धि दर 4.2 फीसदी व नवंबर में 2.4 फीसदी रही थी। वहीं चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह तक औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि 5०9 फीसदी रही है। 2022-23 की समान अवधि में यह 5.5 फीसदी रही थी।

आईटीएम विवि में आईटीएम बैडमिंटन कप 16 मार्च से

रायपुर/नवप्रदेश। नया रायपुर स्थित आईटीएम यूनिवर्सिटी रायपुर द्वारा आगामी 15 और 16 मार्च को विवि परिसर के आईटीएम बैडमिंटन अकादमी में इंटर-कॉलेज बैडमिंटन टूर्नामेंट आईटीएम बैडमिंटन कप 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य छात्र- छात्राओं की खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करते हुए उनके खेल कौशल को बढ़ावा देने और प्रतिभागियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना है।

टूर्नामेंट के उद्घाटन कार्यक्रम में कुलपति प्रोफेसर डॉ. सुमेर सिंह और महानिदेशक सुश्री लक्ष्मी मूर्ति उपस्थित रहेंगे। इच्छुक छात्र इस टूर्नामेंट में सिंगल्स /डबल्स वर्ग के लिए अपना ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार श्री सौरव चटर्जी और जॉइंट रजिस्ट्रार श्री विकास भोंसले ने बताया कि टूर्नामेंट के लिए किसी भी विश्वविद्यालय/कॉलेज के एक या अधिक छात्र पंजीकरण करा सकते हैं। स्पर्धा लेने छात्रों को रायपुर, भिलाई और दुर्ग से आईटीएम विश्वविद्यालय के कार्यक्रम स्थल तक परिवहन सुविधा प्रदान की जाएगी। इच्छुक छात्र किसी भी जानकारी और सहायता के लिए खेल समन्वयक प्रोफेसर अरिजीत गोस्वामी और मनु प्रकाश मिश्रा से संपर्क कर सकते हैं।

पीठ की चोट से परेशान श्रेयस अय्यर की बढ़ी टेंशन

मुंबई। श्रेयस अय्यर विदर्भ के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पीठ दर्द के कारण लगातार दूसरे दिन मैदान पर नहीं उतरे।

श्रेयस अय्यर ने दूसरी पारी में 111 गेंदों पर 95 रनों की पारी खेली। मुंबई ने विदर्भ के सामने 538 रनों का बड़ा लक्ष्य रखा।

हालांकि, एक बेहतरीन पारी खेलने के बाद अय्यर की पुरानी चोट ने उन्हें फिर परेशान किया और चौथे दिन उन्हें मैदान से बाहर रहना पड़ा। हालांकि, मेडिकल ट्रीटमेंट और ठीक होने का आश्वासन मिलने के बावजूद, वह अंतिम दिन भी मैदान पर वापसी नहीं कर पाए।

इंग्लैंड के खिलाफ जबरदस्त टेस्ट श्रृंखला के बाद, बेचैनी की फुसफुसाहट सामने आई, खासकर लंबी पारी खेलने के बाद। बीसीसीआई की मेडिकल जांच ने उन्हें मंजूरी दे दी, लेकिन चयनकर्ताओं ने उन्हें टेस्ट टीम से बाहर करने का फैसला किया। एक ऐसा निर्णय जिससे अय्यर काफी निराश दिखे।

इसके बाद अय्यर पीठ की ऐंठन के कारण मुंबई के आखिरी रणजी ट्रॉफी लीग मैच में नहीं खेल सके। हालांकि, इस दौरान उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए प्री-सीज़न कैंप में भाग लिया, जिस टीम की वह आईपीएल 2024 में कप्तानी करेंगे।

अनुष्का ने मलयालम फिल्म कथानार के लिए 5 करोड़

नई दिल्ली। एक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी की पिछली रिलीज शिमस शेट्टी मिस्टर पोलिशेट्टीश् बॉक्स ऑफिस ठीक.ठाक चली थी। हालांकि यह ऐसा परफॉर्म नहीं कर पाई थी, जैसी उम्मीद थी। लेकिन अब अनुष्का शेट्टी अपने नए प्रोजेक्ट में बिजी हो गई हैं। बाहुबली और बाहुबली 2 से पैन इंडिया स्टार बनीं अनुष्का शेट्टी अब फिल्म कथानार में नजर आएंगी। इस फिल्म से वह मलयालम सिनेमा में डेब्यू कर रही हैं। खबर है कि इस फिल्म के लिए अनुष्का शेट्टी ने 5 करोड़ रुपये फीस ली है। झंजींदंत एक फैंटेसी थ्रिलर है, जिसे बनाने में 75 करोड़ रुपये का खर्च बताया जा रहा है। फिल्म में अहम रोल है और इसके लिए उन्हें 5 करोड़ रुपये फीस मिल रही है। हालांकि अभी इसे लेकर ऑफिशियली कुछ नहीं कहा गया है। न्यूज 18 की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म इंडस्ट्री में 17 सल पूरे कर चुकीं अनुष्का शेट्टी को बाहुबली से पहले 3 करोड़ रुपये की फीस मिल रही थी। पिछली रिलीज शिमस शेट्टी मिस्टर पोलिशेट्टीश् के लिए अनुष्का ने 6 करोड़ रुपये फीस ली। लेकिन अब मलयालम डेब्यू के लिए उन्हें पांच करोड़ रुपये मिलने की खबरें हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म में अनुष्का शेट्टी एक परी का किरदार निभाएंगी। फिल्म में बड़े स्केल पर वीएफएक्स का इस्तेमाल होगा और इसे पैन इंडिया रिलीज किया जाएगा। श्कथानारश् में जयसूर्या लीड रोल में नजर आएंगे। वह मलयालम सिनेमा टॉप स्टार्स में शुमार हैंए और नेशनल अवॉर्ड समेत कई सम्मान जीत चुके हैं। अनुष्का शेट्टी की बात करेंए तो उन्होंने 2005 में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। वह तमिल से लेकर तेलुगू और अब मलयालम फिल्मों में काम कर रही हैंए पर बॉलीवुड से हैं। हालांकिए एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में कहा था कि अगर कुछ अच्छा ऑफर मिलाए तो वह बॉलीवुड में जरूर काम करेंगी।

अदा शर्मा की बस्तर की एडवांस बुकिंग शुरू

बीते साल 2023 में अदा शर्मा ने फिल्म द केरल स्टोरी की जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। डायरेक्टर सुदीप्तो सेन और निर्माता विपुल अमृतलाल शाह की इस मूवी ने कामयाबी का परचम लहराते हुए बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार प्रदर्शन कर के दिखाया है।

अब फिल्म बस्तर-द नक्सल स्टोरी के जरिए अदा, सुदीप्तो और विपुल की तिकड़ी एक बार फिर से वापसी करने के लिए तैयार है। मेकर्स की तरफ से अब इस मूवी की टिकटों की एडवांस बुकिंग भी ओपन कर दी गई है, जिसके जरिए आप रिलीज से पहले इस मूवी की टिकटों को आसानी से बुक कर सकते हैं। अदा शर्मा स्टारर बस्तर-द नक्सल स्टोरी को लेकर इस समय में फैंस का जबरदस्त हाइप बना हुआ है। फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद दर्शकों की उत्सुकता काफी बढ़ गई है। हर कोई इस मूवी की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। मेकर्स की तरफ से सोशल मीडिया पर फिल्म की एडवांस बुकिंग को लेकर लेटेस्ट अपडेट दिया गया। इस पोस्ट में बताया गया है कि रिलीज से दो दिन पहले बस्तर-द नक्सल स्टोरी की एडवांस बुकिंग की विंडो को ओपन कर दिया गया है और अगर आप भी इस मूवी को देखने के लिए बेताब हैं तो ऑनलाइन जाकर पहले से ही टिकटों की बुकिंग कर सकते हैं। मालूम हो कि जिस तरह से अदा शर्मा ने द केरल स्टोरी में अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरा है, उसके आधार पर बस्तर से काफी उम्मीदें की जा रही हैं। हांलाकि ये फिल्म कैसा प्रदर्शन करेगी ये तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

फाइनल में शतक लगाने के बाद मुशीर बोले- सचिन सर को बड़े स्क्रीन पर देखना प्रेरणादायक

नई दिल्ली। मुशीर खान ने रणजी के फाइनल में शतक लगाकर मास्टर.ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर का 29 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। युवा बल्लेबाज ऐसा करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। रणजी ट्रॉफी के फाइनल में मुंबई के युवा बल्लेबाज और सरफराज खान के भाई मुशीर खान ने शानदार शतक जड़ा। उन्होंने सचिन तेंदुलकर के सामने उनका रिकॉर्ड तोड़ा। अपने इस शतक के बाद मुशीर काफी खुश हैं। उन्होंने कहा- मुझे पहले पता नहीं था कि सचिन सर स्टेडियम में मौजूद थे। मैं जब 60 रन पर बल्लेबाजी कर रहा था तब मैंने उन्हें बड़ी स्क्रीन पर देखा। इसने मुझे अच्छा करने के लिए प्रेरित किया क्योंकि वह मैच देख रहे थे और मुझे उन्हें प्रभावित करना था।

मुशीर ने कहा कि साझेदारी के दौरान मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मुझे दो टेस्ट खिलाड़ियों के साथ बल्लेबाजी करने का मौका मिला। उनकी टीम का हर गेंदबाज अज्जू दादा अजिंक्य रहाणे को आउट करने की कोशिश कर रहा था। इससे मेरा काम आसान हो गया। मुशीर ने कहा कि रणजी ट्रॉफी फाइनल में शतक बनाना मेरे लिए एक सपना था। अय्यर भाई जोर दे रहे थे कि हमें लंबे समय तक बल्लेबाजी करनी है और मैच को विरोधी टीम की पहुंच से दूर ले जाना है। मैंने सरफराज भाई से बात की थी और उन्होंने मुझसे कहा था कि फाइनल में यह मेरे लिए अच्छा मौका हैए जिसे हर कोई देख रहा है। अगर मैं यहां रन बनाऊंगा तो यह मेरे लिए भविष्य में बेहतर होगा।

न्यूज गैलरी

बाड़ी में लगा रखा था गांजा मुखबिरी के बाद आरोपी गिरफ्तार

धमतरी/नवप्रदेश। अपने घर में गांजा पौधा लगाने वाले आरोपी को अर्जुनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अवैध शराब,गांजा,अवैध कारोबारियों पर अभियान चलाकर कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये है। इसी कड़ी में अर्जुनी थाना क्षेत्र में मुखबिर से सुचना मिली कि एक व्यक्ति द्वारा अपने घर में मादक पदार्थ गांजा का पेड़ लगाया गया है। जिस सूचना पर वरिष्ठ अधिकारी को सूचना देकर कार्यवाही के लिए टीम रवाना हुई। जिससे पता चला कि आरोपी अश्वनी कुमार साहू के द्वारा अपने घर के बाड़ी में अवैध मादक पदार्थ गांजा जैसा पौधा लगाया गया था। जिसे पुलिस ने नष्ट कर दिया है। आरोपी अश्वनी कुमार साहू का कृत्य अपराध धारा 20 (क) नारकोटिक्स एक्ट का पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में उक्त कार्यवाही में थाना अर्जुनी से सउनि.उत्तम निषाद, रामकृष्ण साहू, आर.भावेश दास,प्रदीप साहू,मआर.ज्योति खुटे का विशेष योगदान रहा।

वृद्ध की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, हत्या की आशंका

कोरबा/नवप्रदेश। समीपस्थ ग्राम भालूसटका में एक वृद्ध की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस विवेचना कर रही है। प्रथम दृष्ट्या मामला हत्या का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना रामपुर पुलिस अंतर्गत ग्राम भालूसटका में यह घटना दोपहर की बताई जा रही है, पर पुलिस को घटना की सूचना देर शाम को मिली। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी समेत अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मी स्थल पर पहुंच गए। बताया जा रहा है कि ग्राम भालूसटका में श्यामलाल 60 वर्ष अपनी पत्नी के साथ निवासरत था। श्यामलाल की लाश घर के बाहर पड़ी हुई मिली है। उसके सिर से अत्यधिक रक्त (खून) बहा है। इससे मामला संदेहास्पद हो गया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। डाग स्क्वायड व फारेंसिक एक्सपर्ट की टीम भी मौके पर पहुंच कर जांच कर रही है। प्रथम दृष्ट्या मामला हत्या का है। वैधानिक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्च्यूरी में रखा दिया गया है। गुरुवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पीएम रिपोर्ट मिलने व पूछताछ के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो पाएगी। फिलहाल पुलिस अपने स्तर पर जांच करने के साथ ही मृतक के स्वजनों से भी पूछताछ कर रही है।

घर के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

रायपुर/नवप्रदेश। शिवानंद नगर खमतराई में घर के बाहर खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सर्वजीत सिंह 35 वर्ष शिवानंद नगर खमतराई का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 07 एलएक्स 7758 को अपनी घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से जेवर व लेपटाप पार

रायपुर/नवप्रदेश। लालपुर स्थित ईना आकृति कालोनी के सूने मकान से अज्ञात चोर ने सोने के जेवर और लेपटाप पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया रूचि खलको 23 वर्ष एच 7 ईना आकृति कालोनी लालपुर की रहने वाली है। बताया जाता है कि 7 मार्च से 11 मार्च के मध्य अज्ञात चोर ने प्रार्थिया के सूने मकान के खिड़की को तोड़कर आलमारी में रखे सोने के जेवर और लेपटाप को पार कर दिया। चोरी गए सामान की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते 14 पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहपारा पुलिस ने पटवा कॉम्पलेक्स के पास सरेआम शराब पीते आरोपी जय साहू 42 वर्ष, आमानाका पुलिस ने आरोपी कार्तिक साहू 42 वर्ष व मिंटू साव 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मोवा पुलिस ने आरोपी पुलकित वर्मा 25 वर्ष, खरोरा पुलिस ने आरोपी चेतन निषाद 35 वर्ष, अभनपुर पुलिस ने आरोपी धनउराम जांगडे 55 वर्ष, दुकालु भारती 59 वर्ष एवं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी दिलीप कुमार सोनवानी 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आरंग पुलिस ने आरोपी अनिल चतुर्वेदी 34 वर्ष, मुकेश कोसले 38 वर्ष, टिकेश्वर वर्मा 38 वर्ष, पन्ना लाल सेन 42 वर्ष, जितेन्द्र साहू 34 वर्ष व गजेन्द्र चन्द्राकर 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

गांजा के साथ दो युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। कांकेर रोडवेज के सामने मठपुरैना में गांजा के साथ टिकरापारा पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 21 किलो 400 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कांकेर रोडवेज कार्यालय के सामने मठपुरैना में दो युवक संदिग्ध लग रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ किया तो अपना नाम रिषभ शर्मा 28 वर्ष और आदित्य सिंह 19 वर्ष बताया। उनकी बैग को तलाशी लेने पर 21 किलो 400 ग्राम गांजा मिला। जिसकी कीमत करीब 2 लाख 14 हजार रुपए बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

एम्स में अब तक 21 किडनी ट्रांसप्लांट, 50 से अधिक आवेदन

महासमुंद, गरियाबंद, कांकेर और उड़ीसा के निकटवर्ती जिलों से सबसे अधिक रोगी, गर्मियों में अधिक से अधिक पानी के सेवन पर जोर

■ विश्व किडनी दिवस पर एम्स में कई कार्यक्रम, किडनी ट्रांसप्लांट के बाद भी सामान्य जीवन

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में अब तक 21 किडनी ट्रांसप्लांट हो चुके हैं जबकि 50 से अधिक रोगियों ने ट्रांसप्लांट के लिए आवेदन दिया हुआ है। विशेषज्ञों ने छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों और उड़ीसा के निकटवर्ती क्षेत्रों में बढ़ते किडनी रोगियों को चुनौतीपूर्ण बताते हुए विशेष समन्वित प्रयासों पर जोर दिया है। इसके साथ ही किडनी की समस्या से बचने के लिए गर्मियों में नियमित रूप से पानी का सेवन करने और समय पर जांच कराने का अनुरोध किया है। विश्व किडनी दिवस पर नेफ्रोलॉजी और यूरोलॉजी विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रमों में विशेषज्ञों ने महासमुंद, गरियाबंद, बालांगीर और उड़ीसा के निकटवर्ती क्षेत्रों में बढ़ते किडनी रोगियों की संख्या को चुनौतीपूर्ण बताते हुए विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों पर जोर दिया। विभागाध्यक्ष डॉ. विनय राठौर ने बताया कि एम्स में अब तक 21 किडनी ट्रांसप्लांट किए जा चुके हैं जिसमें 17 डोनर द्वारा दी गई जबकि 4 कैडेवर ट्रांसप्लांट हुए हैं।

उन्होंने बताया कि एम्स में प्रतिमाह 1500 किडनी रोगी आ रहे हैं जिनमें 200 नए रोगी होते हैं। इनमें से अधिकांश उक्त जिलों के हैं। उन्होंने बताया कि बढ़ती गर्मी में सामान्य व्यक्ति को नियमित रूप से 10 से 12 गिलास पानी पीना चाहिए जबकि किसान और मजदूरी का कार्य कर रहे लोगों को कम से कम तीन लीटर पानी पीना चाहिए। इसके साथ ही ब्लड प्रेशर और शुगर का भी नियमित चेकअप कराना चाहिए। इससे किडनी संबंधी रोगों का समय पर पता चल सकता है।

इस अवसर पर किडनी दानदाताओं और किडनी ट्रांसप्लांट करवाने रोगियों के बीच में क्रिकेट मैच हुआ। इसकी कप्तानी डॉ. राठौर और यूरोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. अमित शर्मा ने की। डॉ. राठौर की टीम ने जीत दर्ज की। मैच में किडनी दानदाताओं और किडनी प्राप्त करने वाले रोगियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर स्वयं के स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जीने का संदेश दिया। इसके अलावा सीएमई में दो कैडेवर रोगियों के परिजनों को सामाजिक सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। परिजनों का कहना था कि कैडेवर के माध्यम से भी देशसेवा का प्रकल्प पूरा किया जा सकता है।

कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (रिटा) ने अपने संदेश में यूरोलॉजी और नेफ्रोलॉजी के चिकित्सकों को संयुक्त रूप से 21 किडनी ट्रांसप्लांट कर रोगियों को नया जीवन प्रदान करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि अब तक आठ हजार से ज्यादा डायलिसिस हो चुके हैं। किडनी रोग संबंधी सभी उपचार सुविधाएं एम्स में निःशुल्क उपलब्ध हैं। रोगियों को समय पर जांच करवाकर अपना उपचार करवाना चाहिए।

एम्स में किडनी रोगियों के लिए प्रत्येक गुरुवार को पीडियाट्रिक नेफ्रोलॉजी, किडनी ट्रांसप्लांट और सीकेडी का विशेष क्लिनिक संचालित किया जा रहा है जिसमें रोगियों को विशेष उपचार प्रदान किया जाता है।

विश्व किडनी दिवस पर रामकृष्ण केयर अस्पताल ने लोगों को जागरूक किया

रायपुर/नवप्रदेश। किडनी मनुष्य के शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। प्रति वर्ष अनेकों लोग किडनी रोग के चलते अपनी जान गवां देते हैं, किडनी फेलियर के चलते किडनी प्रत्यारोपण की जरूरत दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। इस महत्वपूर्ण अंग के संदर्भ में हर वर्ष मार्च माह के दूसरे गुरूवार को विश्व किडनी दिवस मनाया जाता है, और कोशिश की जाती है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को किडनी रोग के संदर्भ में जागरूक किया जा सके।

रामकृष्ण केयर अस्पताल के डॉक्टर्स डॉ. अजय पाराशर, डॉ. संजीव अनंत काले, डॉ. प्रवाश कुमार चैधरी, डॉ. हर्ष जैन एवं डॉ. मलय रंजन सारंगी ने प्रेस वार्ता में बताया कि किडनी रोग के कुछ लक्षण होते हैं, जैसे शरीर में अधिक मात्रा में क्रेटनिन और यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ जाती है। बार- बार पेशाब करने की इच्छा होती है और बाथरूम के चक्कर लगाने पढ़ते हैं साथ ही यूरिन में रक्त नजर आता है, ऑखों के आस-पास सूजन होना भी किडनी रोग का लक्षण हो सकता है। कुछ खाने की इच्छा नहीं होती, भूख लगभग मर जाती है, साथ ही मसल्स में दर्द भी होता है।

डॉक्टरों ने बताया कि रामकृष्ण केयर अस्पताल में कैडेवर किडनी प्रत्यारोपण हुआ, यहां इक्यूब डायलिसिस सेंटर है जिसमें हर महीने 2500 से 3000 किडनी डायलिसिस किया जाता है।किडनी रोग से संबंधित नेफ्रो क्रिटिकल केयर आई.सी.यू. भी रामकृष्ण केयर में उपलब्ध है। पथरी का संपूर्ण ईलाज की सुविधा के साथ यूरो रोबोटिक सर्जरी व ऑन्कों रिनल साइंस भी उपलब्ध है।

अब तक 250 से अधिक किडनी प्रत्यारोपण रामकृष्ण केयरअस्पताल में किया जा चुका है। रामकृष्ण केयर अस्पताल के मेंडिकल व मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे जी 35 वर्षो से भी अधिक अनुभवी व कुशल सर्जन के रूप में प्रतिष्ठित है और उनके साथ अनेकों अनुभवी व कुशल डॉक्टरों की टीम उपलब्ध है।

रामकृष्ण केयर में किडनी/यूरो विभाग के प्रमुख डॉक्टर्स डॉ. अजय पाराशर, डॉ. संजीव अनंत काले, डॉ. प्रवाश कुमार चैधरी, डॉ. हर्ष जैन एवं डॉ. मलय रंजन सारंगी ने कहा कि वे सभी लोगों की सफल किडनी ट्रान्सप्लॉट करते रहेंगे व् कई परिवारों को खुशियॉ बांटते रहेंगे।

40 हजार रुपये की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। सागौन पेड़ों की बीमा करा अधिक लाभ लेने का प्रलोभन देकर गूगल पे के माध्यम से 40 हजार रूपये की ठगी कर ली। जानकारी होने पर पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सहायता केंद्र जटगा में अनिल कुमार यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि संजय कुमार साहू नामक व्यक्ति ने मोबाइल कर पूछा कि क्या आपने सागौन पेड़ों की कटाई करने के लिए आवेदन दिया है, तब अनिल के हां बोलने पर उसने कहा कि वह पेड़ों को देखने आ रहा है। इसके बाद संजय अपनी एक्सयूवी वाहन क्रमांक सीजी 12 बीके 0573 में अनिल के ग्राम बनखेता पहुंचा और सागौन पेड़ों को देखा। अनिल ने पुलिस को बताया कि पेड़ों को देखने के बाद संजय ने कहा कि तुमको पैसे की जरूरत होगी, तो हमारी कंपनी से लोन ले लो। 20 से 22 लाख रुपये कंपनी दे सकता है।

बाइक सवार तीन युवक नहर में गिरे, तीनों की हुई मौत

धमतरी/नवप्रदेश। जिले में बुधवार की रात सड़क हादसे में 3 युवकों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तीनों बाइक सवार युवक पुल से टकरा गए और नहर में जा गिरे। हादसा सिहावा थाना क्षेत्र के सांकरा से भोथली मार्ग के पास हुआ है।

बताया जा रहा है कि तीनों युवक पश्चिम बंगाल के निवासी हैं। परिजनों ने फोटो देखकर उनकी पहचान की है, लेकिन नामों की जानकारी अभी सामने नहीं आई है। परिजन आएंगे, तब पुलिस मामले की जांच आगे बढ़ाएगी। जानकारी के मुताबिक, ये युवक बिजली पोल फिटिंग का काम करते थे। भोथली गांव से राशन खरीदने के लिए तीनों युवक बाइक से सांकरा की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक पुल से टकरा कर नहर में जा गिरी। इस हादसे में तीनों युवक की मौत हो गई।

इधर, मामले की सूचना मिलते ही सिहावा टीआई उमांकात तिवारी टीम के साथ मौके पर

तेज रफ्तार ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम मूरा के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक लभराम साहू 35 वर्ष ग्राम मूरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक से रायपुर जा रहा था, तभी ग्राम मूरा के मेन रोड में ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 डीटी 7207 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे लभराम की मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

बैटरी वाहन में लगी आग, चालक बाल-बाल बचा

रायपुर/नवप्रदेश। गुरुवार की सुबह-सुबह रायपुर में बड़ी घटना घट गई। बताया जाता है कि चलती बैटरी गाड़ी में अचानक आग लग गई। एक शख्स रायपुर एयरपोर्ट से लौट रहा था। इस दौरान यह घटना घटी है। बैटरी गाड़ी में सवार शख्स ने बताया कि जलने की गंध आने पर उन्होंने बाइक रोका और आग भभक पड़ी। फिलहाल समय रहते शख्स ने सूझबूझ से अपनी जान बचा ली है। मौके से गुजर रहे लोगों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी है। बता दें कि पूरा मामला अमलीडीह-माना रोड की

करंट लगाकर हाथी की हत्या करने वाला युवक गिरफ्तार

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले के वन परिक्षेत्र वाड्रफनगर के ग्राम मेंढ़ारी में एक हाथी की मौत के मामले में वन विभाग को बड़ी कामयाबी मिली है। 11 केव्ही करंट लगाकर हाथी की हत्या करने वाले एक आरोपी को वन अमला ने पकड़ा है। हत्या में संलिप्त अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं, जिनकी पतासाजी की जा रही है। आरोपियों ने जंगली जानवरों के शिकार के उद्देश से विद्युत करेंट लगाया था। वाड्रफनगर क्षेत्र में लगभग 1 महीने से 34 हाथियों का दल विचरण कर रहे हैं। जिसमें से एक हाथी की 11 मार्च को करंट लगने से मौत हो गई थी। घटना की सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वहीं अधिकारियों की मौजूदगी में डॉक्टरों की टीम से हाथी के शव का पोस्टमार्टम किया और वहीं पर दफना दिया।

इस मामले में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया और पूछताछ के दौरान जो बात सामने आई उसमें कुछ आरोपी शामिल थे। उसमें से एक आरोपी जयसिंह उर्फखिरू निवासी ग्राम मेंढ़ारी को गिरफ्तार कर न्यायिक डिमांड पर भेजा गया है।

नोटिस के बाद नहीं हटाया अतिक्रमण, प्रशासन ने जेसीबी चलाकर खाली कराई शासकीय भूमि

खैरागढ़/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास निर्माण के बाद भी सरकारी जगह में बने घर को नही छोडने और लगातार सरकारी जगह को घेरने की शिकायत के बाद पालिका प्रशासन ने अवैध मकान पर बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण को खाली करने की कार्यवाही की । शहर के सोनेसरार वार्ड मे प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत होने के बाद निर्माण कार्य पूरा करने के बाद भी हितग्राही द्वारा सरकारी जगह पर बनाए गए पूराने मकान को गिराने की बजाय आसपास की शासकीय भूमि को बाऊंड्रीवाल बढ़ाकर लगातार कब्जा किया जा रहा था । इसके चलते बाकी लोगो को आवाजाही मे दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था । इसकी शिकायत भी नगरपालिका मे की गई थी । लेकिन काफी समय से संबंधित हितग्राही को नोटिस भेजने के बाद भी अतिक्रमण को नही हटाया जा रहा था । बुधवार को मौके पर दल बल के साथ पहुँची पालिका टीम ने पहले अतिक्रमण कारी को मकान खाली करने का अल्टीमेटम दिया । इसके बाद अवैध तरीके से बढ़ाकर बनाए गए कच्चे मकान को जेसीबी चलाकर तोडने की कार्यवाही शुरू की । इस दौरान हितग्राही द्वारा विरोध करने पर प्रशासनिक अधिकारियो ने समझाइश देते कार्यवाही की बात कही तब

राजिम मेला महोत्सव के बाद स्थल की साफ-सफाई युद्ध स्तर पर

कुंभ मेला स्थल में 2 कंपनियों के 43 सदस्य लगातार कर रहे सफाई

गरियाबंद /नवप्रदेश। कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर राजिम कुंभ कल्प मेला के आयोजन के उपरांत पर्यटन विभाग के समन्वय से राजिम के विभिन्न स्थलों का साथ - सफाई लगातार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राजिम कुंभ कल्प मेला का आयोजन माघ पूर्णिमा के अवसर पर 24 फरवरी से 08 मार्च 2024 तक किया गया था। इस दौरान भी राजिम सहित मेला स्थल पर प्रतिदिन साफ सफाई किया जा रहा था। देश - विदेश के लाखों की संख्या में दर्शनार्थी पहुंचे हुए थे। मेला समापन पश्चात मास इंडिया एजेंसी, क्लिन टेक के कुल 43 सफाई कर्मचारियों द्वारा राजीव लोचन मंदिर, कुलेश्वर महादेव मंदिर, कार्यक्रम स्थल, नदी सहित अन्य स्थलों की सफाई की जा रही है। मास इंडिया एजेंसी की 23 सदस्यों द्वारा सुबह 7 बजे से शाम साढ़े 6 बजे तक तथा क्लीन टेक कंपनी के 20 सदस्यों द्वारा सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक सफाई की जा रही है। सफाई कर्मचारियों द्वारा नदी में बनाए गए स्नान कुंड, श्रद्धालुओं के लिए आवागमन के लिए अस्थाई रूप से लगाए गए पत्थर, प्लास्टिक बोरे, बांस - बल्लियां को हटाने की कार्यवाही भी की जा रही है। इसका निरीक्षण लगातार अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है।